RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 54
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





टेस्ट मैचों में भी जलवा दिखाने की इच्छा

स्पोर्ट्स-12


# ठंड से ठिठुरा पूरा उत्तर भारत

## राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर, मध्य व पश्चिमोत्तर क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप

- अत्यधिक कोहरे से ट्रेनों की आवाजाही में देरी अगले पांच दिन नहीं मिलेगी ठिठुरन से राहत
- राजस्थान के चुरू और पिलानी में तापमान शून्य पर पहुंचा, दिल्ली में रात का पारा पांच दर्ज किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में बढ़ी ठंड के बाद आग जलाकर उसके पास बैठे लोग

**पूरा उत्तर** भारत इस समय कड़ाके की ठंड की चपेट में है। देश के मध्य, उत्तर और उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों में सोमवार को घने कोहरे की चादर छाई रही। दोपहर तक भी सूरज दिखाई नहीं दिया। शीतलहर ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिन तक राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि ठंडी उत्तरी हवाओं के कारण तापमान में तेजी से गिरावट आई है। उत्तर भारत में यह स्थिति अभी जारी रहेगी। राजस्थान के चुरू और राजस्थान में तापमान शून्य डिग्री पर पहुंच गया। हिसार, नारनौल और अलवर में यह दो डिग्री रहा।

दिल्ली के रिज क्षेत्र में तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री कम केवल 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह राष्ट्रीय राजधानी का इस सीजन में सबसे ठंडा इलाका रहा। रिज और आयानगर मौसम केंद्रों में सोमवार को न्यूनतम तापमान क्रमशः चार डिग्री सेल्सियस और 4.1 डिग्री सेल्सियस रहा। सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसे राजधानी का औसत तापमान भी माना जाता है। दिन का पारा सामान्य से छह डिग्री कम 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां सोमवार को अत्यधिक कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 50 मीटर रही। इस कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि 10 ट्रेन 1.45 से 3.30 घंटे तक की देरी से चल रही है। सीकर में तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाया रहा। हरियाणा के नारनौल 2.4 और हिसार 2.5 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य के सबसे ठंडे शहर रहे। पंजाब में बठिंडा सबसे ठंडा रहा, जहां 3.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। यहां अमृतसर में 6.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा, लुधियाना में 4, पठानकोट में 8.8, फरीदकोट में 6 और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ( शेष पेज 8 )

### अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर, 34 की मौत

**एजेंसी।** बुफालो (अमेरिका)

**अमेरिका** में बर्फीले तूफान से कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई जगहों पर बर्फबारी में लोगों के फंसे होने से मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से कई इलाकों में घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की बत्ती गुल हो गई। घरों एवं वाहनों पर बर्फ की मोटी परत बिछ गई है। तेज हवाओं की वजह से कई जगहों पर पेड़ गिर गए और बिजली की तारों को भी नुकसान पहुंचा है। तूफान की वजह से कनाडा के पास ग्रेट लेक्स से मैक्सिको की सीमा से लगे रियो ग्रांडे तक का इलाका प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, मौसम संबंधी सलाह या चेतावनी के दायरे में अमेरिका की करीब 60 प्रतिशत आबादी है और रॉकी माउंटेन के पूर्व से एपलाचियन तक तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर गया है। विमानों की आवाजाही पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, रविवार को करीब 1,707 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गईं। ( शेष पेज 8 )

#### जापान में बर्फबारी, 17 ने गंवाई जान

**टोक्यो।** जापान में भारी बर्फबारी के कारण 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से अधिक लोग घायल हो गए। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई है। दमकल एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, जापान में पिछले सप्ताह से उत्तरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो रही है, राजमार्गों पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं, जिससे सामान आपूर्ति में देरी हो रही है। एजेंसी के अनुसार, शनिवार तक अलग-अलग घटनाओं में 11 लोगों की मौत हो गई है। क्रिसमस सप्ताहांत में अधिक बर्फबारी से सोमवार सुबह तक मृतक संख्या बढ़कर 17 हो गई और घायलों की संख्या 93 है।

# विदेश से आने वालों की जांच शुरू हुई तो बढ़े कोरोना केस

- दिल्ली में 15, बेंगलुरु में 12, बिहार में पांच, बंगाल व पंजाब में दो-दो यात्री कोरोना पॉजिटिव मिले
- चीन समेत जोखिम वाले देशों से आने वाले लोगों की हवाई अड्डों पर ही दो दिन पहले शुरू हुई जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली हवाईअड्डे पर एक यात्री की कोरोना जांच के लिए नमूना लेता स्वास्थ्यकर्मी

**विदेश** से आने वाले यात्रियों की हवाई अड्डों पर ही औचक जांच शुरू होने से देश में कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चीन समेत कई देशों में कोविड की स्थिति गंभीर होने के चलते केंद्र सरकार ने दो दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर बाहर से आने वाले यात्रियों की जांच करने को कहा है। इसके अलावा, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच अनिवार्य करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली के आईजीआई हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह 10 बजे से रविवार शाम 7 बजे तक 455 यात्रियों की जांच की गई। उनमें से 15 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पश्चिम बंगाल में सोमवार तड़के एयर एशिया फ्लाइट द्वारा कुआलालंपुर से आए एक ब्रिटिश नागरिक को नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। म्यांमार के चार यात्री दिल्ली हवाई अड्डे पर जांच में पॉजिटिव मिले। पंजाब में दुबई से आए दो लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उच्च जोखिम वाले देशों से आने वाले 12 यात्रियों में कोरोना पाया गया। इसी तरह बिहार के बोधगया में पांच विदेशी नागरिक कोविड संक्रमित मिले हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, पांच मरीजों में से 3 इंग्लैंड और दो म्यांमार के हैं। उनमें से चार को बोधगया में उनके संबंधित होटलों में क्वारंटीन कर दिया गया है और पांचवीं मरीज महिला की रिपोर्ट दूसरी बार नकारात्मक आने के बाद दिल्ली चली गई। पांचों लोग बीते 20 दिसंबर को कालचक्र पूजा में भाग लेने के लिए थाईलैंड से बोधगया पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में बौद्धों के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा मुख्य अतिथि हैं। गया के सिविल सर्जन कमल किशोर राय ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि काल चक्र पूजा के लिए आए 32 विदेशी मेहमानों को खांसी और जुकाम की शिकायत है, तो जिला मजिस्ट्रेट त्यागराजन एसएम के निर्देश पर आरटी-पीसीआर जांच की गई। ( शेष पेज 8 )

## कर्नाटक में महाराष्ट्र के इलाकों को केंद्रशासित प्रदेश घोषित करे केंद्रः उद्धव

- पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा यह केवल भाषा और सीमा का नहीं, बल्कि मानवता का मामला है

**पायनियर समाचार सेवा।** नागपुर



**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को राज्य विधान परिषद में कहा कि केंद्र सरकार को कर्नाटक के कब्जे वाले महाराष्ट्र के क्षेत्रों को केंद्रशासित प्रदेश घोषित कर देना चाहिए। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद पर उच्च सदन में अपनी बात रखते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता ने कहा कि यह केवल भाषा और सीमा का नहीं, बल्कि मानवता का मामला है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में कई पीढ़ियों से मराठी भाषी लोग रह रहे हैं और उनकी जीवनशैली तथा भाषा मराठी है। ठाकरे ने कहा कि जब तक मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, कर्नाटक के कब्जे वाले महाराष्ट्र के क्षेत्रों को केंद्र सरकार को केंद्रशासित क्षेत्र घोषित कर देना चाहिए। उन्होंने इस मामले में राज्य सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री (एकनाथ शिंदे) ने इस मुद्दे पर एक भी शब्द कहा है। ठाकरे ने परोक्ष रूप से कर्नाटक सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मामला अदालत में है और इस पर यथास्थिति बनी हुई है, लेकिन माहौल कौन बिगाड़ रहा है? कर्नाटक विधानसभा ने इस रुख को दोहराया है कि सीमा का मुद्दा सुलझा हुआ है और एक इंच भी जमीन पड़ोसी राज्य को नहीं दी जाएगी। ठाकरे ने दोनों राज्यों के संरक्षकों के रूप में केंद्र सरकार की भूमिका पर सवाल खड़ा किया। ( शेष पेज 8 )

### मदर डेयरी ने दूध के दाम दो रुपए लीटर बढ़ाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुग्ध** विक्रेता मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर इलाके में बेचे जाने वाले अपने दूध के दाम दो रुपए प्रति लीटर बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की। नई कीमतें मंगलवार से लागू होंगी। मदर डेयरी ने इस साल पांचवीं बार दूध के दाम बढ़ाए हैं। इसके साथ ही इस साल इसके दूध के दाम नौ रुपए प्रति लीटर तक बढ़ चुके हैं। मदर डेयरी दिल्ली एवं आसपास के इलाकों में रोजाना 30 लाख लीटर से अधिक दूध की बिक्री करती है। मदर डेयरी ने कहा कि फुल क्रीम दूध का दाम अब 66 रुपए प्रति लीटर हो गया है जबकि टोंड दूध की संशोधित कीमत 53 रुपए प्रति लीटर होगी। वहीं डबल टोंड दूध के दाम दो रुपए बढ़कर 47 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। हालांकि, कंपनी ने गाय के दूध की थैली एवं टोकन से खरीदे जाने वाले दूध के दाम नहीं बढ़ाए हैं। इस बीच, अमूल ब्रांड के तहत दूध बेचने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक आरएस सोढ़ी ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने की संभावना से इनकार किया है।

## वीडियोकॉन के वेणुगोपाल धूत को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- आईसीआईसीआई बैंक ऋण मामलाः धूत, चंदा कोचर और दीपक कोचर को कोर्ट ने 28 तक सीबीआई हिरासत में भेजा

**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक ऋण मामले में वीडियोकॉन के संस्थापक वेणुगोपाल धूत को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने मुंबई में सुबह धूत (71) से थोड़ी देर पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। इससे कुछ घंटे पहले ही आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को विशेष अदालत में उनकी हिरासत संबंधी सुनवाई के लिए पेश किया था। अदालत ने चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर तथा वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत को 28 दिसंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई इन तीनों और अन्य संदिग्धों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने पर विचार कर रही है। कोचर दंपति की तीन दिन की हिरासत सोमवार को समाप्त हो रही थी। सीबीआई ने चंदा कोचर और उनके पति दीपक को जांच में सहयोग नहीं करने और स्पष्ट जवाब न देने के आरोप में हिरासत में ले लिया था। चंदा कोचर ने अपने पति और धूत के बीच किसी भी तरह के आर्थिक लेन-देन की जानकारी होने से इनकार किया, जिसका एजेंसी ने 24 दिसंबर को मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान दावा किया था।

### कोविड पर केवल सत्यापित सूचना ही साझा करेंः मांडविया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को भ्रामक सूचना को रोकने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कोविड-19 को लेकर केवल सत्यापित और प्रामाणिक सूचनाएं ही साझा की जाएं। उन्होंने चिकित्सकों से अपील की कि वे जनता को बीमारी और उसकी रोकथाम तथा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दें। करीब 100 चिकित्सकों और देशभर के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों से डिजिटल माध्यम से संवाद करते हुए मांडविया ने कहा कि सतर्क रहना और मास्क पहनने सहित कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन जहां जरूरी है, वहीं, भ्रामक सूचना के प्रसार को रोकना भी उतना ही अहम है। उन्होंने कहा कि बीमारी को लेकर केवल सत्यापित और प्रामाणिक सूचना ही साझा करें। उन्होंने कहा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कोविड-19 की रोकथाम एवं प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को लेकर सूचना साझा कर रहा है।

## सीबीआई ने लालू के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला खोला

- राजद नेता किडनी प्रत्यारोपण के बाद सिंगापुर में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**सीबीआई** ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला फिर खोल दिया है। एजेंसी ने रेलवे परियोजनाओं के आवंटन में गड़बड़ी के आरोपों की 2018 में जांच शुरू की थी, जिसे पिछले साल बंद कर दिया गया था। लालू प्रसाद यादव सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण के बाद स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जदयू के भाजपा से अलग हो राष्ट्रीय जनता दल के साथ सरकार बनाने के कुछ महीने बाद सीबीआई ने केस खोला है। वर्ष 2018 में सीबीआई ने रेलवे की परियोजनाओं के आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच शुरू की थी। ये मामले तब के थे जब यूपीए की सरकार में यादव के पास रेल मंत्रालय था। सूत्रों के मुताबिक मई 2021 में जांच बंद कर दी गई थी क्योंकि लगाए गए आरोपो में से कोई मामला सामने नहीं आया था। इस मामले में संदिग्धों में यादव के अलावा उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और बेटियां चंदा यादव तथा रागिनी यादव का नाम शामिल था। आरोप था कि रियल एस्टेट ग्रुप डीएलएफ ने बतौर घूस यादव को दक्षिण दिल्ली में संपत्ति दी थी। कंपनी की मुंबई के बांद्रा रेल भूमि लीज परियोजना तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनरोद्धार योजना में दिलचस्पी थी। वहीं बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन ने लालू के खिलाफ फिर से भ्रष्टाचार का मामला खोले जाने की खबरों पर आक्रोश जताया। बहार के पूर्व मंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता विजय प्रकाश ने उच्चतम न्यायालय की पिंजरे में तोते वाली टिप्पणी को याद किया जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सत्ता में थी, जिसमें केंद्र में सरकार द्वारा एजेंसी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,566 | ↑ 721 | |
| निफ्टी | 18,015 | ↑ 208 | |
| सोना | 54,620 | ↑ 46 | /10g |
| चांदी | 69,017 | ↓ 16 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### वित्त मंत्री सीतारमण एम्स में भर्ती हुईं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सोमवार को वायरल बुखार के लक्षणों के साथ यहां एम्स में भर्ती कराया गया और उनके स्वास्थ्य में सुधार है। सूत्रों ने बताया कि सीतारमण (63) को अस्पताल के एक निजी वार्ड में भर्ती कराया गया है।

#### छत्तीसगढ़ में आरक्षण को लेकर छिड़ा घमासान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित आरक्षण विधेयकों को राज्यपाल से अभी तक मंजूरी नही मिलने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सत्ताधारी दल तीन जनवरी को रैली आयोजित करेगा। बघेल ने इस दौरान राज्यपाल पर भी निशाना साधा और कहा कि वह विधेयकों को मंजूरी देने की प्रक्रिया को टालने का बहाना ढूंढ रही है।




नई दिल्ली में सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी सदैव अटल स्मारक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए। इसके अलावा, राहुल ने महात्मा गांधी की समाधि राजघाट, पं. जवाहर लाल नेहरू की समाधि शांतिवन, इंदिरा गांधी की समाधि शक्ति स्थल, राजीव गांधी की समाधि वीरभूमि एवं चौधरी चरण सिंह की समाधि किसान घाट पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। फोटोः रंजन डिमरी

# अतीत के संकुचित नजरिए से आजाद होना जरूरीः मोदी

- सफलता के शिखर पर जाने का यही है रास्ता, प्रधानमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत की याद में पहले वीर बाल दिवस के अवसर पर समारोह को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में वीर बाल दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि दुर्भाग्य से, इतिहास के नाम पर देशवासियों को गढ़े हुए विमर्श पढ़ाए जाते रहे ताकि लोगों के भीतर हीन भावना पैदा हो। उन्होंने कहा कि भारत को अगर सफलता के शिखर पर ले जाना है तो उसे अतीत के संकुचित नजरिए से आजाद होना होगा। प्रधानमंत्री मोदी सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत की याद में पहले वीर बाल दिवस के मौके पर पर यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन अपने अतीत का जश्न मनाने और लोगों को भविष्य के लिए प्रेरित करने का अवसर है। साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, एक ओर आतंक की पराकाष्ठा तो दूसरी ओर अध्यात्म का शीर्षउ एक ओर मजहबी उन्माद, तो दूसरी ओर सबमें ईश्वर देखने वाली उदारताउ और इस सबके बीच, एक ओर लाखों की फौज, और दूसरी ओर अकेले होकर भी निडर खड़े गुरु के वीर साहिबजादेउ ये वीर साहिबजादे किसी धमकी से डरे नहीं, किसी के सामने झुके नहीं। उन्होंने कहा कि औरंगजेब और उसके लोग गुरु गोविंद सिंह के बच्चों का धर्म तलवार के दम पर बदलना चाहते थे और उन्होंने भारत को बदलने के मंसूबे पाल रखे थे तथा गुरु गोविंद सिंह इस आतंक के खिलाफ पहाड़ की तरह खड़े थे।उन्होंने कहा, जिस समाज व राष्ट्र की नई पीढ़ी जोर-जुल्म के आगे घुटने टेक देती है, उसका आत्मविश्वास और भविष्य अपने आप मर जाता है। लेकिन, भारत के वो बेटे मौत से भी नहीं घबराए। वो दीवार में जिंदा चुन गए, लेकिन उन्होंने उन आतताई मंसूबों को हमेशा के लिए दफन कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके त्याग और उनकी इतनी बड़ी शौर्यगाथा को इतिहास में भुला दिया गया। उन्होंने कहा कि लेकिन अब नया भारत दशकों पहले हुई एक पुरानी भूल को सुधार रहा है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हमें इतिहास के नाम पर वह गढ़े हुए विमर्श बताए और पढ़ाए जाते रहे, जिनसे हमारे भीतर हीन भावना पैदा हो। ( शेष पेज 8 )

# चीन समेत 6 देशों से आकर होटल में रुकने वालों की देनी होगी जानकारी

● कोरोना को लेकर प्रशासन अलर्ट, स्वाथ्य विभाग ने जारी किया मोबाइल नंबर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




कोरोना से बचाव के लिए अब चीन समेत छह देशों से आकर गाजियाबाद के होटलों में रुकने वाले लोगों की जानकारी होटल मैनेजर को स्वास्थ्य विभाग को मोबाइल 8090002018 पर देनी अनिवार्य होगी।

जिला सर्विलांस अधिकारी डा आरके गुप्ता ने बताया कि जापान, साउथ कोरिया, यूएसए, ब्राजील, फ्रांस और चीन से यात्रा कर गाजियाबाद आने वाले लोगों पर विशेष नजर रखी जाएगी। क्योंकि इन देशों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, इन देशों से यात्रा कर गाजियाबाद आने वालों में भी संक्रमण के लक्षण हो सकते हैं। इस वजह से उनके स्वास्थ्य की जांच होनी आवश्यक है। सभी होटल मैनेजर को इस संबंध में निर्देशित किया जा चुका है कि वह होटल में ठहरे ऐसे व्यक्तियों की सूचना आवश्यक रूप से दें, इसमें लापरवाही न करें। जिससे कि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

चीन समेत कई देशों में कोरोना संक्रमण बढ़ने के मामले के बीच जिले में संक्रमण की चपेट में आने से लोगों को बचाने की तैयारी तेज हो गई है। पिछले 24 घंटे में जिले में एक भी सक्रिय केस नहीं आया है।

रविवार को कुल 597 लोगों ने कोरोनारोधी टीका लगवाया। इनमें से 515 लोगों को सतर्कता डोज लगवाई। लोगों से अपील की जा रही है कि वह घर से बाहर निकलें तो मास्क अवश्य पहनें। जिला सर्विलांस अधिकारी डा आर के गुप्ता ने सभी पीएचसी और सीएचसी प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि कोरोना रोकथाम की पूरी तैयारी कर ली जाये। कोरोना संदिग्ध मरीजों की जांच और निगरानी बढ़ा दी जाये।

उन्होंने निर्देश दिये हैं कि स्कूल, अस्पताल, उद्योग और बाजारों में मास्क लगाकर ही लोग पहुंचे। शारीरिक दूरी का अनुपालन करें। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में 27 दिसंबर को कोरोना रोकथाम को लेकर की गईं तैयारियों का माकड्रिल होगा। संयुक्त अस्पताल, संतोष अस्पताल और सभी सीएचसी व पीएचसी पर डमी संक्रमित को भर्ती करते हुए इलाज का माकड्रिल होगा।

आक्सीजन प्लांट के संचालन और पीकू वार्ड का भी पता लगाया जाएगा। इंतजामों को परखने के लिए माकड्रिल के नोडल अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## सड़क हादसे में जोमैटो कंपनी के कर्मचारी की मौत

नोएडा। जनपद के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के परथला गोल चक्कर के निकट जोमैटो कंपनी में डिलीवरी का काम करने वाले व्यक्ति की बीती रात सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद प्रजापति ने बताया कि परविंदर (27) जोमैटो कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम करता था। उन्होंने बताया कि बीती रात बाइक सवार परविंदर को परथला गोल चक्कर के पास एक टोयटा कोरोला कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि कार पर जिला जज लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार को कब्जे में ले लिया है तथा चालक की तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि कार इलाहाबाद जनपद में पंजीकृत है।

प्रजापति ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना के समय कार कौन चला रहा था तथा कार किसकी है।

## संक्षिप्त समाचार



अरबैनिक ने लक्ष्यम एनजीओ के साथा बच्चों संग क्रिसमस कार्निवल मनाया

### कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-113 कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए डिलीवरी बॉय को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार को कब्जे में लिया। वहीं, आरोपित चालक और उसके दो अन्य साथी फरार बताए जा रहे हैं। वाहन पर जिला जज लिखा हुआ है। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** जनपद के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के जलपुरा गांव में रहने वाली एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की कोशिश के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि जलपुरा गांव में रहने वाली 11 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ योगेंद्र (43) नाम के शख्स ने बीती रात अश्लील हरकत की। उन्होंने बताया की आरोपी लड़की के घर पहले से आता-जाता था और कल भी वह उसके घर गया था। उन्होंने बताया कि योगेंद्र के अश्लील हरकत करने पर बच्ची चिल्लाने लगी। इस पर उसके परिजन मौके पर आ गए तथा उन्होंने आरोपी की पिटाई के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे हिरासत में भेज दिया गया।

### पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर ठगे 1.25 लाख

**नोएडा।** नोएडा निवासी एक युवक को पार्ट टाइम नौकरी देने का कथित झांसा देकर साइबर ठगों ने उससे 1.25 लाख रुपए ठग लिए। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि सेक्टर 36 में रहने वाले सौरव बार्ष्णेय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक युवती ने उसे व्हाट्सऐप पर संदेश भेज कर पार्ट टाइम नौकरी देने की पेशकश की और कहा कि वह एक घंटे काम करके अतिरिक्त धन कमा सकता है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सौरव को टेलीग्राम चैनल पर स्टूडियो मोजेक ग्रुप जेजे मे जोड़ लिया और उसे इंस्टाग्राम के पोस्ट देकर लाइक करने का काम दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी निवेश के नाम पर अतिरिक्त लाभ का झांसा देकर उससे अलग-अलग खातों में पैसे जमा कराने लगे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने इस तरह उससे 1.25 लाख रुपए ठग लिए। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गौतम बुद्ध नगर में दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चला रही है। तस्करी करने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने 2 शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्करों के कब्जे से अवैध गांजा, नगदी और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है थाना कासना पुलिस ने 2 गांजा तस्कर गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने इस दौरान अलीगढ़ निवासी सलमान और दरभंगा बिहार निवासी मोहम्मद तनवीर को चेकिंग के दौरान घरबरा रोड पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन दोनों के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा व गांजे की बिक्री से प्राप्त 1200 रुपये और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है।

# ओवरलोड कॉमर्शियल वाहन से लेने थे पैसे दबंगों ने बिना रुपये दिए वाहन गुजारा

● टोल संचालक ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत, सीसीटीवी खंगाले जा रहे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर के एनएच-91 पर दादरी थाना क्षेत्र के लुहारली गांव के पास स्थित टोल प्लाजा पर एक बार फिर दबंगई का मामला सामने आया है। टोल पर उपस्थित कर्मचारियों को डराया और धमकाया गया। जबरन ओवरलोड कॉमर्शियल वाहनों को टोल फ्री करा दिया गया। टोल प्रबंधन ने पुलिस को मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे.91 पर लुहारली गांव के पास स्थित टोल प्लाजा पर बीती रविवार को एक कॉमर्शियल वाहन पहुंचा। जांच में वाहन ओवरलोड था। ओवरलोडिंग के कारण गाड़ी को 3300 रुपये का जुर्माना जमा करना था। मौके पर उपस्थित कर्मचारियों ने वाहन चालक से जुर्माना जमा करने के लिए कहा। वाहन चालक किसी से फोन पर बात करने लगा और टोल पर आने के लिए कहा। टोल प्रबंधक रजनीकांत द्विवेदी के अनुसार, कुछ ही देर में लुहारली निवासी अनुज नागर वहां पहुंचा। उसने टोल प्रबंधन और कर्मचारियों ने अभद्रता की। टोल कर्मचारियों को धमकाते और डराते हुए वाहनों की लेन में जाकर बूम बैरियर हटा दिया।

इशारा पाकर गाड़ी चालक मौका पाकर बिना टोल और ओवरलोडिंग जुर्माना जमा अदा किए बिना वहां ने निकल गया। टोल प्रबंधक की तरफ से पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि जिस ओवरलोड वाहन को टोल पर रोका गया था, वह किसी मनोज झा के नाम पर रजिस्टर्ड है। टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों से पता चलता है कि यह वाहन पूर्व में भी बिना ओवरलोड जुर्माना और टोल टैक्स चुकाए टोल प्लाजा से गुजारती रही है। टोल प्रबंधक के अनुसार, यह गाड़ी गाजियाबाद की ट्रांसपोर्ट कम्पनी की है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या

**गाजियाबाद।** शिवम विहार कालोनी के निकट होटल रॉयल रेजिडेंसी में महिला का शव कमरे में मिला है। छानबीन में सामने आया है कि बागपत निवासी महिला मोदीनगर के रहने वाले गौरव के साथ रात में होटल में आई थी।

इस मामले को लेकर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस को शुरुआती जांच के अनुसार प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा है। होटल के कर्मचारियों ने बताया कि गौरव सुबह ही कमरे की बाहर से कुंडी बंद कर चला गया था। दोपहर तक भी जब वहां कोई नहीं आया तो उन्होंने कमरे की कुंडी खट.खटाई। इसके बाद देर तक भी कोई बाहर नहीं आया तो कमरा खोल कर देखा गया। इस दौरान महिला मृत हालत में पड़ी थी।

# रेरा पूरा करेगा एलिगेंट परियोजना

● 211 बायर्स को अगले 1 साल में मिलेगा कब्जा, 2026 तक पूरा होगा तीसरा फेज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की एलिगेंट स्प्लेंडोर बंद पड़ी योजना को पूरा करने की जिम्मेदारी यूपी रेरा ने ली है। इसके लिए 50 प्रतिशत बायर्स ने सहमति दी है। इनका निर्माण और पजेशन 2026 तक दिया जाएगा।

एलिगेंट स्प्लेंडोर परियोजना के दो फेज, फेज-1 में टावर ई, एफ और जी मिलाकर 3 टावर है। फेज-3 में टावर ए, बी, सी, डी और एच मिलाकर 5 टावर का निर्माण होना है। इससे 211 बासर्य को उनका घर मिलेगा। यूपी रेरा ने बताया कि एलिगेंट स्प्लेंडोर फेज-1 व एलिगेंट स्प्लेंडोर फेज-3 एक ही परियोजना, एलिगेंट स्प्लेंडोर, के दो फेज चरण है जो जीएच-5 सी, टेक्जोन-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में है। परियोजना के प्रोमोटर मेसर्स एलिगेंट इंफ्राकॉन प्रालि द्वारा परियोजना के दोनों फेज को 23 अगस्त 2017 में उप्र रेरा में पंजीकृत कराया गया। लेकिन वैध पंजीकरण अवधि के दौरान परियोजना का निर्माण पूर्ण नहीं किया जा सका। फेज-1 का रजिस्ट्रेशन 3 सितंबर 2019 व फेज-3 का पंजीयन 29 अगस्त 2022 को समाप्त हो गया।

परियोजना के प्रोमोटर और आवंटियों के संगठन, एलिगेंट स्प्लेंडोर फ्लैट बायर्स वेलफेयर एसोसिएशन, दोनों ने उप्र रेरा से इस मामले में हस्तक्षेप करने और परियोजना के शेष विकास कार्यों को अपनी निगरानी में समय से पूरा कराने के लिए अनुरोध किया था।

# गाजियाबाद में कोहरे से 9 एक्सप्रेस ट्रेनें लेट



**गाजियाबाद।** पिछले तीन दिन से ठंड का सितम जारी है। सुबह से दोपहर तक आसमान में घना कोहरा छाया हुआ है। गाजियाबाद-नोएडा में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

बर्फीली हवाएं 9 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चल रही हैं। कोहरे का असर सामान्य जनजीवन के साथ ट्रेन और बसों पर पड़ रहा है। गाजियाबाद जंक्शन पर आज 9 एक्सप्रेस ट्रेनें कई घंटे लेट हुई हैं। इस वजह से हजारों यात्री रात से परेशान हैं। जबलपुर.निजामुद्दीन एक्सप्रेस 3 घंटा, मुजफ्फरपुर, नई दिल्ली क्रांति एक्सप्रेस ढाई घंटा, प्रतापगढ़. दिल्ली पदमावत एक्सप्रेस तीन घंटा, दरभंगा.नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन सवा 2 घंटा देरी से हैं।

इसके अलावा बनारस.नई दिल्ली एक्सप्रेस, अयोध्या कैंट.नई दिल्ली एक्सप्रेस, लखनऊ.नई दिल्ली एक्सप्रेस 2 घंटे की देरी से चल रही हैं। लखनऊ.नई दिल्ली मेल जो अपने समय के लिए पाबंद मानी जाती है, वो भी पौने 2 घंटे की देरी से चल रही है। लखनऊ से दिल्ली आने-जाने वाले तमाम अधिकारी, नेता अराइवल टाइम बेस्ट होने की वजह से इसी ट्रेन में सफर करना ज्यादातर पसंद करते हैं।

**SRF LIMITED**

Regd. Office: The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
Corporate Office: Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | H 0002552 | MR AHMED DAWAWALA | 5922-3 | 1459001 | 1459100 | 100 |
| | | HALIMABAI JANMOHAMED (DECEASED SHAREHOLDER) | 8034 | 1519326 | 1519375 | 50 |
| | | | 27629 | 2083126 | 2083175 | 50 |
| | | | 32637-8 | 2226376 | 2226475 | 100 |
| 2 | SRF0126567 | SHAGUN JAIN | 590499 | 1237756 | 1237795 | 40 |
| | | KAMLESH JAIN (DECEASED SHAREHOLDER) | 590499-500 | 3435375 | 3435391 | 17 |
| | | | 590500 | 5445790 | 5445817 | 28 |
| 3 | M0000142 | MOTI RAM VISA | 130520 | 5445076 | 5445118 | 43 |
| | | | 976073 | 18574613 | 18574699 | 87 |
| 4 | S 0001746 | SAVITRIBAI GORDHANDAS THAKKAR | 338886 | 16498365 | 16498369 | 5 |
| | | | 90038215 | 7531130 | 7531169 | 40 |
| 5 | S 0001657 | SILLLOO MINOO MARFATIA (CLAIMANT) | 143859 | 5796308 | 5796325 | 18 |
| | | SORAB SHAVAKSHAW WADIA (DECEASED SHAREHOLDER) | 976843 | 18598910 | 18598945 | 36 |
| | | | 90038197-8 | 7530510 | 7530589 | 80 |
| | | | 90172852-3 | 13033680 | 13033754 | 75 |
| 6 | SRF0146482 | PUJA SHARMA | 39082 | 2401176 | 2401200 | 25 |
| | | SANDEEP SHARMA (JT. HOLDER 1) | 39131 | 2402401 | 2402425 | 25 |
| | | | 39159-60 | 2403101 | 2403150 | 50 |
| | | | 68902 | 3445005 | 3445024 | 20 |
| | | | 393260 | 17485058 | 17485107 | 50 |
| | | | 534991 | 25337867 | 25337916 | 50 |
| | | | 777015-9 | 48027848 | 48028097 | 250 |
| | | | 90208285 | 15636675 | 15636704 | 30 |
| 7 | S 0008504 | SUDERSHAN MALIK | 1115 | 1153361 | 1153410 | 50 |
| | | | 3938 | 1249576 | 1249625 | 50 |
| | | | 20672 | 1882701 | 1882725 | 25 |
| | | | 20712 | 1883701 | 1883725 | 25 |
| | | | 21074 | 1893876 | 1893900 | 25 |
| | | | 22632 | 1937776 | 1937800 | 25 |
| | | | 47337 | 2629426 | 2629450 | 25 |
| | | | 48808 | 2670001 | 2670025 | 25 |
| | | | 50456 | 2715651 | 2715675 | 25 |
| | | | 51076 | 2732426 | 2732450 | 25 |
| | | | 81521-2 | 3638493 | 3638592 | 100 |
| | | | 147073-6 | 5859168 | 5859367 | 200 |
| 8 | SRF0127125 | SUPRIYA GUPTA (CLAIMANT) | 601482-4 | 42681329 | 42681369 | 41 |
| | | KUL BHUSHAN BASIL (DECEASED SHAREHOLDER) | | | | |
| 9 | D 0003163 | SHREYA KAPOOR (CLAIMANT) | 309944-7 | 15899658 | 15899760 | 103 |
| | | DEEPAK CHOWDHRY (DECEASED SHAREHOLDER) | 458944-7 | 23919450 | 23919552 | 103 |
| | | | 90017658-9 | 6382434 | 6382493 | 60 |
| | | | 90156078 | 10620930 | 10620949 | 20 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 26-12-2022

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of IDFC First Bank Ltd. that Mrs. Ghazla Khan is the owner of Residential Flat No.601 on 6th Floor without roof rights, admeasuring 90 Sq. Mtr, in Panchmarhi Tower, Situated at residential colony Kaushambi Ghaziabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad, UP "the said property" by virtue of Mutation Letter dated 27.07.2022 issued by GDA, after demise of Mr. Shahid Khan, All persons are hereby informed that Mrs. Ghazla Khan want to sell the said property to Mr. Pankaj Gurmukhani who is taking Loan for purchase the said property from IDFC First Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner in respect of the said Property, its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे मुवकिल श्री आजाद सिंह पुत्र श्री हुकुम सिंह निवासी बी- 11, मसूदपुर, वसंत कुन्ज, नई दिल्ली - 110070 ने अपने बेटे व बहु भवनेश मालिक व् कोनिका को उनके गलत आचरण एवं गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सारे पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर लिए है भविष्य में कोई भी व्यक्ति इनसे किसी भी प्रकार का लेन देन आदि करता है तो इसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेवार होगा मेरे मुवकिल की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-
श्री राकेश कुमार शर्मा
(अधिवक्ता)

**ICICI Bank**

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि महेन्द्र कुमार/सरिता देवी (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00004307026 तथा पता यूनिट नंबर 614, द्वितीय तल, सेकंड पार्क व्यू, गौड़ यमुना सिटी, (पाकेट-3), मिर्जापुर साइट (एलएफडी-3), सेक्टर-19, जेपी स्पोर्ट्स सिटी ईस्ट, यीडा, जीबी नगर, नोएडा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 19 दिसम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि गौड़सन्स रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 27 दिसम्बर, 2022 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

**ICICI Bank** — **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिष्णुप्रिया रॉय चौधरी/ दीपाकर रॉय चौधरी/ LBDEL00001974839 | फ्लैट नंबर- सैट 7-918, 9वीं मंज़िल, ब्लॉक- सैट 7, ब्लॉसम जेस्ट, प्लॉट नंबर- जीएच 02, टाइप सी, सेक्टर- 143, नोएडा- 201301/ दिसंबर 21, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 5,97,661/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | शालिनी चौधरी/ राहुल चौधरी/ LBGUR00002129173 | फ्लैट नंबर- 6122, 12वीं मंज़िल, टाइप- ए, टॉवर- 6, एटीएस ट्रायंफ, सेक्टर- 104 गुड़गाँव, हरियाणा/ दिसंबर 21, 2022 | जून 19, 2021 रु. 2,20,56,150/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | ललित कुमार अग्रवाल/ अनीता अग्रवाल/ LBDEL00002146529 | अपार्टमेंट नंबर- 4202, 20वीं मंज़िल, टाइप बी, टॉवर- 4, एटीएस ट्राइंफ, सेक्टर- 104, गुड़गांव/ दिसंबर 21, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 1,50,93,393/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | देवेश कुमार सिंह/ कंचन सिंह/ LBGHZ00002958630 | फ्लैट नंबर- 313, तीसरी मंज़िल, टॉवर- 4 एसोटेक बिजनेस क्रेस्टर, प्लॉट नंबर- 22, सेक्टर- 135, एक्सप्रेस वे, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर/ दिसंबर 22, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 14,18,533/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | रितेश भाटिया/ रिजू भाटिया/ LBDEL00002105477 | फ्लैट नंबर- 7071, 7वीं मंज़िल, टॉवर 7 वाँ, एटीएस ट्रायंफ, सेक्टर 104, हरियाणा, गुड़गाँव/ दिसंबर 21, 2022 | अक्टूबर 14, 2022 रु. 2,30,29,254/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 27, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# बकायेदार बिल्डरों को राहत देने की तैयारी

● 9 हजार करोड़ जमा करने के लिए रीशेड्यूलमेंट पॉलिसी पर विचार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 56 बिल्डरों को करीब 9 हजार करोड़ रुपए प्राधिकरण को देना है। बिल्डरों ने सुप्रीम कोर्ट में इस आदेश पर पुर्नविचार करने की याचिका दायर की है। मामले में 19 जनवरी को सुनवाई है। ऐसे में प्राधिकरण भी बिल्डरों के लिए रीशेड्यूलमेंट स्कीम लेकर आया है। इस पॉलिसी के तहत एक जनवरी से 31 मार्च 2023 तक बिल्डर आवेदन कर सकते हैं। जो आवेदन करेगा उसे तीन 3 प्रतिशत दंड ब्याज में दो साल तक छूट मिलेगी।

इससे बिल्डरों पर बकाए का भार कम होगा यह प्रस्ताव 28 दिसंबर को होने वाली नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस पॉलिसी में पहली बार लीज रेंट जोड़कर बकाए की गणना की जाएगी। अभी तक सिर्फ बकाया किश्तों को लेकर पैसा जमा कराने को रीशेड्यूलमेंट पॉलिसी लाई जाती थी।

अब एक साथ बकाया जुड़ जाने से बिल्डर को काफी राहत मिल जाएगी। अभी तक साधारण ब्याज करीब 9 प्रतिशत के अलावा 3 प्रतिशत मिलाकर 12 प्रतिशत पैनल ब्याज के बाद तीन प्रतिशत और दंडात्मक ब्याज लगता है। अब सिर्फ 12 प्रतिशत ब्याज के आधार पर बिल्डरों को बकाया देने का मौका मिलेगा। इस पालिसी में हिस्सा में नहीं लेने वाले और प्राधिकरण को बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों के खिलाफ आरसी के तहत कार्यवाही की जाएगी। यानी वसूली भू राजस्व विभाग के नियमों के तहत की जाएगी। इसमें बिल्डर की संपत्ति जब्त की जाएगी। उनको नीलाम कर बकाया वसूला जाएगा। बिल्डरों पर शिकंजा कसने के लिए प्राधिकरण एक और प्रस्ताव रखेगा।

इसके तहत बिल्डरों को अब अधिकतम 13 साल में परियोजना पूरी करनी होगी, इसके बाद जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। इसमें सात साल तक बिना किसी जुर्माने के परियोजना पूरी की जा सकती है। इसके बाद हर साल के हिसाब से जुर्माना देना होगा। अभी तक परियोजना पूरी करने के लिए बिल्डरों को अधिकतम 17 साल का समय देने का प्रावधान है जिसमें शुरुआत के सात साल बिना किसी जुर्माने के थे।

# ओलम्पिक में खेलने का सपना: उर्वशी

● बोली-एशिया महिला वर्ल्ड चैम्पियन को नहीं मिल रहा सरकार से सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




सोमवार को नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में उर्वशी सिंह ने कहा कि मैं देश के लिए खेल रही हूँ और आगे भी खेलती रहूंगी, ओलम्पिक में खेलना मेरा सपना है लेकिन सरकार की तरफसे अभी तक मुझे कोई सहयोग नहीं मिला है। उर्वशी सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री महिलाओं और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं, मुझे भी प्रधान मंत्री मोदी से ढेर सारी उम्मीदें हैं और मैं आशा करती हूँ प्रधानमंत्री मुझे ओलमिक में भेजने में सहायता अवश्य करेंगें। मैं पैसे के लिए नहीं अपने देश के लिए खेलना चाहती हूँ।

कॉलेज ऑफफिजिकल एजुकेशन नोएडा से कॉलेज चैम्पियनशिप में खेलते हुए उर्वशी ने पहली बार स्वर्ण पदक हासिल करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। उर्वशी लगातार अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रही थीं और नित नए आयाम को हासिल कर रही थीं।

इसी दौरान टीम रोशन स्पोर्ट्स और डीजे एमसी बॉक्सिंग का सहयोग मिला, जिन्होंने उर्वशी सिंह के अंदर छुपी प्रतिभा को पहचाना और उनकी बॉक्सिंग को निखारने का काम किया। उसके बाद उर्वशी सिंह ने मुड़ कर पीछे नहीं देखा। मार्च 2022 प्रथम मिडिल ईस्ट एशिया महिला वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीत कर भारत के तिरंगे का मान बढ़ाया और देश का नाम रौशन किया। नवंबर 2022 में कोलंबिया में आयोजित डब्लू बीसी वेंटम वेट्स टाइटल्स और डब्लू बीसी एशिया सिल्वर क्राउन को भी अपने नाम किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। पत्रव्यवहार ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कोविड : दवाओं-उपकरणों के लिए जारी किए 104 करोड़

## सरकार ने बेड, वेंटिलेटर, आईसीयू, स्टाफ, ऑक्सीजन और मेडिकल लॉजिस्टिक्स की जानकारी मांगी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट बीएफ-7 से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने कमर कस ली है। कोरोना की तैयारियों को पुख्ता करने और जरूरतों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने अस्पतालों को जरूरी दवाओं के भंडारन के लिए 104 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को स्वास्थ्य निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों समेत दिल्ली सरकार के विभिन्न हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में अधिकारियों और अस्पताल प्रमुखों से अस्पतालों में सामान्य बेड, कोरोना बेड, वेंटिलेटर्स की मौजूदा संख्या और जरूरत पड़ने पर उन्हें बढ़ाने, अस्पतालों में डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती, अस्पतालों की ऑक्सीजन आपूर्ति व स्टॉक, आवश्यक दवाइयों के स्टॉक इत्यादि की समीक्षा की।

सिसोदिया ने कहा कि आवंटित राशि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत किए है कि सरकारी अस्पतालों में किसी भी दवा की कमी न हो और वे किसी भी आपात स्थिति के लिए पहले से तैयार रहे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि चीन, जापान, अमेरिका समेत अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने भी युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। इसको लेकर सोमवार को स्वास्थ्य निदेशालय के

### अस्पतालों में इस समय 8,000 कोविड बेड्स उपलब्ध

अस्पतालों में इस समय 8,000 कोविड बेड्स उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर 36 हजार की जा सकती है। 928 मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन भंडारण की क्षमता के साथ रिजर्व में 6000 ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध हैं। रोजाना 1 लाख कोविड टेस्ट कराए जा सकते हैं। अस्पतालों में सभी जरुरी दवाइयां उपलब्ध हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों समेत विभिन्न अस्पतालों के एमएस के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सामान्य बेड्स, कोरोना बेड्स, वेंटिलेटर्स की मौजूदा संख्या व जरुरत पड़ने पर उन्हें बढ़ाने,अस्पतालों में डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती, अस्पतालों की ऑक्सीजन आपूर्ति व स्टॉक, आवश्यक दवाइयों के भंडारन आदि की समीक्षा की।

साथ ही उन्होंने अस्पतालों को केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोविड से संबंधित सभी आवश्यकताओं का आकलन करने और उसे स्वास्थ्य निदेशालय के साथ साझा करने को कहा है। सिसोदिया ने कहा कि कोरोना का नया वेरिएंट बीएफ-7 विश्व के कई देशों में तेजी से फैल रहा है। दिल्ली में कोरोना का नया वेरिएंट फैले या इससे किसी प्रकार की आपातस्थिति पैदा हो तो उससे निपटने के लिए तैयारी तेज कर दी गई है।

सिसोदिया ने दावा किया कि दिल्ली सरकार के अस्पताल, मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ इस महामारी से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इसलिए, दिल्ली वालों को इससे डरने की नहीं बल्कि सर्तक रहने की जरूरत है। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने एमएस से उनके अस्पतालों में मौजूदा सामान्य बेड्स, कोविड बेड्स, वेंटिलेटर्स की मौजूदा संख्या व उसे कितना बढ़ाया जा सकता है, आईसीयू की क्षमता, अस्पताल में मौजूदा मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ, अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपलब्धता, जरुरी दवाइयों के स्टॉक की



राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेश से आने वाले लोगों की जांच करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

## कोरोना से निपटने की तैयारी के लिए मॉक ड्रिल आज

*नई दिल्ली। अस्पतालों में कोविड 19 मामलों से निपटने और आपातकालीन व्यवस्थाओं को परखने के लिए मॉक ड्रिल मंगलवार होगी। इस मॉक ड्रिल में अस्पतालों में बेड की क्षमता, वेंटिलेटर, आईसीयू सुविधाएं, स्टाफ, ऑक्सीजन और मेडिकल लॉजिस्टिक्स की जानकारी स्वास्थ्य निदेशालय के साथ साझा की जाएंगी। ताकि समय रहते खामियों को दुरुस्त किया जा सके। आपाति स्थित से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अधिकारियों ने सोमवार को सभी सरकारी अस्पतालों का दौरा शुरू कर दिया है। पूर्वी दिल्ली के जिलाधिकारी अनिल बांका ने बताया कि उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों में प्रत्यक्ष रूप से जाना शुरू कर दिया है। बिस्तरों, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर समेत अन्य जरूरी उपकरणों की सूची बनाई जा रही है। दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव अमित सिंगला ने रविवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में जाकर बेड्स तथा उपलब्ध उपकरणों की स्थिति की समीक्षा करें। दिल्ली सरकार के एक पोर्टल पर मंगलवार से बिस्तरों, ऑक्सीजन सिलेंडरों तथा वेंटिलेटरों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी जनता के लिए उपलब्ध रहेगी। जल्द ही जांच बढ़ाई जा सकती हैं। इस समय दिल्ली में रोजाना 2,5 से 3 हजार कोविड जांच की जा रही हैं। आवासीय कल्याण संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ बैठक की जा रही हैं और उनसे उभरती स्थिति के बारे में जागरुकता फैलाने में मदद को कहा जा रहा है।*



उपलब्धता के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने सभी एमएस को सोमवार शाम तक इससे जुड़े सभी डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान पिछले अनुभवों से बहुत कुछ सीखा है और इससे सरकार को भविष्य के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 27 दिसम्बर को कोरोना से संबंधित तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें अस्पतालों में कोरोना से जुडी हर छोटी-बढ़ी चीज की जांच-परख की जाएगी।

# बदला लेने के लिए बहुमंजिला पार्किंग में लगाई आग

- 20 कारें जली, सीसीटीवी से हुई आरोपी की पहचान



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक बहुमंजिला पार्किंग स्थल में सोमवार सुबह आग लगने से 20 कार जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग की 7 गाड़ियों ने आग को काबू किया। घटना की जांच में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपी की पहचान की।

पूछताछ में आरोपी युवक ने खुलासा किया कि उसने एक व्यक्ति से बदला लेने के लिए उसके वाहन में कथित रूप से आग लगा दी। जो देखते-देखते ही अन्य कारों को भी अपनी चपेट में ले लिया था।

पुलिस का कहना है कि पार्किंग में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर आरोपी की पहचान सुभाष नगर निवासी यश अरोड़ा के रूप में की गई है। पूछताछ के दौरान यश ने बताया कि उसकी एक अर्टिगा कार के मालिक से निजी दुश्मनी थी और उससे बदला लेने के लिए अरोड़ा ने पार्किंग स्थल में खड़ी कार को जला दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, 20 कार में से 14 की पंजीकरण संख्या का पता लगा लिया गया। आग से क्षतिग्रस्त होने के कारण शेष वाहनों की पंजीकरण संख्या की पहचान नहीं की जा सकी।

पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई तो एक व्यक्ति अर्टिगा कार के टायर में आग लगाते देखा गया और उसके बाद खड़ी अन्य कारों में भी आग लग गई।

### चलती टैक्सी में आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** आईटीओ चौराहे के पास एक टैक्सी में अचानक आग लग गई। हादसे में किसी के हताहत होने जानकारी नहीं है। दमकल विभाग के अनुसार सोमवार सुबह आठ बजकर करीब 55 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। इस जानकारी पर दमकल की दो गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने नौ बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया था।

### भाजपा का दावा-पार्किंग का हो रहा था दुरुपयोग

**नई दिल्ली।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पार्किंग का निरिक्षण किया और राजौरी गार्डन पुलिस थाना के अधिकारियों से इस बारे में बात कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम कर पार्किंग में हुए इस बड़े हादसे कई कारें जल गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्किंग ठेकेदार और स्थानीय पार्षद की मिलीभगत से पार्किंग का दुरुपयोग हो रहा था जिसकी नगर निगम एवं पुलिस जांच की आवश्यक है। सचदेवा ने कहा पार्किंग समस्या को हल करने के लिए बनाया था पर अब लगभग 4-5 माह से इस पार्किंग के भूतल में अवैध ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन चल रहा था तो वहीं पिछले कई साल से ऊपरी मंजिल के बड़े भाग से एक निजी विदेशी कार कम्पनी का गोदाम चल रहा है।

# आप उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

**नगर निगम महापौर चुनाव**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए सोमवार को आम उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। महापौर पद के लिए शैली ओबेरॉय और उपमहापौर के लिए आले मोहम्मद इकबाल ने नामांकन किया है। नामांकन के दौरान पार्टी के विधायक आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक व अन्य नेता आदिल खान मौजूद थे।

आम आदमी पार्टी ने गत शुक्रवार को महापौर और उप महापौर सहित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों के रूप में छह नामों की घोषणा की थी। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में इन छह नामों पर मुहर लगाई गई थी। अन्य चार



उम्मीदवार रमिंदर कौर, सारिका चौधरी, मोहिनी जीनवाल और मोहम्मद आमिल मलिक हैं। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी को एमसीडी में बहुमत मिला है।

कोई भी पार्टी रेस में शामिल नहीं है। वह भरोसा करती हैं कि भाजपा की जो डर्टी पॉलिटिक्स है, वह किसी आजाद उम्मीदवार के पीछे अपनी राजनीति ना करे। क्योंकि जनता ने स्पष्ट तौर पर

- विधायक आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक समेत अन्य नेता रहे मौजूद

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को साफ-सफाई का जिम्मा दिया है। उसी के तहत शैली ओबरॉय एमसीडी की पहली मेयर बनेंगी और आले मोहम्मद इकबाल उपमहापौर बनेंगे।

वहीं आदिल अहमद खान ने कहा कि दिल्ली वालों ने निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई है, ताकि उन्हें ऐसी दिल्ली मिल सके, जिसकी वह कामना रखते हैं। अबतक भाजपा ने दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा कर के रख दिया था। अभी आप ने शपथ भी नहीं ली है और दिल्ली में साफ-सफाई का काम शुरू हो चुका है।

### निर्दलीय पार्षद गजेन्द्र दराल भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** वार्ड नंबर 35 मुंडका से निर्दलीय निगम पार्षद गजेन्द्र दराल ने भाजपा में शामिल हो गए है। उन्होंने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सचदेवा ने गजेन्द्र को पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने से पार्टी को संगठनात्मक रुप से मजबूती मिलेगी। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें हर कार्यकर्ता की एक अलग जिम्मेदारी है। वहीं दराल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सेवा कार्य की भावना और भाजपा की विचारधारा के कारण वह भाजपा में शामिल हुए है।

# पक्षियों ने मेट्रो की रफ्तार पर लगाया ब्रेक

- सवा घंटे तक परेशान रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पक्षियों के चलते दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन में ट्रेनों का परिचालन ठप्प हो गया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने बताया कि सोमवार सुबह पिंक लाइन पर मौजपुर और शिव विहार स्टेशन के बीच करीब एक घंटा 20 मिनट के लिए परिचालन प्रभावित हो गया था। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अट्ठावन किलोमीटर लंबी पिंक लाइन मजलिस पार्क को शिव विहार से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पिंक लाइन के मौजपुर और शिव विहार खंड के बीच डाउन लाइन (शिव विहार की ओर जाने वाली) पर आज पूर्वाह्न 11.15 से अपराह्न 12.35 बजे तक ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं, क्योंकि लाइव ओएचई पर किसी पक्षी ने कोई बाहरी तार गिरा दिया था, जिससे फेज और अर्थ शॉर्ट हो गया। इसके परिणामस्वरूप एक ओएचई तार अलग हो गया। उन्होंने कहा कि डीएमआरसी की ओएचई रखरखाव टीम मौके पर पहुंची और अलग हुए तार (ओएचई का हिस्सा) की मरम्मत का काम किया। उन्होंने कहा कि जौहरी एन्क्लेव और शिव विहार खंड के बीच तार क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था। डीएमआर के अनुसार इस अवधि के दौरान शिव विहार से मौजपुर के बीच अप लाइन के माध्यम से एक लाइन पर सेवाओं को बनाए रखा गया, क्योंकि डाउन लाइन पर प्रभावित खंड में क्षतिग्रस्त कैटेनरी तार के रखरखाव का काम चल रहा था।



### मामूली बात पर युवक की हत्या, साथी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में किराए के मकान में अपने साथ रहने वाले एक व्यक्ति के साथ कहा-सुनी होने के बाद उसकी कथित तौर पर हत्या करने को लेकर 26 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी बिनय लामा घटना के वक्त कथित तौर पर शराब के नशे में था और वह असम के तिनसुकिया जिले का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, 12 दिसंबर को रेशम कुमार (22) को सफदरजंग अस्पताल ले जाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पूछताछ में यह पता चला कि उसके चेहरे और गर्दन पर खरोंच के निशान थे।

## 'द मिस्टीरियस वर्ल्ड' पुस्तक का विमोचन, भारत के युवा लेखक बने अबीर भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत के सबसे युवा लेखक अबीर भारद्वाज के उपन्यास द मिस्टीरियस वर्ल्ड का विमोचन विधायक प्रमिला धीरज टोकस ने किया। 11 वर्षीय अबीर ने 9 वर्ष की उम्र में इस फिक्शन को लिख दिया था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी अबीर 11 वर्ष की उम्र में संगीत में विशारद (स्नातक) की डिग्री हासिल कर चुके हैं। द मिस्टीरियस वर्ल्ड भाई-बहन की कहानी है, जो एक बुक स्टोर से किताब खरीद के लाते हैं और किताब को पढ़ते हुए एक अलग दुनिया में पहुंच जाते हैं। वहां जो कुछ जो घटता है, वह आप उपन्यास में पढ़ सकते हैं।

मनीष सिसोदिया ने अबीर को अपने कार्यालय बुलाकर मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने द मिस्टीरियस वर्ल्ड की प्रस्तावना भी लिखी है। प्रमिला धीरज टोकस ने कहा कि अभिभावकों को अबीर के माता-पिता ऋचा शर्मा और अभिषेक शर्मा से प्रेरणा लेनी चाहिए।

विमोचन समारोह में अबीर भारद्वाज के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल वसंत विहार की प्रिंसिपल डॉ. पारुल त्यागी व डॉ. मीनाक्षी पाहुजा, डॉ. सुप्रिया पाहुजा, नीरज शर्मा, भारत भूषण शर्मा, डॉ. तनवी गुप्ता, श्रेया शर्मा, नील पर्थ, आर.के. गौतम, अनिल शर्मा, सीईओ डॉ. सुधा शर्मा शामिल हुईं।



उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी पुस्तक भेंट करते अबीर भारद्वाज

# 'एग्जाम वॉरियर्स' की थीम पर बच्चों ने उकेरी चित्रकारी

## अर्थपूर्ण कला प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग करने में मदद मिलती है: उपाध्याय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तालकटोरा स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स से प्रेरित एक चित्रकला प्रतियोगिता में सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, सांसद मीनाक्षी लेखी, अध्यक्ष एनडीएमसी अमित यादव, सदस्य विशाखा सैलानी और निदेशक (जनसंपर्क), निदेशक (शिक्षा) और परिषद के शिक्षक भी मौजूद रहे। उपाध्याय ने बताया कि इस तरह की अर्थपूर्ण कला प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग करने मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि



चित्रकला बच्चों को एक न केवल एक शैक्षिक अवसर प्रदान करती है जो मजेदार और रोमांचक भी है अपितु उनकी प्रतिभा को भी उजागर करती हैं। उपाध्याय ने माननीय प्रधानमंत्री की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' के बारे में बताया कि एग्जाम वॉरियर्स सभी उम्र के छात्रों के लिए मजेदार, संवादात्मक और शैक्षिक तरीके से परीक्षा से संबंधित तनाव को संभालने के लिए एक उपयोगी मैनुअल बन गया है जिसे 2018 में लॉन्च किया गया था।

पुस्तक छात्रों, अभिभावकों और यहां तक कि शिक्षकों के लिए अमूल्य मंत्र प्रदान करती है जो न केवल परीक्षा से संबंधित तनाव को प्रबंधित करने में मदद करते हैं बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक भी प्रदान करते हैं।

एग्जाम वॉरियर्स किताब के प्रत्येक मंत्र के साथ टीम एग्जाम वॉरियर्स द्वारा बनाया गया एक अद्भुत चित्रण भी है। उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह पहल परीक्षा पर चर्चा और पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स एक सराहनीय कदम है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा और परिणाम दोनों ही छात्रों और अभिभावकों, दोनो के लिए ही तनाव और निराशा से भरे होते हैं जिसमें कई छात्र आत्महत्या जैसे नकारात्मक कदम उठा लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौर से निपटना और निकलना अति आवश्यक है क्यूंकि परीक्षा में सिर्फ अच्छे नंबर लाना ही सबकुछ नहीं है अपितु जीवन की चुनौतियों को भी सकारात्मक रूप से समय-समय पर वहन करना भी जरूरी है। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से एक योद्धा की तरह परीक्षा की चुनौती का सामना करने को कहा।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रिचा बहेती/अजीत सिंह पाहूजा/ LBGUR00002187407 | फ्लैट नंबर 6251, 25वां तल, टावर 6, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर-104, गुरूग्राम, हरियाणा /20-12-2022 | 29-08-2022 रू. 2,29,29,504/- | दिल्ली |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 27-12-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**सिविल वृत्त, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार**
Websit: http://pwd.uk.gov.in Fax/Phone No.: 01334-221407 E-mail: sepwdharidwar@gmail.com

पत्रांक-3392/06सी0-सि0वृ0-/21 दिनांक 26/12/2022

**अति अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक (ई-टेन्डरिंग)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सिविल वृत्त, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (टू-बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आइटम रेट के आधार पर **स्वीकृति की प्रत्याशा** में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 30.12.2022 से उपलब्ध होगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विशेष सहायता योजना वर्ष 2022-23 (मा० मुख्यमंत्री घो०सं० 1173/2021) के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के वि०स० क्षेत्र झबरेड़ा में मंगलौर से लाठरदेवा हूण, झबरेड़ा होते हुए खड़खड़ी दयाला उत्तराखण्ड बार्डर तक सड़क का पुनःनिर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य | 16.64 | 5000.00 + 18% GST | 02 माह | 60 दिन | उत्तराखण्ड में राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम में मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी- 'A' अथवा उच्चत्तर में पंजीकृत अथवा केन्द्र/अन्य राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम में मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'A' अथवा उच्चतर में पंजीकृत। |

नोट :- निविदादाता को निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
1. निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 4 के अनुसार का डिमांड बैंक ड्राफ्ट, जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, रुड़की के नाम देय हो। ₹ 5000.00 एवं GST ₹ 900.00 दोनों बैंक ड्राफ्ट अलग-अलग दिये जायें।
2. निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर ₹ 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित 60 दिन वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित धरोहर धनराशि, जो कि अधीक्षण अभियन्ता, सिविल वृत्त, लो०नि०वि०, हरिद्वार के नाम बन्धक हो।
4. फर्म के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रति संलग्न करें।

अधीक्षण अभियन्ता
सिविल वृत्त, लो०नि०वि०, हरिद्वार

# गुरुग्राम : कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग हुआ सक्रिय

### स्वास्थ्य विभाग ने कोविड के नए वेरिएंट बीएफ 0.7 को देखते हुए लिया निर्णय

### अब फ्लू ओपीडी में आने वाले मरीजों की कोरोना की जांच भी कराएंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल।

**कोरोना** महामारी के फिर से फैलने की आशंका के बीच अब जिला का स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। कोविड के नए वेरिएंट बीएफ 0.7 का पता लगाने के लिए जहां कोरोना पॉजिटिव आने वाले मरीजों के सेंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली एनआईआई प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। वहीं गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में फ्लू ओपीडी में आने वाले मरीजों की अब कोरोना जांच भी जरूरी कर दी गई है, ताकि कोरोना के फैलने की आशंका कम रहे।

**सप्ताह भर से कम आ रहे हैं पॉजिटिव केस :** पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में नए कोरोना संक्रमितों की संख्या अभी इकाई के आंकड़े में ही आ रही है। यानी इनकी संख्या 10 से नीचे ही है। इस आंकड़े को बढ़ने नहीं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता बढ़ गई है। जल्द ही विभाग मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और अन्य सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों पर पर लोगों के कोरोना जांच के लिए सेंपल लिए जाएंगे। यह एक तरह से रैंडम सेंपलिंग होगी। सभी अस्पतालों में इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही इसकी मॉकड्रिल भी की जा सकती है।

**बढ़ रही है बुखार, जुकाम, खांसी के मरीजों की संख्या :** सिविल अस्पताल में सर्दी के मौसम में बुखार, जुकाम, खांसी आदि के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी, सेक्टर-31 पॉलिक्लीनिक में फ्लू ओपीडी शुरू हो रही है। फ्लू ओपीडी में आए सभी मरीजों के कोरोना के सेंपल भी लिए जाएंगे। अस्पतालों में फ्लू ओपीडी में आने वाले मरीजों की कोरोना की जांच भी जरूरी कर दी गई है।

**अगले सप्ताह से लग सकती है कोविशील्ड बूस्टर डोज :** जिले में बहुत से लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन की बूस्टर डोज लगनी बाकी है। अभी यह डोज विभाग के पास खत्म हो चुकी है। इसके लिए सरकार को डिमांड पत्र भेजा गया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह स्वास्थ्य विभाग को यह वैक्सीन मिल जाएगी। इस समय बच्चों को कोर्बेवेक्स व युवाओं और बुजुर्गों को कोवैक्सीन लगाई जा रही है। कोविशील्ड वैक्सीन मिलने के बाद बूस्टर डोज लगाने के लिए भी व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

**फिर से मास्क, सेनिटाइज की आदत डाल लें :** कोरोना लगभग खत्म होने के साथ लोगों ने मास्क और सेनिटाइज होने की आदत को खत्म ही कर दिया है। अब कोरोना के नए वेरिएंट बीएफ 0.7 का देश में एंट्री हो चुकी है। ध्यान रहे पहले भी भारत में एक केस से ही कोरोना की शुरुआत हुई थी। वह भी गुरुग्राम से। 16 मार्च 2020 को मलेशिया एवं इंडोनेशिया से लौटी गुरुग्राम निवासी 26 वर्षीय एक महिला कोरोना संक्रमित पाई गई थी। इसके बाद जिले में कोरोना के 10 केस होने के बाद 9 केस ठीक हुए और दसवां भी ठीक होने का इंतजार था। तभी तब्लीगी जमात के एक साथ कई केस मिलने के बाद यहां स्थिति उलट गई।

**22 मार्च को जनता कर्फ्यू, 24 की रात को लगा था लॉकडाउन :** देशभर में कोरोना केस बढ़ते देख 22 मार्च 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता कर्फ्यू की घोषणा की। जनता कर्फ्यू वाले दिन ही शाम को हरियाणा सरकार ने प्रदेश के 7 जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, झज्जर, रोहतक और पंचकूला में लॉकडाउन की घोषणा कर दी। 24 मार्च 2020 की आधी रात को 12 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में लॉकडाउन की घोषणा कर दी। यानी 25 मार्च से देशभर में लॉकडाउन हो गया।

## शिकायतों में विभागीय कार्रवाई में देरी ना करें कार्यालय प्रमुख


जिला एवं उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी की बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**सोमवार** को उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला एवं उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग प्रमुखों से कमेटी को प्राप्त शिकायतों में विभागीय कार्रवाई में देरी ना करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय विजिलेंस कमेटी का गठन अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में किया गया है, जबकि उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी सोहना, पटौदी, गुरुग्राम व बादशाहपुर का गठन संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में किया गया हैं। उन्होंने बताया कि इन समितियों का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कार्य प्रणाली और प्रक्रिया में सुधार के उपायों को अपनाकर विभागों के विभिन्न कार्यों और गतिविधियों की जांच करके प्रशासनिक तंत्र को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल सभी जिला स्तर कमेटियों की कायज़्प्रणाली की स्वयं मोनिटरिंग कर रहे हैं। ऐसे में सरकार के निर्देश है कि जिला में जिला स्तर व उपमंडल स्तर की सभी कमेटियां प्रत्येक माह कम से कम तीस शिकायतों की जांच अवश्य करें।

डीसी ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग प्रमुखों को कमेटी की रूपरेखा व कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ये कमेटियां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा विकास संबंधी परियोजनाओं के सुचारू रूप से संचालन के साथ इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कमेटी एडीसी की अध्यक्षता में कार्य करेगी। इस कमेटी के अन्य 4 सदस्यों में लोक निर्माण विभाग या जनस्वास्थ्य विभाग या किसी भी विभाग का कार्यकारी अभियंता को शामिल किया गया है, जिसका चयन कमेटी के चेयरपर्सन द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही, इस कमेटी में सर्वशिक्षा अभियान का अकाउंटस आफिसर, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो का डीएसपी, संबंधित विभाग का अधिकारी (कार्यालय अध्यक्ष या उसका प्रतिनिधि) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया क्रिसमस


सोहना के गिरजाघर में क्रिसमस के अवसर पर प्रार्थना करते अनुयायी।

**सोहना।** शहर के गिरजाघरों में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया है। प्रभ यीशु मसीह के जन्म दिन शनिवार-रविवार की देर रात 12 बजे से गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं की जा रही हैं। इस अवसर पर सेंटा ने गिरजाघरों में आए बच्चों को टॉफियां बांटीं। शहर के वार्ड-17 और 13 में बने गिरजाघरों में प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन को क्रिसमस के रुप में धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार की देर रात 11 बजे से प्रार्थना सभाएं चलाते हुए रात्रि 12 बजे मोमबत्तियां जलाकर जन्मदिन मनाया। उसके बाद रविवार की सुबह 10 बजे एक बार फिर प्रार्थनाओं का दौर चला। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने संता की ड्रेस पहन कर डांस किया। टॉफियां बांटीं गईं। गिरजाघरों में केक काटते हुए उसे मौजूद लोगों में बांटा गया। युवाओं ने प्रार्थना सभा के दौरान प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिन पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। मसीह परिवारों ने अपने मिलने वालों को घर-घर जाकर केक, मूंगफली और रेवड़ियां बांटीं। ताकि क्रिसमस के इस पावन दिन के अवसर पर सभी के घरों में खुशियां रहें।

### शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर जाम से परेशान


सोहना के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर लगा जाम।

**सोहना।** हर्ट ऑफ सिटी कहे जाने वाला शहर के शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक पर दिन ढलने के साथ ही जाम लगना शुरू हो जाता है। चौक पर अवैध रूप से खड़ी होने वाली रेहड़ियों से लेकर चौक पर खड़े वाहन जाम का झाम बन जाता है। शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर खड़े वाहने वाली फास्टफूड बेचने रेहड़ियों लेकर बिना पार्किंग के वाहन जाम का झाम बन जाता है। चौक पर 10 से 15 रेहड़ियां खड़ी हो जाती हैं। रेहड़ियों पर आने वाले ग्राहक भी अपने वाहनों को चौक पर बिना पार्किंग के खड़ा कर देते हैं। बिना पार्किंग के खड़े होने वाले वाहन जाम का झाम बने हुए हैं। जिससे हर दिन फव्वारा चौक सायं 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक जाम खुलता व लगता रहता है। जिससे इस चौक पर रात के पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से जाने वाली सड़कों पर बैठे दुकानदारों ने भी आम रास्ता व सड़कों पर सामान रखकर कब्जे किए हुए हैं। नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान आज तक पुराना गुरुद्वारा जाने वाले मार्ग, अस्पताल मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग और नगर परिषद कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्ग पर बैठे दुकानदारों ने अतिक्रमण किया हुआ है। हलवाई और दूध विक्रेताओं ने सड़क पर ही अपने वाहनों को खड़ा कर सामान का बेचते हैं। जिससे चंद मिनट में ही जाम लग जाता है। पुरानी सब्जी मंडी को जाने वाले रास्ते पर दुकानदारों ने लोहे से बनी सीढ़ियां दो से तीन फुट आगे तक रास्ते में रखी हुई है। जिससे इस रास्ते में आने व जाने वाले एक साथ दो वाहनों को बचाव भी बहुत मुश्किल हो पाता है।

### गर्भवती महिलाओं को पीएम मातृत्व वंदना योजना स्कीम से जोड़ें



**गुरुग्राम।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के आदेशानुसार गुरुग्राम जिला के प्रत्येक खंड में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना स्कीम के अंतर्गत ट्रेनिंग आयोजित की गई। इस अवधि में महिला एवं बाल परियोजना अधिकारी मिनाक्षी की उपस्थिति में स्कीम की जिला समन्वयक सुप्रिया श्रीवास्तव द्वारा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर को एक साथ ट्रेनिंग दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग गुरुग्राम की जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान सभी को ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को इस स्कीम से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना स्कीम के तहत वर्ष 2022-23 में 5349 गर्भवती महिलाओं को पहली किस्त के तहत एक हजार, दूसरी किस्त के तहत दो हजार व तीसरी किस्त के तहत तीन हजार रुपये की राशि लाभ के तौर पर प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान गांव की महिलाओं को भी प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना स्कीम के बारे में अवगत करवाया गया।



### स्वर्ण पदक विजेता सोनाली शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

**गुरुग्राम।** घुड़सवारी में स्वर्ण पदक विजेता सोनाली शर्मा का भगवान परशुराम परामर्श केंद्र पहुंचने पर अध्यक्ष अजय शर्मा सहित सभी साथियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रूपेश कौशिक पूर्व अधिकारी गुप्तचर विभाग भारत सरकार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण चन्द्रा वशिष्ट पूर्व सहायक आयुक्त भारत सरकार द्वारा की गई। सिलोखरा गांव निवासी सतवीर शर्मा पुत्र पंडित मांगेराम प्रधान की पुत्री सोनाली शर्मा ने भोपाल में आयोजित घुड़सवारी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। सोमवार को उनके सम्मान में भगवान परशुराम परामर्श केंद्र राजीव नगर में एक कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूपेश कौशिक ने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है कि हमारे इलाके की बेटी ने गुड़गांव जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्रा वशिष्ट ने कहा कि हरियाणा के लिए बड़े ही गौरव की बात है की हरियाणा की बेटी ने यह गौरव हासिल किया है। गुड़गांव बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव कमलजीत कटारिया ने कहा कि हमारी बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। गोल्ड मेडलिस्ट सोनाली शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इस कामयाबी के पीछे मेरे माता-पिता का हाथ है। उन्होंने दिन रात एक करके मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया है। उनकी बड़ी बहन नेशनल शूटर एडवोकेट तोशीबा चन्द्रा वशिष्ठ कहा कि हमें सोनाली शर्मा पर नाज है। जननायक जनता पार्टी महिला विंग जिला अध्यक्ष रितु कटारिया ने कहा कि महिलाओं का सम्मान देवताओं के सम्मान के बराबर है। संस्था के संरक्षक बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि सोनाली शर्मा से सभी बच्चे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े।

## नागरिक अस्पताल में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन का ट्रायल हुआ सफल

### एसएमओ डा दशरथ राव ने कहा, अस्पताल आने वाले रोगियों को सुविधा दी जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।


सोहना के नागरिक अस्पताल में एसएमओ सोमवार का अल्ट्रासाउंड मशीन का ट्रायल लेते चिकित्सक।

> नागरिक अस्पताल में प्रदेश सकार के तय अनुसार कीमत पर ही अल्ट्रासाउंड होगा। अल्ट्रासाउंड मशीन का ट्रायल सफल हो गया है। मंगलवार या बुधवार से अल्ट्रासाउंड करने का कार्य शुरु हो जाएगा। अब किसी भी रोगी को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए रेफर नहीं किया जाएगा।
>
> **दशरथ राव (एसएमओ नागरिक अस्पताल)**

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन आने के साथ सोमवार को ट्रायल लिया गया। ट्रायल में मशीन का सफल प्रशिक्षण हुआ। मंगलवार से अल्ट्रासाउंड किया जाना शुरू हो जाने की संभावना है।

नागरिक अस्पताल में स्थापित की गई अल्ट्रासाउंड मशीन का सोमवार को ट्रायल लिया। ट्रायल के दौरान सफलता मिली। जिसका श्रेय स्थानीय अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर दशरथ राव ने बताया कि मंगलवार को जरुरत पड़ने पर पहला अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। यदि मंगलवार को स्थानीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के जरुरतमंद रोगी का अल्ट्रासाउंड किया जा सकता है। अस्पताल में आने वाले रोगियों को यह सुविधा दी जाएगी। विशेष रुप से गर्भवती महिलाओं को अब अस्पताल से बाहर जाने की जरुरत नहीं होगी। जानकारी के अनुसार सरकार के आदेशानुसार गर्भवती महिलाओं को अभी तक अस्पताल परिसर से बहार निजी लैब पर भेजा जा रहा था। लेकिन अब ऐसी महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड होगा।

**अब नहीं कटेगी जेब :** नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगियों में से जरुरत पड़ने पर डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी जाती रही थी। जिससे रोगियों को बाहर बाजारों में बैठे अल्ट्रासाउंड मशीन संचालक आम लोगों की जेब को मोटे पैसे मांगकर लूटने में लगे हुए हैं। लेकिन अब नागरिकों को अपनी जेब बाहर बाजार में जाकर नहीं जेब कटवानी नहीं होगी।

## सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिन रहा रविवार

**सोहना।** रविवार को आसमान में बादल छाने और हवा के चलने से सर्दी की ठिठरन अधिक बढ़ गई। नागरिकों ने सुबह से ही अलाव का सहारा लेकर पूरा दिन व्यतीत किया। रविवार अब को सर्दी की ठिठुरन ने मुंह के जावड़े में लगे दांतों को बजाने के लिए मजबूर कर दिया। रविवार इस बार के सर्दी के मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। सुबह से ही लोग अपने घर, प्रतिष्ठान और कारोबार के बाहर आग जलाकर बैठे रहे। रविवार को हल्की-हल्की चली हवा ने ठिठुरन को और भी बढ़ा दिया। सुबह के समय में छाये कोहरे से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को सुबह 10 बजे के बाद सूर्य देवता के दर्शन हुए। जिससे मौसम में गरमाहट आई, लेकिन आसमान में बादल छाएं रहने से धूप भी खुलकर नहीं खिली।

**किसानों के लिए खुशी व गम का माहौल :** एक तरफसर्दी अधिक पड़ने से किसान खुश हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ अधिक सर्दी पड़ने सब्जी देने वाली फसलों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ने से किसान को भारी नुकसार होने की संभावना है। किसान दलेर का कहना है कि गेहूं और सरसों की फसल के लिए सर्दी का पड़ने जरुरी है। लेकिन सब्जी देने वाली फसलों का फूल अधिक सर्दी नुकसान पहुंचा देती है। जिसमें बैंगन, फूल गोभी, टमाटर, हरी मिर्च की फसल अधिक सर्दी पड़ने से जल जाती है। ऐसी फसलों का फूल पूरी तरफ से खिल नहीं पाता और उसके न खिलने से फल भी नहीं लग पाता है।



**बाजार में गर्म पकड़ों की मांग बढ़ी :** सर्दी की ठिठरन बढ़ने से बाजारों में कपड़ा दुकानदारों के मुर्झाएं चेहरे खिल गए हैं। सर्दी के प्रकोप से बचने के लिए आम लोगों ने गर्म कपड़ों की खरीद बढ़ गई है। लाखों रुपये कपड़ों के कारोबार में लगाकर बैठे दुकानदार ग्राहक न होने से परेशान हो रहे थे। दुकानदार प्रदीप ने बताया कि दो दिन में उनकी दुकानदारी में बढ़ोत्तरी हुई है। ऊनी कपड़ों का ग्राहक बाजार में पिछले दो दिन से आ रहा है। कपड़ों का ग्राहक न होने से मायूश बैठे दुकानदारों के चेहरों पर खिलखिलाहट आग गई है।

**लकड़े के गुटके और कोयले की कीमतें बढ़ीं :** सर्दी की ठिठुरन बढ़ने के साथ ही लकड़ी के गुटखे और कोयला की मांग बढ़ गई है। मांग बढ़ने के साथ ही दुकानदार और आरा मशीन मालिकों ने कीमतें बढ़ा दी है। कोयला की कीमत में 10 रुपये बढ़ाते हुए 35 से 45 रुपये कर दिया है।

## सुशासन दिवस पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन


श्रद्धा सुमन अर्पित करते जिला अध्यक्ष विजय भाटी, संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह, जहांगीरपुर के चेयरमैन जय प्रकाश शर्मा व जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर।

### भाजपा जिला कार्यालय पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती रविवार को गौतमबुद्ध नगर भाजपा कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनायी गई। इस अवसर पर जिले के समस्त भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि के रूप में गौतम बुधनगर के जिला प्रभारी विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी ने शिरकत की।

सतपाल सैनी ने विस्तार से स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय भाटी ने की। उन्होंने भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उनके सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने सेना का मान बढ़ाया। उस मान को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। कारगिल युद्ध से पहले हमारे शहीद होने वाले वीर सैनिकों के पार्थिव शरीर घर पर नहीं पहुंचते थे। यह सम्मान अटल बिहारी वाजपेयी जी ने दिया। आज देश की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले हर सैनिक का शव सम्मान से परिवार के बीच पहुंचाया जाता है।

जेवर से विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, जहांगीरपुर नगर पंचायत के चेयरमैन पंडित जयप्रकाश शर्मा, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर जिला महामंत्री मनोज गर्ग, ओम प्रकाश सैनी, सोशल मीडिया के जिला प्रभारी डॉ. आदित्य मदन प्रधान समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

## गुरुग्राम जिला परिषद की निर्विरोध अध्यक्ष बनी दीपाली चौधरी

### पार्षद ओमप्रकाश को सर्वसम्मति से चुना गया उपाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद दीपाली चौधरी के साथ जेजेपी जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ व अन्य कार्यकर्ता एवं जिप पार्षद।

**आखिर** वही हुआ, जिसकी पंचायत चुनाव के बाद से उम्मीद थी। गुरुग्राम जिला परिषद के अध्यक्ष का सेहरा दीपाली चौधरी के सिर बंधा। हालांकि अध्यक्ष तो जिला परिषद के वार्ड-9 से ही बननी थी, लेकिन भाजपा प्रत्याशी की हार के बाद यह सौभागय निर्दलीय प्रत्याशी दीपाली चौधरी को मिल गया। जिला परिषद का वार्ड-9 एससी महिला के लिए भी आरक्षित था और जिला परिषद अध्यक्ष का पद भी एससी महिला के लिए आरक्षित था। शुरू से ही तस्वीर साफ थी कि जिला परिषद अध्यक्ष वार्ड-9 से चुनाव जीतने वाली महिला ही होगी। चुनाव के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुने जाने का इंतजार था, जो सोमवार को खत्म हो गया। दीपाली चौधरी को अध्यक्ष और वार्ड-1 से पार्षद ओमप्रकाश को उपाध्यक्ष चुन लिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता व जिला परिषद की सीईओ अनु श्योकंद की उपस्थिति में यह चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के दौरान वार्ड-1 के पार्षद ओमप्रकाश, वार्ड-2 की पार्षद पुष्पा, वार्ड-3 से पार्षद श्रीभगवान, वार्ड-5 की पार्षद रितु, वार्ड-6 से पार्षद नवीन, वार्ड 7 से पार्षद अंजू रानी, वार्ड-8 से पार्षद यशपाल, वार्ड-9 से दीपाली चौधरी व वार्ड-10 से संजू ठाकरान उपस्थित रहे।

**दीपाली चौधरी को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने दी बधाई :** गुरुग्राम जिला परिषद की अध्यक्ष बनीं दीपाली चौधरी गुरुग्राम जिला परिषद की चेयरपर्सन बनीं हैं। दीपाली चौधरी पटौदी से जेजेपी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दीपचंद की बेटी हैं। गुरुग्राम में जेजेपी की चेयरपर्सन बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और कहा कि इससे जिले में पार्टी को और मजबूती मिली है।

## साल 2022 में भी नहीं हो पाया बस अड्डे के निर्माण का रास्ता साफ

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### शेड के नीचे चल रहा है मिलेनियम सिटी का बस अड्डा

### बस अड्डे को कंडम घोषित करने के बाद कई साल पहले किया था सील

**लो जी,** साल 2022 भी बीत गया। तमाम दावों और वादों के साथ 2022 भी विदा हो गया। उम्मीद थी इस साल में गुरुग्राम परिवहन के लिए कुछ तोहफा मिलेगा, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। हम बात रहे हैं मिलेनियम सिटी के बस अड्डे की। कंडम घोषित किए जाने के बाद सील हुए बस अड्डे को भव्य इमारत तो नहीं मिल पाई, लेकिन बस अड्डा शेड में पहुंच गया।

अब से 63 साल पहले वर्ष 1959 में इसे बनाया गया था। वर्ष 2015 में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बस अड्डे की इस इमारत असुरक्षित घोषित कर दिया गया। जालियां लगाकर अंदर आवाजाही भी बंद कर दी गई थी। स्टाफ के बैठने के लिए इमारत के सामने ही नए अस्थायी कैबिन बना दिए गए हैं। गुरुग्राम बस अड्डे की इमारत को बनाने के लिए हर बार सरकार नई योजना तैयार करती है, लेकिन योजना सिरे नहीं चढ़ पा रही। शहर में सिटी बस अड्डे से लेकर अंतरराज्जीय बस अड्डा बनाने की घोषणाएं हो चुकी हैं। साल 2022 भी बीत गया, लेकिन घोषणाएं सिर्फ घोषणाएं ही बनकर रह गई हैं।

एक तरफ तो नए गुरुग्राम में सिंगापुर, पैरिस की बराबरी करता गुरुग्राम की साइबर सिटी जैसा इलाका और दूसरी तरफ शहर का मुख्य बस अड्डा जहां सुविधाएं कम दुविधाएं अधिक हैं। सर्दी, बरसात में यहां यात्रियों को सिर छुपाने की जगह नहीं है।


गुरुग्राम के बस अड्डा परिसर में बनाए गए शेड, इन्हीं में चल रहा है बस अड्डा।

नए गुरुग्राम की तस्वीर ही गुरुग्राम की पहचान बन चुकी है। उसी से यहां निवेश आता है। बेशक पुराने शहर में अंडरपास, फ्लाईओवर बनाकर लोगों को सुविधा दी गई हो, लेकिन इन सबसे भी जरूरी यात्रियों को एक अच्छा बस अड्डा चाहिए। आम आदमी सरकार को इतना टैक्स देता है, लेकिन उसके लिए सुविधाओं के नाम पर कुछ खास नजर नहीं आता। कमी तो किसी न किसी स्तर पर हो ही रही है, वरना 10 साल तक यहां कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन बस अड्डे की सूरत नहीं बदली। अब 7 साल से मनोहर सरकार है। बस अड्डा कंडम घोषित होने के बाद यहां कैबिन जरूर बनाए गए हैं। नई इमारत को लेकर तस्वीर अभी भी धुंधली है।

बस अड्डे के ठीक बाहर अंडरपास तो बना दिया गया है, लेकिन अंडरपास से बाहर निकलते ही बस अड्डे के प्रवेश, निकास द्वार के हाल देखकर ही पता चल जाता है कि अंदर की सूरत कैसी होगी।

# कोविड : स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरीं

## सरकारी व निजी अस्पतालों को तैयारियों की रिपोर्ट देने के लिए 72 कॉलम का प्रोफार्मा सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने कहा कि कोविड-19 की किसी भी संभावित लहर से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में कोविड-19 की तैयारियों से निपटने के लिए हमारे पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं लेकिन इसके बावजूद जिला के प्रत्येक नागरिक को एहतियात बरतने व कोविड-19 नियमों का अधिक से अधिक पालन करने की जरूरत है। उपायुक्त विक्रम सोमवार को अपने कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कोविड-19 की तैयारियों को लेकर समीक्षा मीटिंग आयोजित कर रहे थे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि हमें किसी भी संभावित लहर को पूरी तरह से गंभीरता से साथ लेना है। उन्होंने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को निर्देश दिए कि प्रत्येक सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में सभी सुविधाओं की पुन: समीक्षा की जाए और अगर कहीं भी कोई कमी दिखाई देती है तो तुरंत पूरा करें। उन्होंने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और कोविड-19 के नियमों का पालन करने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि अभी तक जिला में बूस्टर डोज मात्र 25 प्रतिशत लोगों ने ली है और 12 से 15 व 15 से 17 वर्ष के बच्चों को प्रिकॉशन डोज मात्र 28 प्रतिशत ली है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह स्कूलों में सभी बच्चों को इसके लिए जागरूक करें।



सेक्टर 12 लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम सिंह।

उन्होंने बताया कि जिला के सभी 45 सरकारी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी व स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर उनके संग कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत के अलावा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने बताया कि मॉक ड्रिल में बैड की क्षमता जिसमें पता किया जाएगा कि साधारण और ऑक्सीजन बेड की क्या स्थिति है। कितना स्टाफ हैं और कोरोना के लिए क्या इंतजाम है। कितनी टेस्टिंग हो सकती है। कोविड़ की दवाओ की स्थिति क्या है, कितने वेंटिलेटर और पीपीई किट व मास्क तथा ऑक्सीजन प्लांट की स्थिति क्या है। टेलीमेडिसिन की स्थिति क्या है। जिसमें पता चला कि जिला में वर्तमान में 92.46 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उत्पादन की क्षमता है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में पिछली कोविड-19 लहर के दौरान सबसे ज्यादा जरूरत 50 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ी थी। उस समय जिला में मात्र दो ऑक्सीजन प्लांट थे। उन्होंने बताया कि अब जिला में 24 अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट हैं। जिनमें 10 सरकारी व 14 प्राईवेट अस्पतालों में हैं। उन्होंने बताया कि इन प्लांटों की अब प्रतिदिन उत्पादन क्षमता 92.40 मीट्रिक टन है। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की संख्या 1049 हैं। डी टाइन सिलेंडर 25109, बी टाईप सिलेंडर 1813 और ए टाईप सिलेंडर 277 हैं। जिला में लिक्विडिटी मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) की स्टोरेज क्षमता 43.6 मीट्रिक टन है।

# जमीन में हिस्सा देने से मना करने पर की थी गोली मारकर हत्या

## अपराध शाखा सेक्टर 30 ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दो-तीन** दिसंबर की रात किड़ावली गांव में फार्म हाउस में जोगिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मौके पर भूपानी थाना प्रबंधक, एसीपी क्राइम, क्राइम ब्रांच की टीम और एफएसएल की टीम की जांच के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसकी तफ्तीश क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 द्वारा की जा रही थी। इम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने हत्या के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि गिरफ्तार उधम और बलजीत उर्फ बल्ली गांव किडावली का ही रहने वाला है। जबकि उधम पड़ोसी गांव दलेलपुर का निवासी है। पूछताछ में मुख्य आरोपी उधम सिंह ने बताया कि मृतक जोगेंद्र ने किडावली में स्थित अपनी पांच एकड़ जमीन वर्ष 2018 में दिल्ली के गड्डा कॉलोनी निवासी अख्तर को ढाई करोड़ रुपये में बेची थी। अख्तर ने जोगेंद्र को 35 लाख रुपये देकर बकाया रकम देने के लिए टाइम मांगा था। जिसके बाद अख्तर ने जमीन पर प्लॉटिंग शुरू कर दी। अख्तर ने टाइम पर पैसे न देने पर जोगेंद्र ने आरोपी उधम के साथ मिलकर आठ महीने पहले अख्तर से अपनी जमीन का कब्जा छुड़वा लिया।



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक ऊधम और बलजीत।

जिसके बाद जोगेंद्र जमीन पर अपना मकान बनाकर रहने लगा। आरोपी उधम ने जोगेंद्र से जमीन का कब्जा दिलवाने की एवज में जमीन का कुछ हिस्सा मांगा। जिसको लेकर दोनों में तनातनी हो गई। जोगेंद्र को डराने के लिए जून 2022 में आरोपी ने फायरिंग भी करवाई गई थी। जिसकी जोगिंद्र ने शिकायत नहीं दी थी। तनातनी बढ़ने पर उधम सिंह ने जोगेंद्र की हत्या का प्लान बनाया। प्लान में साथी बल्ली को शामिल कर लिया। मुताबिक प्लान अवैध असला व मोटरसाइकिल का इंतजाम करके जब जोगेंद्र अपने घर के बाहर अपने पालतू कुत्ते को टहला रहा था तभी जोगेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गए। तीन दिसंबर को भूपानी थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों की उम्र करीब 22 से 24 वर्ष है तथा दोनों ने साथ में ही पढ़ाई की है और दोनों अच्छे दोस्त हैं। आरोपी उधम ड्राइवरी और आरोपी बल्ली खेती करता है । आरोपी ने बताया कि जमीन का कब्जा वापस मिलने के पश्चात जब उन्होंने जोगेंद्र से जमीन का कुछ हिस्सा मांगा तो वह आनाकानी करने लगा। आरोपियों को लगा कि उन्होंने जोगेंद्र के लिए इतना कुछ किया और उन्हें कुछ नहीं मिला तो आरोपियों ने तैश में आकर जोगेंद्र की हत्या कर दी।

# गरीब बच्चों के उत्थान में साईधाम निभा रहा है अहम भूमिका: गुर्जर




तिगांव रोड स्थित शिरडी साई बाबा स्कूल के वार्षिक उत्सव में भाग लेते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व अन्य।

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा स्कूल ने अपना 18वां वार्षिक उत्सव बहुत धूम-धाम से मनाया, जहां कृष्ण पाल गुर्जर (राज्य मंत्री, पावर व भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मंत्री का स्वागत-सम्मान स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष मोतीलाल गुप्ता के द्वारा किया गया। उनके कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक नृत्य, लोक संगीत एवं सामाजिक विषयों जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अनेकता में एकता जैसे विषयों जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, वेशभूषा, लोक-संगीत जैसे अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कृष्ण पाल गर्जर ने साई धाम में वंचित एवं गरीब बच्चों के उत्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि डा. मोतीलाल गुप्ता दीन दयाल उपाध्याय के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए शिक्षा व अनेक सामाजिक कार्य कर रहे हैं। गरीब परिवार के बच्चों को नि:शुल्क उत्तम शिक्षा मय भोजन, वर्दी, शिक्षा सामग्री और पर्यटन इत्यादि प्रदान कराने जैसे कार्य भी कर रहे हैं। आने वाले समय में हजारों नहीं बल्कि लाखों गरीब परिवार के बच्चों का उत्थान होगा। उन्होंने आशा जताई कि इन कार्यों से प्रेरणा लेकर और लोग भी ऐसे परोपकारी कार्यों से जुड़ेंगे। राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी ने भी डा. गुप्ता एवं उनकी संस्था की प्रंशसा की। साई मंदिर में आने से लाखों भक्तों की दूषित मनोवृति का सुधार होता है और उनमें भी सेवा की भावना जागृत होती है।

# जिला भाजपा ने की संगठनात्मक नियुक्तियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अटल** कमल भाजपा जिला कार्यालय फरीदाबाद पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए मुनिराज भांबरी को मन की बात विभाग में जिला संयोजक, सतेन्द्र दुग्गल को पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में जिला संयोजक और कृष्ण कुमार शर्मा को डाटा संकलन विभाग में जिला संयोजक नियुक्त किया। गोपाल शर्मा ने उनकी नियुक्ति पर कहा कि इन सभी विभिन्न पदों पर नियुक्तियों से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। मन की बात विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण है यह प्रधानमन्त्री का प्रिय कार्यक्रम है इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमन्त्री लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी सांझा कर जागरूक करने और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जोड़ने का कार्य करते हैं। यह सभी नियुक्तियां अपने आपने विभाग में महत्वपूर्ण हैं। आप सभी अपने अपने विभाग और प्रकोष्ठ को गति देने का कार्य जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ मिलकर करेंगे। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने इन सभी जिला संयोजकों को नव नियुक्ति पर बधाई दी। संगठन में निष्ठा से काम करने व आगे बढ़ने के लिए कहा। सभी जिला संयोजकों ने भाजपा, जिला अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व सभी विधायकों एवं संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि संगठन ने हमें जो जिम्मेवारी दी है, हम उसे पूर्ण निष्ठा, मेहनत और लग्न से निभाएंगे। पार्टी के प्रति नए व पुराने कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य भी करेंगे, जिससे भाजपा जिला संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जिला महामन्त्री मूलचन्द मित्तल, आर.एन सिंह, जिला विस्तारक मंजीत जांगड़ा, जिला आईटी सह संयोजक सचेत जैन, कार्यालय सचिव सचिन गुप्ता, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक भीम सिंह लाम्बा, अजय विरमानी व अन्य मौजूद रहे।



जिला बीजेपी कार्यालय में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का जिला सयोजक सतेन्द्र दुग्गल को नियुक्ति पत्र सौंपते जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा।

# 2024 में प्रधानमंत्री के रूप में सामने आएंगे राहुल : भारत

## कांग्रेसी नेता एवं पूर्व महापौर अशोक के पुत्र भारत अरोड़ा ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कांग्रेसी** नेता एवं पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा के पुत्र भारत अरोड़ा ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की तरफ से निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा फरीदाबाद में सफल साबित हुई है। यह यात्रा एक एतिहासिक यात्रा रही। देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, सांप्रदायिकता, तानाशाही सरकार के देश विरोधी निर्णयों के खिलाफ देश और देशवासियों के हितों की रक्षा के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक यह यात्रा निकाली गई है। अब यह यात्रा जनसैलाब का रूप ले चुकी है। यात्रा को सभी राज्यों की जनता का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश में राजनीति से ऊपर उठकर नए आयाम स्थापित करते हुए देशवासियों को साथ जोड़ने की राहुल गांधी की पहल है। यात्रा से पूरे देश में जहां एकता, अखंडता और देशवासियों को जोड़ने का काम हो रहा है तो दूसरी तरफ भाजपा यात्रा से जुड़ते जनसैलाब से बुरी तरह घबरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुरुआत से ही भाजपा की तरफ से यात्रा को रोकने की नाकाम कोशिश की जा रही है, लेकिन जनसमर्थन के कारण भाजपा किसी भी प्रदेश में अभी तक यात्रा को कमजोर नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश का युवा वर्ग राहुल गांधी के साथ यात्रा से जुड़ रहा है और आने वाले समय में निश्चित रूप से राहुल गांधी 2024 में प्रधानमंत्री के रूप में देश के सामने होंगे। भारत अरोड़ा फरीदाबाद में गांव खोरी से यात्रा में जुड़े और राजघाट तक राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में चले।



# राम कथा सुनने के लिए उमड़ रहे हैं लोग



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति के नए मानव भवन के निर्माण की सहायतार्थ आयोजित की जा रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश त्यागी ने प्रवचन करते हुए बताया कि धर्म के चार तत्व हैं सत्य, तप, दया और दान।

कहा, कलयुग में ऊपर के तीनों तथ्यों का पालन करना आज मानव के लिए संभव नहीं है। अत: कलयुग में दान ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मानव जीवन का कल्याण होता है। इसलिए सभी को अपने सामर्थ अनुसार दान करना चाहिए और जरूरतमंदों की हरसंभव सहायता करनी चाहिए। उन्होंने मानव सेवा समिति द्वारा जरूरतमंदों की सहायता में चलाए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सभी दानी सज्जनों व समाजसेवियों से अपील की कि वे समिति के सेवा कार्यों के लिए बढ़ चढ़कर दान देकर पुण्य के भागी बनें। कथा प्रसंग में शिव-पार्वती के विवाह का सुंदर वर्णन बताया गया। इस अवसर पर दर्शाई गई शिव पार्वती की सुंदर झांकी का सभी ने दर्शन करके आशीर्वाद लिया। सोमवार को प्रमुख समाजसेवी वासदेव अरोड़ा, उषाकिरण शर्मा, बांकेलाल सितोनी, विपिन शर्मा, केशव मिश्रा, वीके गर्ग, राधेश्याम अग्रवाल, ब्रज लता, शिवकुमार अग्रवाल, सरिता गुप्ता,राज राठी, सुष्मिता, कुसुम बंसल, नरेंद्र मिश्रा,अशोक गुप्ता, प्रभा मुदगिल ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# सीवरेज समस्या के समाधान को 10-10 करोड़ दें सरकार : शर्मा

## विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा सत्र के पहले दिन उठाए अहम मुद्दे

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



विधायक नीरज शर्मा।

**राज्य** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में एनआईटी क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने कई अहम मुद्दे उठाए। नीरज शर्मा ने विधानसभा में दो महत्वपूर्ण विषयों पर अतारांकित प्रश्न किए शून्य काल में क्षेत्र की सीवरेज समस्या पर आवाज बुलंद की। इतना ही नहीं अवैध शराब और नशे के बढ़ते कारोबार पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर भी विधायक नीरज शर्मा ने सरकार को घेरा।

एनआइटी विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज की समस्या को गंभीर बताते हुए नीरज शर्मा ने कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के हालत काफी खराब है। जगह-जगह सीवर ओवरफलो की समस्या है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। चाहे वार्ड-5 बाल कल्याणा स्कूल पाकेट का मामला हो। जहां बार-बार बहन बेटियों को अपनी शादी के वक्त मुख्यमंत्री महोदय से ट्वीट कर सीवर सफाई के लिए कहना पड़ता हो या जीवन नगर भाग-1 एवं 2 की नारकीय स्थिति हो जहां सड़कें हैं ही नहीं। सीवर लाईन डाली गई वो भी बीच में अधूरी पड़ी है।पूरी नहीं की गई। छोटे-2 बच्चों को गंदे पानी में से निकलना पड़ता है। ऐसा ही वार्ड-9 की अश्राम पाकेट का हाल है लेकिन कोई समाधान नहीं। मामला विधानसभा में उठाया जाता है। इसके बाद अश्वासन समिति में लाया जाता है और उसपर नगर निगम का जवाब आता है कि नगर निगम की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने के कारण यह कार्य नहीं करवाए जा सकते।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि जो लोग अपना कर सरकार को दे रहे है इसमें उनकी क्या गलती। इसलिए सरकार उनकी विधानसभा के वार्ड-5 बाल कल्याणा स्कूल पाकेट के लिए 10 करोड एंव जीवन नगर भाग-1 एवं 2 के लिए 10-10 करोड़ रुपये दिए जाएं ताकि लोगों को नरकीय जीवन से निजात मिले तथा वार्ड-9 अश्राम पाकेट एंव हर वार्ड के लिए अलग से बजट उपलब्ध करवाए। ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

उन्होंने सदन में कहा कि विधानसभा के वार्ड-5, 7, 6 का महत्पवूर्ण रोड 60 फुट एयर फोर्स रोड है जहां बिना बारिश के कई दिन पानी खडा रहता है उसपर जो डिस्पोजल बना है वह आवश्यकता के समय कभी काम नहीं करता। बारिश बंद होने के बावजूद कई-2 दिन लोगो को जल भराव की समस्या से जुझना पडता है। सरकार इस पर संज्ञान लेकर डिस्पोजल को अपग्रेड करें। ताकि बारिश के समय इस सडक पर जल भराव की समस्या ना हो।

# देश के लिए बलिदान होने वाले किसी जाति धर्म के नहीं होते

**फरीदाबाद।** देश पर कुर्बान होने वाले व्यक्ति किसी जाति धर्म और संप्रदाय के नहीं होते, वह केवल देश की रक्षा करते परोपकार करते अपने जीवन का सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। ऐसे शहीदों को याद नहीं करने वाला समाज और देश नष्ट हो जाते हैं, इसलिए हमें देश पर कुर्बान होने वाले लोगों को हमेशा याद रखना चाहिए।

ये बातें स्वामी कर्मवीर जी महाराज ने आर्य केंद्रीय सभा फरीदाबाद द्वारा सेक्टर 37 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर आयोजित विशाल शोभायात्रा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पित होना हमारा कर्तव्य है, यदि राष्ट्र है तो हमारा वजूद है । स्वामी श्रद्धानंद ने हमेशा देश के लोगों के परोपकार के लिए कार्य किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। लेकिन जब देश में धर्म परिवर्तन का सिलसिला चल पड़ा तो उन्होंने शुद्धिकरण अभियान भी चलाया। जिसके कारण 23 दिसंबर 1926 को उनकी गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क स्वास्थ शिविर में 250 लोगों ने करवाई जांच



**फरीदाबाद।** हार्डवेयर, बाटा रोड स्थित फरीदाबाद दुर्गाबाड़ी समिति के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एकॉर्ड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने यहां आए लोगों की जांच की। जिसमें करीब 250 लोगों ने इस नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया। दुर्गाबाडी के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक रविवार को यहां नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। रविवार को लगे इस कैम्प में हड्डी रोग विशेषज्ञ के अलावा श्वांस रोग विशेषज्ञों, मस्तिष्क रोगियों और अन्य सामान्य रोगों से ग्रस्त मरीजों ने जांच करवाई। अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संदीप घोष ने बताया कि अस्पताल की टीम ने 250 लोगों की जांच की। जिसमें उन्हें दवाईयां भी उपलब्ध करवाई गईं। इस मौके फरीदाबाद दुर्गाबाड़ी से टीके मीना, गुरंगो चौधरी, एलके चर्कोवर्ती, दिलीप चटर्जी, श्यामल दत्ता, विश्वनाथ, सलील चक्रवर्ती समेत अन्य सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### वर्ल्ड स्ट्रीट: एक लाख लोगों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस



**फरीदाबाद।** क्रिसमस का इंतजार लोग बेसब्री से करते हैं। नए साल के स्वागत के साथ जाने वाले साल की विदाई क्रिसमस के त्योहार से ही शुरू होती है। सभी लोग अपने अपने तरीकों से इस मानते है। वर्ल्ड स्ट्रीट फरीदाबाद में क्रिसमस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न तरह के मनमोहक आयोजन किए गए। जिसमें सेल्फी बूथ पर लोगों ने अपने परिवारों के साथ फोटो निकाले, सांता क्लॉस और उसकी सेंटोरिनी ने खूब लुभाया, साथ मैं ड्रैगन डांस, बच्चों के मनोरंजन के लिए कार्टून कैरेक्टर, बॉलीवुड डांस ट्रूप, मिरर मैन, रौनक-ए-यश : लाइव सूफी बैंड परफॉरमेंस, एंकर द्वारा अनेक गेम जैसे पेपर डांस इत्यादि शामिल थे। इस अवसर पर खाने पीने के अनेक विकल्प थे, जहां सपरिवार लोगों ने लुफ्त उठाया। 25 दिसंबर को वर्ल्ड स्ट्रीट पर क्रिसमस मनाने के लिए एक लाख से अधिक लोग इकट्ठे हुए। इस आयोजन को लोगों ने खूब सराहा और वर्ल्ड स्ट्रीट को ऐसे आयोजन करते रहने के लिए धन्यवाद भी किया। पिछले सालों मैं ठंडा हुआ जोश अब फिर से लोगों में उभरता हुआ दिख रहा है। हर साल हर धर्म के लोग 25 दिसंबर को क्रिसमस डे के रूप में मनाते हैं, जबकि यह खासतौर पर ईसाई धर्म का त्योहार है, लेकिन हर धर्म के लोग इसे मनाते हैं। इसे बड़ा दिन भी कहा जाता है। इस समय में लोगों की छुट्टियां भी होती हैं। जिससे इस त्योहार का मजा और दोगुना हो जाता है।

### गर्भवती के शराब सेवन से बच्चे की सेहत पर पड़ता है असर



**फरीदाबाद।** मेट्रो अस्पताल में सोमवार को गर्भवती महिलाओं को शराब के खतरे के प्रति जागरूक किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विनीता खरब ने कहा कि हर महिला की चाहत होती है कि वह स्वस्थ शिशु को जन्म दे। इसके लिए महिला को अपनी सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है, लेकिन गर्भावस्था के दौरान शराब की थोड़ी सी मात्रा से महिला के होने वालों बच्चे को बीमारी दे रहा है। महिलाओं को हेल्दी फूड लेने और अल्कोहल से दूर रहने की सलाह देने के बावजूद कुछ महिलाएं अल्कोहल का सेवन कर लेती हैं। जिससे उनके बच्चों में फेटल अल्कोहल सिंड्रोम (एफएएस) के मामले देखे जा रहे हैं। गर्भवती महिला के पेट के साथ ही ब्लड में पहुंच जाता है, जिससे यह गर्भ में पल रहे भ्रूण के कुछ नाजुक अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है या गर्भस्थ शिशु के अंगों को पूरी तरह से विकसित होने में बाधा पैदा कर सकता है। ऐसा माना जाता है कि अगर आप शराब का सेवन कर रही हैं, तो आपके बच्चे को जन्मजात समस्याएं हो सकती हैं। अगर गर्भवती महिला इस दौरान हैवी ड्रिंकिंग करती है, तो इससे प्रेग्नेंसी से जुड़ी गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। केवल इतना ही नहीं बल्कि महिला को कई बार फीटल एल्कोहल सिंड्रोम का सामना भी करना पड़ सकता है, जो सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति मानी जाती है। इस स्थिति में बच्चे का साइज सामान्य से कम हो सकता है और उसके अंग पूरी तरह विकसित नहीं हो पाते, जिससे बच्चे के शरीर में बहुत सी दिक्कतें देखने को मिल सकती हैं। कई स्थितियों में सेंट्रल नर्वस सिस्टम का भी कम विकास हो सकता है। बाद में बच्चे को इस सिंड्रोम के कारण देखने में समस्या हो सकती है या लर्निंग बिहेवियर से जुड़ी समस्याएं देखने को मिल सकती है। इसका मतलब है कि गर्भवती महिला जितना जल्दी शराब का सेवन करना बंद कर देगी उतना अच्छा ही बच्चे के लिए यह सफर रहेगा।

### शिक्षा की ओर संस्था ने किया अवार्ड का आयोजन




**फरीदाबाद।** शिक्षा की ओर संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बहुआयामी प्रतिभाओं के धनी बच्ची के लिए एक लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएच-दो स्थित महावीर कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 78 बच्चों को मुख्य अतिथि एनआईटी क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेन्द्र भड़ाना ने, प्रथम रहे छात्र को 10 हजार रूपये, द्वितीय छात्र को 5 हजारा रुपये, तृतीय स्थान पर रहे छात्र को 2 हजार रुपये के अलावा ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षा की ओर से संस्था संतोष कुमार, विक्की कुमार ने मुख्य अतिथि व आए हुए अतिथियों का बुके देकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। संतोष कुमार व विक्की कुमार ने बताया कि शिक्षा की ओर संस्था लगातार शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें किताबें, कॉपी व अन्य पाठ्य सामग्री भेंट करते है। इसके अलावा संस्था छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी पूरी-पूरी मदद करती है। इस मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षाविदें को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना ने कहा कि आज गरीब, मध्यम वर्गीय बच्चों के लिए प्रदेश की खट्टर सरकार ने सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करते हुए राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल बनाए इस मौके पर शिक्षाविद् दिग्विजय भाटी, सतीश भड़ाना, अमित जैन, विकास भाटी, प्रदीप गुप्ता, संतोष कुमार, देवेश सिंह, विक्की कुमार, सुमन चौधरी, काजल, सुमन, श्वेता श्रीवास्तव, रेणु सिंह, पप्पू कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं, अभिभावक व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मनाया 98 वां स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के फरीदाबाद जिला परिषद ने पार्टी का 98 वहां स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय मार्केट नंबर 1 फरीदाबाद में मनाया। इस अवसर पर प्रख्यात मार्क्सवादी लेनिनवादी चिंतक व सिद्धांतकार तथा पार्टी के केंद्रीय शिक्षा विभाग के प्रमुख कामरेड अनिल राजीमवाले, वरिष्ठ पार्टी नेता कामरेड हो राम सिंह आर्य, कामरेड सुशीला सरगम, धर्मशिला देवी, मुरली कुमार गुरूग्राम आदि को फूल माला व शॉल देकर सम्मानित किया गया। कामरेड हो राम सिंह आर्य ने पार्टी का झंडा फहराया और कामरेड राजीमवाले ने आज के हालात में कम्युनिस्टों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला सचिव बेचू गिरी ने भी कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के बाद इसके द्वारा आर्थिक राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों में किए गए बहुमूल्य कार्यों की संक्षिप्त में रोशनी डाली। जिला सचिव कामरेड आरएन सिंह ने मंच संचालन किया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 दिसम्बर, 2022



## उत्तर प्रदेश की छवि

### बना निवेश स्थल

**पिछले** कुछ साल में उत्तर प्रदेश की छवि में आमूल परिवर्तन हुआ है और वह देशी-विदेशी उद्योगपतियों का निवेश स्थल बन गया है। कानून-व्यवस्था बेहतर होने के कारण पंजाब के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनायें तलाश रहे हैं। 1980 के दशक में प्रमुख जनसंख्याविद् व आर्थिक विशेषज्ञ आशीष बोस ने 'बीमारू' शब्द गढ़ा था जो हिंदीभाषी क्षेत्र के गरीब व पिछड़े राज्यों-बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश का प्रतीक था। यह शब्द हिंदी शब्द 'बीमार' के निकट था। इसका व्यापक प्रयोग नीति निर्माताओं व टिप्पणीकारों ने किया था। दूसरी ओर पंजाब की छवि एक जीवन्त राज्य की थी और अब भी है जहां लोग अच्छा भोजन करते हैं, लस्सी और व्हिस्की पीते हैं तथा भांगड़ा करते हैं। लेकिन समय बदलने के साथ ये सभी चीजें बदल रही हैं। विभिन्न राज्यों के लगभग 50 उद्योगपतियों ने 19 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उस राज्य में निवेश के अवसर तलाशे, जबकि एक समय इस राज्य को 'बीमारू' कहा जाता था। पंजाब डाइंग फेडरेशन के अध्यक्ष तथा लुधियाना के उद्योगपति टी.आर. मिश्रा ने मीडिया को बताया कि योगी आदित्यनाथ से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में 'पंजाब के 15 बड़े उद्योगपति' शामिल थे। पंजाब के बिजनेसमैनों में एवन साइकिल के एमडी ओंकार सिंह पाहवा व हीरो समूह के प्रमुख व एमडी पंकज मुंजाल भी शामिल थे। बताया जाता है कि पंजाब के उद्योगपति अपने प्रदेश में 'खराब होती कानून-व्यवस्था' से चिन्तित तथा नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा 'दिलचस्पी न लेने' के कारण निराश थे। उनका यह भी विचार है कि उत्तर प्रदेश की 'बेहतर औद्योगिक नीति' है। हालांकि, हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 'छवि निर्माण' का अच्छा प्रयास किया है और उसे मीडिया ने समर्थन दिया है, लेकिन निश्चित रूप से यह वास्तव में खुशी की बात है कि बिजनेसमैन देश के सबसे बड़े राज्य में निवेश के प्रति दिलचस्पी दिखा रहे हैं।



उद्योगपति उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था व ढांचागत संरचना के कारण आकर्षित हो रहे हैं। उदाहरणार्थ, पाहवा उत्तर प्रदेश में अपने उद्योग का विस्तार करना चाहते हैं। उन्होंने बताया, 'उत्तर प्रदेश में ढांचागत संरचना में काफी सुधार हुआ है, श्रमशक्ति उपलब्ध है तथा कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उद्योगपतियों की बैठक से स्पष्ट रूप से भारतीय जनता पार्टी अत्यधिक प्रसन्न है। मजेदार बात है कि कांग्रेस भी इसे सुखद मानती है जो इस साल पंजाब में सत्ता गंवा चुकी है। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने राज्य में आम आदमी पार्टी-आप सरकार का मजाक उड़ाते हुए ट्वीट किया, 'बदलाव आ गया है।' वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने उद्योगपतियों के पलायन का कारण 'पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था' को बताया है। भले ही कांग्रेस नेताओं द्वारा राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का दोषी मान सरकार को बताना उचित हो, पर वे स्वयं भी राज्य की समस्याओं के लिए काफी सीमा तक जिम्मेदार हैं। उनको याद दिलाया जाना चाहिए कि पिछले साल अगस्त में भी पंजाब के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में 150 नई इकाइयां स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। इस घटनाक्रम से आप व दूसरी पार्टियों को कई सबक लेने चाहिए। पहला, कानून-व्यवस्था निवेश आकर्षित करने की प्रमुख शर्त है। दूसरा, 'खैरात' बांट कर आप चुनाव जीत सकते हैं, पर सरकार चलाना बिल्कुल अलग बात है। इसके साथ ही किसी भी सरकार को सुशासन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि खाली उपदेश देने से काम नहीं चलता है।

# राष्ट्रवाद के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी

**25 दिसंबर राष्ट्रवाद व सुशासन के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है। उनका जीवन और कार्य भारतीयों को आज भी प्रेरणा देता है।**

**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)





भारतीय जनता के लिए 25 दिसंबर का विशेष महत्व है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म इसी दिन हुआ था। उनको इस दुनिया से विदा लिए कई साल बीत गए, पर लोग आज भी भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद करते हैं। 'न्यू इंडिया' के निर्माण में उनका उल्लेखनीय योगदान उनको एक महानतम राजनेता के रूप में स्थापित करता है। समय बीतता रहता है, पर वाजपेयी जी लोगों के दिलों में बने हुए हैं। आज जब भारत उनके आदर्शों और उनके द्वारा निर्मित मूलाधारों पर आगे बढ़ रहा है तब उनकी आत्मा हमारे आसपास है। कई दशक पहले ही उन्होंने राजनीति पर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी थी। राजनीति जनता की सेवा का साधन है, पर इसके बावजूद राजनीति किसी प्रकार भी 'भीड़ का गुलाम' बनने का नाम नहीं हो सकता है। राजनेता बेहतर अवसरों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जनता का नेतृत्व करते हैं। नेताओं को भविष्य पर नजर रखते हुए समकालीन परिस्थितियों को समझ कर जनता के लिए सर्वोत्तम अवसर पैदा करने चाहिए। राष्ट्र का निर्माण जनता से होता है और राष्ट्रीय हित जनता का हित है।

सच्चे अर्थों में केवल कोई राष्ट्रवादी ही जनता का नेतृत्व कर सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी अपने विचार व कार्यों से पक्के राष्ट्रवादी थे। वे उल्लेखनीय कवि तथा उदार हृदय वाले व्यक्ति थे। वे स्वप्नदृष्टा थे। इसके साथ ही वे आशावादी, आस्तिक व कर्मठ व्यक्ति थे। वे विचारों को धरातल पर उतारना जानते थे और उनको इतिहास की गहरी समझ थी। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जानते थे कि भारत की यात्रा संघर्षों से भरी है। यह यात्रा लंबी और थका देने वाली हो सकती है। वे जानते थे कि जनता और राष्ट्र की सच्ची क्षमतायें प्राप्त करने के लिए भारत को भावी पीढ़ियों हेतु मजबूत नीव डालनी होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने भारत की यात्रा निर्धारित की थी।

बिना विचारधारा के राजनीति खोखली होती है। वाजपेयी जी इसे जानते थे और उन्होंने हमेशा विचारधारा को राजनीति के केन्द्र में रखा। वे संगठन निर्माण में दक्ष थे। उन्होंने पार्टी का ऐसा संगठन तैयार किया जिसने कई दशक की राजनीति में सैकड़ों नेताओं को तैयार किया। उन्होंने राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपने निकट आने का अवसर दिया। उन्होंने राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मानसिक संरचना पर अमिट छाप छोड़ी ओर इन कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी के विचारों व कार्यनीतियों के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने पीछे सर्वाधिक महत्वपूर्ण संदेश यही छोड़ा कि विचारधारा को कभी छोड़ा नहीं जा सकता है। हालांकि, आपातकाल समाप्त होने के बाद जनसंघ ने राष्ट्रीय हित में समाजवादियों से हाथ मिलाया, पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने और उनके साथियों ने अपनी विचारधारा छोड़ी नहीं है। उन्होंने दिखा दिया कि उनकी विचारधारा राष्ट्रीय हितों से पूरी तरह जुड़ी है। वाजपेयी अपनी कथनी व करनी में पूरी तरह ईमानदार थे। उनको सुस्वादु भोजन प्रिय था, वे बच्चों से प्यार करते थे, दोस्तों के साथ का आनन्द उठाते थे तथा वार्तालाप का आनन्द लेते थे। वे अच्छी बहस कर लेते थे और उनको तार्किक बातें पसंद थीं। इन सबके साथ ही वे महान लोकतंत्रवादी थे। यहां तक कि कम्युनिस्टों को भी उनका साथ पसंद था। सभी लोगों की उन तक पहुंच थी और वे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते थे। संसद में उनके तर्क तलवार की धार की तरह तेज होते थे। वे अपनी बुद्धिमत्ता व तर्क शक्ति से विरोधियों को परास्त कर देते थे। इसके बावजूद वे संसद के बाहर सबके मित्र थे। वे कभी राजनीतिक विभाजनों को अपने लिए दीवाल नहीं मानते थे। इस प्रकार वे अपने आप में विशिष्ट थे। उन्होंने संसदीय बहसों को हमेशा समृद्ध बनाया। अपने योगदान से उन्होंने संसद में बहस और विमर्श की परंपरा स्थापित की।

1971 के भारत-पाक युद्ध के समय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में एकता का आह्वान किया था। भारत ने एक स्वर से सशस्त्र बलों की वीरता का समर्थन किया था। उन्होंने दिखा दिया था कि कोई भी राजनीतिक विभाजन भारत के राष्ट्रीय हितों में बाधा नहीं बन सकता है। भारतीय सेना की वीरता और उसकी क्षमता के बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है। स्वर्गीय वाजपेयी ने अपनी कथनी और करनी से ऐसी संसदीय परंपरायें स्थापित कीं कि भारत के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मामले में किसी विभाजनकारी विमर्श का कोई स्थान नहीं है। वास्तव में विपक्ष को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यवहार से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कभी भारत के राष्ट्रीय हितों की कीमत पर राजनीतिक लाभ उठाने के लिए 'शार्टकट' अपनाने का प्रयास नहीं किया। लेकिन विडंबना है कि पिछले कुछ साल से वर्तमान विपक्ष भारत के राष्ट्रीय हितों के मामले में भी विभाजनकारी संकेत दे रहा है। निश्चित रूप से विपक्ष को स्वर्गीय वाजपेयी के कार्यों का अध्ययन कर अपने व्यवहार में उनके मूल्यों को समाहित करना चाहिए। स्वर्गीय वाजपेयी आधुनिक भारत के निर्माता थे। भारत शताब्दियों तक विदेशी शासकों का गुलाम रहा। स्वाभाविक रूप से इसके कारण लोगों के दिमाग में अपने प्रति विश्वास की कमी घर कर गई। भारत को अपनी शक्ति पुन: खोजनी थी।

लोगों को अपनी क्षमतायें समझनी थीं। भारत को विश्व व्यवस्था में अपने लिए समुचित स्थान तलाशना था। इसी दृष्टिकोण के चलते स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 में पोखरण में नाभिकीय परीक्षणों का निर्णय किया। वे कभी भयभीत नहीं हुए और विश्व शक्तियों का कोई दबाव या धमकी उनको नाभिकीय प्रतिरोधक क्षमता प्राप्त करने से रोकने में सफल नहीं हुई। यह भारत के लिए अविस्मरणीय क्षण थे जब उसने अपनी क्षमता के प्रति सारे संदेहों को समाप्त कर दिया।

सच्चे लोकतंत्रवादी के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने उल्लेखनीय सफलता के साथ गठबंधन सरकारों का नेतृत्व किया। 1980 के दशक में भारत की विभाजित राजनीति ने एक के बाद दूसरे कई चुनावों में विखंडित जनादेश दिए। लेकिन स्वर्गीय वाजपेयी ने इन परिस्थितियों में भी राजनीतिक स्थायित्व बनाने का प्रयास किया। भारतीय राजनीति की उन अस्थिर परिस्थितियों में भी स्वर्गीय वाजपेयी ने आधुनिक भारत की नीव डाली। कनेक्टिविटी प्रगति का रास्ता है। वाजपेयी जी ने व्यक्तिगत रूप से दिलचस्पी लेकर भारत को सड़कों, बंदरगाहों, हवाईअड्डों व दूरसंचार कनेक्टिविटी के मार्ग पर आगे बढ़ाया। उनको इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि आज कोरोना-पश्चात वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में भारत मजबूती से अपना स्थान बना चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी भारत में दूरसंचार क्रांति के पितामह हैं। भारत आज डिजिटल अर्थव्यवस्था में अनेक उपलब्धियों का लाभ उठा रहा है। इसका श्रेय वाजपेयी जी को दिया जाना चाहिए। उनको इस बात का भी श्रेय दिया जाना चाहिए कि भारत आज कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लक्षित रूप से जनता तक पहुंचाने के मामले में डिजिटल क्षमताओं का प्रयोग कर रहा है।

स्वर्गीय वाजपेयी का विश्वास था कि जनता के बीच मौजूद खाइयां पाटी जानी चाहिए। उन्होंने समझ लिया था कि भारत की यात्रा में देश के ग्रामीण हिस्से पीछे छूट रहे हैं। इस पर ध्यान देते हुए उन्होंने ग्रामीण भारत में कनेक्टिविटी की गहन नीतियां तैयार कीं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-पीएमजीएसवाई ने आज बड़ी सीमा तक भारत में शहरी-ग्रामीण विभाजन समाप्त किया है। अब देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शहरी सुविधायें मिल रही हैं। इसका श्रेय वाजपेयी जी को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कभी जनता के हित में कठोर निर्णय लेने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने दिखा दिया कि सुशासन की राजनीति संभव है। यह उन राजनेताओं से बिल्कुल अलग है जो सत्ता तक आसानी से पहुंच के लिए 'लोकरंजक' नीतियां अपनाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के उल्लेखनीय कार्य ने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी क्षमता के व्यापक विस्तार में सहायता दी। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'स्वर्णिम दशक' का उपहार दिया।

दु:ख की बात है कि प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के अच्छे काम को मनमोहन सिंह नीत संप्रग सरकार के घोटालों ने बेकार कर दिया। लेकिन भारत की जनता ने रास्ता ठीक किया और उसने रिकार्ड जनादेश के साथ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा को सत्ता वापस सौंपी। इस प्रकार देश की जनता ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन का महत्व स्वीकार किया। जनता ने ऐसा जनादेश भाजपा को दिया जो भारत को विकास व क्षमता के संपूर्ण उपयोग के रास्ते पर ले आया है। भारत का विकास अटल जी की विचारधारा को केन्द्र में रख कर तेजी से गतिशील है। इस प्रकार स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की छवि देश की जनता के हृदय में 'अटल' बनी हुई है।

# जिन्ना का मिशन था पाकिस्तान की स्थापना

**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



सामान्य मानवीय समीकरण से परे, एक आध्यात्मिक प्रश्न उठता है कि मोहम्मद अली जिन्ना के जीवन और करियर के पीछे क्या मिशन हो सकता है। पाकिस्तानी दैनिक डॉन के एक पूर्व संवाददाता- जो दिल्ली में तैनात थे, लेकिन अब ब्रिटेन में बस गए हैं - कहते हैं : ''विभाजन ने हिंदू धर्म को बचाया।''

हम कहते हैं कि जिन्ना के बिना विभाजन संभव नहीं था। मुसलमानों में कोई और नेता नहीं था जो ब्रिटिश वाइसराय और अधिकारियों के साथ बहस या बातचीत कर सके। जिन्ना एकमात्र ऐसे मुसलमान थे जो सरदार वल्लभभाई पटेल और भूलाभाई देसाई जैसे बड़े कांग्रेस नेताओं और निश्चित रूप से जवाहरलाल नेहरू के साथ बहस और बातचीत कर सकते थे। न ही किसी अन्य मुस्लिम लीगी का अखिल भारतीय कद था। न किसी अन्य ने जुलाई-अगस्त 1946 की सीधी कार्रवाई जैसी किसी सामरिक योजना में महारत दिखाई थी जो पाकिस्तान के निर्माण की ओर ले जा सके। जिसने अंग्रेजों के साथ-साथ हिंदुओं को भी आश्वस्त किया था कि अविभाजित भारत दो तलवारों वाली म्यान होगा। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि दिल्ली आने वाले वायसराय माउंटबेटन को यकीन हो गया था कि अंग्रेजों के जाने से पहले भारत को विभाजित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

जिन्ना दूसरी पीढ़ी के मुसलमान थे। उनके दादा पूंजाभाई ठक्कर थे, जो जो राजकोट से बहुत दूर नहीं ,धोराजी में एक प्रमुख व्यापारी थे। फिर भी, जिस तरह व्यवसाय अपनी नीयति में उतार-चढ़ाव देखते हैं, पूंजाभाई का भाग्य डूब गया, उन्होंने मछली व्यापार में विविधता लाई। इससे उनकी शाकाहारी लोहाना जाति परेशान हो गई। मछली के व्यापार से चिपके रहने के अलावा पूंजाभाई के पास जीवित रहने का कोई विकल्प नहीं था। जाति और उसके सदस्यों के बीच टकराव के कारण पुंजाभाई को लोहाना संप्रदाय से निष्कासित कर दिया गया। जवाब में, पूंजाभाई, सर आगा खान के अनुयायी,इस्माइली खोजा में धर्मांतरित हो गए।



धर्मांतरण के बाद की बेचैनी ने अंतत: परिवार के बंदरगाह शहर कराची में प्रवास का नेतृत्व किया। उनके पिता जिन्नाभाई अपने पैतृक व्यवसाय में लगे रहे, हालांकि वे चाहते थे कि उनका बेटा लंदन से चार्टर्ड अकाउंटेंट बने। जिन्ना के पासपोर्ट पर 'मोहम्मद अली जिनाभाई' पढ़ा गया और लंदन में उनके शुरुआती परिचितों के बीच उन्हें इसी नाम से जाना जाने लगा। गुजराती में 'जीना' का मतलब छोटा होता है, और 'भाई' का मतलब भाई होता है। जल्द ही, उन्होंने महसूस किया कि एकाउंटेंसी उनके बस की बात नहीं। अपने समूह या छात्रावास के साथियों के सुझाव पर उन्होंने लिंकन्स इन आफ लॉ में व्याख्यानों में भाग लेने और रात्रिभोज करने में अपना हाथ आजमाया, जो उन्हें पसंद आया। दो साल बाद बैरिस्टर-एट-लॉ पास करने के बाद, जिन्ना ने सीखा कि वह अपने प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत होने के लिए बेहद कमउम्र थे। उन्हें 21 साल की उम्र तक इंतजार करना पड़ा था।

जिन्ना ने जो अन्य गतिविधि अपनाई, वो यह कि वह हाउस ऑफकॉमन्स के सत्रों में, जब भी संभव हुआ, उसमें भाग लेते थे और राजनेताओं की सहायता भी करते थे। उन्होंने दादाभाई नौरोजी के सचिव के रूप में कार्य किया, जो 1892 से 1895 तक फिन्सबरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद के उदार सदस्य बने। कुल मिलाकर, जिन्ना ने लंदन में जीवन का आनंद लिया और भारत लौटने से पहले एक भूरे अंग्रेज बन गए। इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि उन्होंने धर्म या आध्यात्मिकता के मामलों में कोई दिलचस्पी दिखाई थी।

बंबई उच्च न्यायालय में दाखिल होते ही उनका कानूनी करियर चमक गया। उनके कई मित्र हिंदू थे, और उन्होंने विशेष रूप से उच्च वर्ग के पारसियों की सोहबत का आनंद लिया। उनके भाई अहमद अली ने अपने दोस्त और मेरे दादा धरमदास वोरा को बताया कि ''सांस्कृतिक रूप से हम दोनों भाई पारसी हैं। जब तक मोहम्मद को मुस्लिम लीग का आजीवन अध्यक्ष नहीं बनाया गया, तब तक हमने न तो प्रार्थना की थी और न ही हमारे पास उपयुक्त कपड़े थे। अधिकांश मुस्लिम कांग्रेसी लीग के सदस्य थे, जैसे कई हिंदू कांग्रेसी हिंदू महासभा की बैठकों में शामिल होते थे। कलकत्ता में कांग्रेस के 1928 के पूर्ण अधिवेशन तक, जिन्ना एक धर्मनिरपेक्ष राजनीतिज्ञ थे।

1928 के अधिवेशन में जिस तरह से उन पर छींटाकशी की गई, उसने उन्हें दुखी कर दिया और कलकत्ता छोड़ते समय, उन्होंने अपने दोस्त दीवान चमन लाल से आंखों में आंसू भरकर कहा, ''यह रास्तों का अलग होना है।'' बंबई से, जिन्ना पूर्णकालिक वकालत की प्रेक्टिस करने के लिए लंदन चले गए। वह पहले से ही समूचे ब्रिटिश साम्राज्य में सर्वाधिक वेतन पाने वाले बैरिस्टर थे।

हालांकि जिन्ना ने हैम्पस्टेड में अपने खुद के आलीशान घर में उच्च वर्गीय जीवन व्यतीत किया, लेकिन उन्होंने अपनी राजनीति की कमी महसूस की। 1934 में, जब नवाबजादा लियाकत अली खान लंदन का दौरा करने आए, तो उन्होंने जिन्ना के साथ रात का भोजन किया ताकि यह प्रस्तावित किया जा सके कि कायद-ए-आजम लीग का नेतृत्व करने के लिए भारत लौटें और इसमें जीवन फूंकें।

यह सुनिश्चित करने के बाद कि उनका स्वागत हुआ है, जिन्ना 1935 में बंबई लौट आए। इसके बाद, नए अध्यक्ष का दिमाग इस बात पर केंद्रित था कि लीग को अपनी पहचान बनाने में सक्षम होने के लिए किस उद्देश्य और रणनीति की आवश्यकता है। 23 मार्च, 1940 को लीग के खुले सत्र में बहुचर्चित पाकिस्तान प्रस्ताव पारित किया गया था। प्रस्ताव में कहा गया था कि ''हिंदू और मुसलमान विरोधी समुदाय हैं और एक ही देश में सह-अस्तित्व नहीं रख सकते। इसीलिए इसका उत्तर था कि हिन्दुओं के लिए हिन्दुस्तान और मुसलमानों के लिए पाकिस्तान में देश का विभाजन। ''

चूंकि जिन्ना केवल अंग्रेजी और थोड़ी गुजराती जानते थे, उन्होंने अंग्रेजी में जनसभाओं को संबोधित किया, लेकिन फिर भी विभाजन के लिए प्रचार करने निकल पड़े। इसलिए, विभाजन- जिन्ना के नाम और प्रसिद्धि तथा इतिहास में एक राष्ट्र के संस्थापक के रूप में उनके स्थान - की घटना बनकर संपन्न हुआ।

## आप की बात

### फिल्मों का विरोध

**कानून** का दुरुपयोग न केवल उसकी उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है अपितु पीड़ितों के साथ अन्याय भी साबित होता है। जिस तरह आजकल कानून परेशान करने का हथियार बनता जा रहा है वह न केवल चिंता का विषय बल्कि न्याय प्रक्रिया का मखौल भी है। लगातार बढ़ते दुरुपयोग को संज्ञान में लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी की है उसे अमल में लिए जाने की जरूरत है। आजकल कानून रसूखदार और षड्यंत्रकारियों के हाथ की कठपुतली बनकर रह गया है। निर्दोष और कमजोर लोग इसके शिकार होते ही हैं। इस तरह की घटनाएं आम हो चुकी है जो आए दिन खबरों की सुर्खियां बनती हैं। हालातों के मद्देनजर ही सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी आई है कि कानून निर्दोषों की रक्षा के लिए है न कि तलवार की तरह डराने के लिए। अब जरूरत इस बात की है कि इस तरह पीड़ित हो रहे निर्दोष, किंतु अपराधी ठहराए गए लोगों के मामलों की वास्तविकता की तह तक जाया जाए और न सिर्फ सजा से उन्हें मुक्त किया जाए अपितु दोषी जवाबदारों को सीखचों के पीछे डाला जाए तभी न्याय का मकसद कि '100 अपराधी बच जाए पर एक निर्दोष को सजा न मिले' पूरा हो सकेगा। इस सिद्धान्त पर अमल होना जरूरी है।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर

### गिग वर्कर्स की पीड़ा

**काम** के बदले भुगतान के आधार पर रखे गए कर्मचारियों को गिग वर्कर कहा जाता है। हालांकि, ऐसे कर्मचारी कंपनी के साथ लंबे समय तक भी जुड़े रहते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए काम करने वाले, मसलन, फूड डिलिवर करने वाले कैब ड्राइवर, आदि। पूरे भारत में लगभग 15 मिलियन गिग वर्कर्स हैं। ये गिग वर्कर अमानवीय व्यवहार की कई कहानियां सुनाते हैं। हाल ही में एक फूड डिलीवरी एजेंट का एक्सीडेंट हो गया, उसने कंपनी हेल्पडेस्क को फोन किय। कंपनी ने केवल अपना ऑर्डर देने के लिए प्रतिस्थापन भेजा, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई भी नहीं आया। कैब चालकों की भी स्थिति अलग नहीं है। गिग वर्कर्स की मुख्य मांगों में से एक कर्मचारियों के रूप में मान्यता है। अधिकांश गिग वर्कर किसी मंच से जुड़े हैं और सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए कर्मचारियों के रूप में काम करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हैं, लेकिन उनके 'डिलीवरी पार्टनर्स' या 'तत्काल ठेकेदारों' जैसे नाम हैं, मगर कर्मचारियों के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। सरकार हस्तक्षेप कर गिग वर्कर के लिए नियामक ढांचा बनाए जिससे कि इन श्रमिकों के श्रम अधिकारों की रक्षा की जाए।

**परमवीर 'केसरी',** मेरठ

### कोरोना से भय

**विश्व** में तबाही मचा चुके कोरोना महामारी के प्रकोप ने एक बार फिर से लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों में काफी तेजी से इसके मामले बढ़ रहे हैं। अप्रत्यक्ष बढ़ोतरी सचमुच चिंताजनक है। खासकर चीन में तो इसके भयावह हलात हैं लगभग 60 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुकी है। अब हमें पुन: सावधानी बरतना आरंभ कर देना चाहिए, कम से कम मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग तो शुरू कर देना चाहिए। नीति आयोग की तरफ से भी लोगों को मास्क लगाने और बूस्टर डोज लेने की अपील की जा रही है। कोरोना के अब तक का अनुभव बताता है कि इस वायरस को किसी भी सूरत में हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह एक बार फैल गया तो रोकना बहुत कठिन हो जाएग, वैसे भी हमारे यहा संक्रामक बिमारी काफी तेजी से फैलती हैं। इसलिए सतर्क रहें, स्वस्थ रहें। लेकिन अवसाद व निराशाजनक भावनाओं से बचना भी जरूरी है क्योंकि ऐसा होने पर समस्या और गंभीर हो सकती है।

**नवनीत कुमार,** चंपारण

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**कांग्रेस** कोरोना प्रोटोकाल संबंधी सभी निर्देशों का पालन करेगी, पर वह अपनी यात्रा नहीं रोकेगी।

– **सलमान खुर्शीद**
कांग्रेस नेता

**मेरी** राष्ट्रपति जेलेन्स्की से मुलाकात रूस से युद्ध के समय हुई थी। उन्होंने दृढ़ता से अपनी जनता के साथ खड़े रहने का वादा किया था।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उप राष्ट्रपति





**न्यायपालिका** को अवैध बनाने की बात मेंरी समझ से परे है। यह लोकतंत्र का एक स्तंभ है।

– **जगदीप धनखड़**
उप-राष्ट्रपति

# सरकार गांवों में टेलीकन्सल्टेशन-टेलीमेडिसिन की सुविधा के लिए युद्धस्तर पर कर रही कार्य

## अटल स्वास्थ्य मेला-2022 के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ मिनी स्टेडियमए विकास नगर में अटल स्वास्थ्य मेला 2022 के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री और लखनऊ के गौरव भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अटल जी की स्मृतियों को संजोये रखने और लखनऊवासियों को आरोग्यता की सम्पूर्णता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अटल स्वास्थ्य मेले के आयोजकों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक मानक गढ़े हैं। प्रत्येक स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। गांवों में जहां चिकित्सकों की उपस्थिति नहीं हो पाती है वहां टेलीकन्सल्टेशन और टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध करायी जा सके, इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 6 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाना, बड़ी उपलब्धि है लेकिन अभी इसमें हमें कई मानक आगे बढ़ाने हैं। जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं, वे गोल्डन कार्ड अवश्य बनवा लें। स्वास्थ्य मेलों में स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी कार्यक्रम संचालित हैं। सीएम ने कहा कि पहले अटल स्वास्थ्य मेले में 7500 से अधिक तथा दूसरे अटल स्वास्थ्य मेले में 10500 से अधिक लोगों ने इसका लाभ लिया। कल और आज इस मेले में हजारों की संख्या में लोगों ने इसका लाभ लेने के साथ-साथ केन्द्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उन्होंने दिव्यांगजनों के साथ संवाद किया और उन्हें दिव्यांगजन कृत्रिम अंग उपकरण वितरित किए। दिव्यांगजन के पास जब सहायक उपकरण होते हैं तो वह स्वयं को पूर्णता का अनुभव करते हुए सामान्य दिनचर्या की तरह अपने जीवन को आगे बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप आज देश ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश, पूरी दुनिया के सामने लोकतंत्र और विकास के एक मॉडल के रूप में आगे बढ़ रहा है।

## सुशासन दिवस पर सीएम ने अटल को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी एक कवि, लेखक, पत्रकार तथा संवेदनशील जनप्रतिनिधि थे। श्रद्धेय अटल जी ने देश की विदेश नीति को प्रभावी ढंग से तथा प्रखरता के साथ वैश्विक मंच पर रखा था। उन्होंने नेतृत्व देकर देश को अस्थिरता के दौर से उबारा था। वे भारत की राजनीति को स्थिरता प्रदान करने तथा पारदर्शी व जवाबदेह बनाने के प्रतीक पुरुष भी थे। मुख्यमंत्री लोक भवन के सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम में श्रद्धेय अटल जी की कविताओं का गान किया गया। अटल आवासीय विद्यालय तथा अटल जी के जीवन पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। गजेन्द्र सोलंकी ने श्रद्धेय अटल जी पर आधारित कविता का पाठ किया।

## पीएम मोदी से मिले कारागार व होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति



● प्रधानमंत्री ने सराहा उत्तर प्रदेश के कैदियों का हुनर, मंत्री ने भेंट की कैदियों की स्वनिर्मित वस्तुएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी से सोमवार को दिल्ली में उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने शिष्टाचार भेंट की। भारत के इतिहास में आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी प्रदेश के मंत्री ने विभागीय कार्यों को प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री से भेंट की है। भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी की जयंती के ठीक एक दिन बाद प्रधानमंत्री से मुलाकात कर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने अटल जी की कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति ईमानदारी को अपना मूलमंत्र बताते हुए अपने विभाग की समीक्षात्मक प्रजेंटेशन एक बुकलेट के माध्यम से दिखाई और इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विभागीय उपलब्धियों पर तैयार की गई पुस्तक की एक प्रति के साथ बंदियों द्वारा मथुरा जिला कारागार में बने ठाकुरजी की पोशाक, जैन मुनियों के अंगवस्त्र, पटुका, शॉल, साड़ी, अलीगढ़ जेल में बने लकड़ी के गदा व शिवलिंग, मेरठ जिला कारागार में बना फु टबाल एवं गाजियाबाद जेल के बंदियों द्वारा बनाए गई मोदी व गणेश जी की पेंटिंग, मोमबत्ती व दीए भेंट किए। मंत्री ने बुकलेट के माध्यम से रक्षाबंधन, करवाचौथ, दीवाली, भाईदूज जैसे त्योहारों को मनाए जाने के बारे में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने जेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गंभीरता से सुना समझा और एक अभिभावक की तरह अपना स्नेह दिया।

## राज्य स्तरीय खादी व ग्रामोद्योग प्रदर्शनी दो दिनों और चलेगी, कल होगा समापन

**लखनऊ।** लखनऊ में इन्दिरा नगर स्थित कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित राज्य स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी दो दिन और चलेगी। पहले इसका समापन 26 दिसंबर को किया जाना था, परन्तु लोकजन एवं प्रदर्शनी में आए विभिन्न प्रान्तों के उद्यमियों के आग्रह पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अब इस प्रदर्शनी को 28 दिसम्बर तक चलाने का फैसला किया है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक डॉ. नितेश धनव ने बताया कि प्रदर्शनी में अभी तक बड़ी मात्रा में भीड़ देखी जा रही है तथा लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर खरीददारी की जा रही है। माह दिसम्बर के आखिर में ठण्ड बढ़ने के कारण ऊनी कपड़ों एवं कश्मीरी शालों की बिक्री भारी मात्रा में हो रही है। लोगों द्वारा दान देने हेतु कम्बलों की भारी मांग है। इसके अलावा जूट से बने प्रोडक्ट, बंगाल की निर्मित साड़ियां एवं कपड़े, ग्रामोद्योगी उत्पाद जैसे शहद, ऑवला से बने उत्पाद, राजस्थानी नमकीन तथा मेघदूत के उत्पाद शैम्पू, साबुन, फेशवॉश, क्रीम, हेयर ऑयल इत्यादि की भी मांग है। खादी से बने वस्त्र जैसे कि मोदी सदरी, कुर्ता पैजामा, शर्ट प्रदर्शनी में आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। खादी के उत्पादों पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। धनवन ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रतिदिन सायं पांच बजे से रात आठ बजे तक नृत्यांजलि फ़ाउण्डेशन द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लखनऊ जनपद के जाने-माने कलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया जा रहा है।



वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## पीपीएस एसोसिएशन ने की जल्द कैडर रिव्यू करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीपीएस** एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य रूप से कैडर रिव्यू को जल्द से जल्द कराए जाने की मांग की गई। जो साल 2019 से ही प्रस्तावित था लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका। हजरतगंज स्थित पुलिस ऑफिसर्स मेस में पीपीएस एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन की अध्यक्षता दिनेश यादव अपर पुलिस अधीक्षक ने की। पीपीएस एसोसिएशन द्वारा गत वर्ष किए गए कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान एसोसिएशन ने गत वर्ष की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण भी किया। बैठक में साल 2019 के कैडर रिव्यू में कुछ कमियों के चलते पीपीएस संवर्ग को प्रोन्नति में उचित प्रतिनिधित्व न मिल पाने की समस्या पर भी विचार किया गया। वहीं इसे लेकर आगे की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। शीघ्र ही नई कार्यकारिणी के गठन किए जाने पर भी विचार किया गया।

## रामपुर से बीजेपी विधायक ने ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में रामपुर से नवनिर्वाचित विधायक आकाश सक्सेना को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान एवं विधान सभा कार्य संचालन नियमावली की प्रति भेंट की। विधान सभा अध्यक्ष ने सदस्य को बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हो और जीवन में यशस्वी हो तथा सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता जनता की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## जी-20 की तैयारियों के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय समिति का गठन

● मंत्री ने पर्यटन विभाग को लोगो, टूरिज्म पैकेज व स्थानीय गाइड तैयार करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में जी-20 की 10 स्थानों पर आयोजित होने वाली कॉन्फ्रेंस में 40 देशों से आमंत्रित गणमान्य व्यक्ति यहां पधारेंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से लोगो, टूरिज्म पैकेज, आवासीय एवं स्थानीय गाइड आदि की व्यवस्था की जानी है। इसके सम्बंध में व्यापक तैयारी की जा रही है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त लखनऊ की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें उप निदेशक पर्यटन, क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय लखनऊ को सदस्य बनाया गया है। आयोजन सम्बंधी समस्त व्यवस्थाएं इस समिति द्वारा किए जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिली है। इस ग्रुप में दुनिया के विकसित देश शामिल हैं। जी-20 की बैठकें देश के विभिन्न प्रदेशों में आयोजित होंगी। उत्तर प्रदेश इसमें से एक है। इसलिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों के साथ पर्यटन विभाग इन बैठकों को सफ ल बनाने के लिए अपनी तैयारियां कर रहा है।

इन बैठकों में पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की पर्यटन सुविधाओं को प्रदर्शित कर भारत की अध्यात्मिक, पौराणिक एवं धार्मिक विशेषताओं को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने की रणनीति बनाई गई है। इसके साथ ही पर्यटन की अध्यात्मिक एवं अन्य सर्किट को व्यवस्थित किया जा रहा है। प्रदेश के गौरवशाली संस्कृति एवं धार्मिक विरासत को दुनिया के समक्ष प्रस्तुतकर देशी-विदेशी पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित किए जाने की रणनीति बनायी जा रही है।

## बुलंदशहर जिला जेल को मिला फाइव स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र

**लखनऊ।** जिला कारागार बुलन्दशहर में स्थापित अत्याधुनिक पाकशाला (ऑटोमेटिक मशीनों युक्त) के माध्यम से बंदियों को प्रदान किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता तथा पाकशाला की हाइजीन व्यवस्था को भारत सरकार की अति प्रतिष्ठित संस्था फू ड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने ईट राइट कैम्पस और फाइव स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र प्रदान किया है। एफएसएसएआई की टीम ने जिला कारागार बुलन्दशहर की पाकशाला का गुणवत्ता के कठोर मानकों पर अनेक बार सघन निरीक्षण व परीक्षण किया। निरीक्षणों के दौरान भोजन की गुणवत्ता, रखरखाव, स्टोरेज, पाकशाला की हाइजीन व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल एकत्र किए गए। इसके साथ ही साथ साफ, स्वच्छ एप्रेन, फुल स्लीव ग्लब्स एवं कैप पहनकर बंदियों की कुकिंग टीम द्वारा तैयार किए जा रह भोजन के सैम्पल परीक्षण कठोर मानकों पर खरे उतरे। परिणामस्वरूप एफएसएसएआई संस्था द्वारा जिला कारागार बुलन्दशहर को हाइजिन एवं ईट राइट कैम्पस के लिए 5 स्टार की रेटिंग प्रदान कर एक्सीलेंट सर्टिफि केट से सम्मानित किया गया। कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि बुलन्दशहर जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक व अन्य अधिकारियों, बंदियों ने विशेष अभियान चलाकर कारागार के सौन्दर्यीकरण, साफ-सफ ाई व्यवस्था एवं भोजन की गुणवत्ता को बढाए जाने के लिए निरन्तर परिश्रम किया। जिसके फ लस्वरूप जिला कारागार बुलन्दशहर को 5 स्टार रेंटिग प्राप्त हुआ।

## कांग्रेस ने यात्रा में शामिल होने के लिए यूपी के सभी प्रमुख दलों के नेताओं को दिया न्यौता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में 3 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद में लोनी बार्डर से प्रवेश करेगी। जहां 9 राज्य एवं देश की राजधानी, केन्द्र शासित राज्य दिल्ली में लगभग 2800 किलोमीटर की यात्रा पूरी हो चुकी है। इसी क्रम में भारत जोड़ो यात्रा आगामी 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश की जनता भव्य स्वागत के लिए तैयार है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी विपक्षी दलों के नेताओं को इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व मंत्री शिवपाल यादव, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं सांसद जयंत चौधरी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान, सतीश चन्द्र मिश्र सहित तमाम विपक्षी दलों के नेताओं को निमंत्रण भेजा जा रहा है। पांडेय ने बताया कि विपक्ष को संसद में बोलने नहीं दिया जाता। ऐसे में देशवासियों के मन की बात को जानने के लिए यात्रा ही एक मात्र विकल्प है। सम्पूर्ण विपक्ष का भी लगभग इस सरकार के प्रति एक जैसा ही नजरिया है। इसलिए यात्रा में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### बीजेपी नेता दिनेश शर्मा को भी भेजा निमंत्रण

**कांग्रेस** ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए दूसरे दलों के जिन नेताओं को न्यौता भेजा है, उनमें सबसे चौंकाने वाला नाम प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. दिनेश शर्मा का है। शर्मा यात्रा में शामिल होते हैं कि नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह का कहना है कि डॉ. शर्मा बीजेपी नेता होने के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी हैं। इस बारे में पूर्व डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के इस प्रकार का कोई निमंत्रण न उन्हें मिला है और न ही उनकी किसी कांग्रेस नेता से बात हुई है। बीजेपी मुख्यालय पर यदि कांग्रेस ने निमंत्रण दिया होगा तो उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है। ऐसे में उन्हें एक प्रोफसर की हैसियत से यात्रा का न्यौता दिया गया है। इसके अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर रविकांत को भी यात्रा में शामिल होने का न्यौता दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता का जो भी कहना हो लेकिन पार्टी के इसके पीछे की रणनीति को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। यूपी में नगर निकाय चुनाव प्रस्तावित है। डॉ. दिनेश शर्मा दो बार लखनऊ के मेयर रह चुके हैं। पिछली योगी सरकार में वह उपमुख्यमंत्री थे लेकिन इस बार उन्हें मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया।

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई संगीतकार नौशाद की जयंती

**लखनऊ।** सिनेमा जगत के महान संगीतकार नौशाद की जयंती 25 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मनाई गई। स्व. नौशाद का जन्म 25 दिसंबर 1919 को लखनऊ में हुआ था। 17 साल की उम्र में ही संगीत की दुनिया में उन्होंने कदम रखा। कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि नौशाद देश के बड़े सगीतकार रहे। जिनका मशहूर गाना 'तू गंगा की मौज, मैं यमुना की धारा' बहुत प्रचलित रहा। यही हमारे देश की गंगा, जमुनी संस्कृति को दर्शाता है। उनकी जयंती पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने नम आंखों से श्रद्धाजंलि अर्पित की। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालों में प्रदेश महासचिव-प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, संगठन सचिव अनिल यादव, दिग्विजय सिंह, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, अंशू अवस्थी, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय, संजय सिंह, पंकज तिवारी, प्रियंका गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय, वीरेन्द्र मदान, अमरनाथ अग्रवाल, प्रमोद सिंह, बब्लू पांडेय, राजेश सिंह काली, सुधा मिश्रा, समीर श्रीवास्तव, डॉ. रिचा शर्मा, प्रज्ञा सिंह आदि प्रमुख रहे।

## नगर निकायों की बदली स्थिति भाजपा की बड़ी विजय का आधार बनेगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** मुख्यालय पर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष, नगर निगमों में निकायों के संयोजक और मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष सम्मिलित हुए।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि बीजेपी नगर निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। निकायों में किए गए विकास कार्यों के साथ ही मोदी व योगी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, नगरीय परिवहन, मेट्रो रेल सेवा, दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना तथा अमृत मिशन जैसी योजनाओं बदली नगर निकायों की स्थिति भाजपा की बड़ी विजय का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं का जनता के साथ सतत सम्पर्क व संवाद ही पार्टी को सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी बनाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश से लेकर बूथ तक के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्रदेश में नगरीय निकाय के चुनाव में पार्टी की जीत के लिए काम करना है। उन्होंने जिला व वार्ड स्तर पर चुनाव समितियों के गठन पर भी जोर दिया। श्री चौधरी ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपकर चुनावी रणनीति तैयार की जाए। हर बूथ भाजपा-हर घर भाजपा के मंत्र के साथ प्रत्येक दहलीज तक सम्पर्क करना है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मण्डल प्रवास योजना के तहत प्रदेश से लेकर जिले तक का प्रत्येक पदाधिकारी मण्डलों में प्रवास करने जाएंगे। प्रवासी मण्डलों में जाकर मण्डल के पदाधिकारियों, सेक्टर व बूथ के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ संगठनात्मक बैठकें करेंगे। प्रवास के दौरान लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियोंए ऐतिहासिक निर्णयों तथा पार्टी की विचारधारा पर चर्चा करेंगे। धर्मपाल सिंह ने बैठक में कहा कि बूथ की मजबूत संरचना ही संगठन की मजबूती का आधार है। इसलिए बूथ सशक्तिकरण के लिए हम सभी को जुटना है। बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम, अभियान व योजना के केन्द्र में सेक्टर व बूथ ही होना चाहिए। हमें सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना जाए। बूथ पर नियमित बैठकें हो तथा बूथ समिति के एक.एक सदस्य की संगठनात्मक जिम्मेदारी तय हो। बूथ समितियों के साथ पन्ना प्रमुखों का सम्पर्क व संगठन द्वारा तय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए पन्ना प्रमुखों का पन्ने पर अंकित सभी मतदाताओं से नियमित सम्पर्क तय किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपा-बसपा समेत तमाम विपक्षी दल सिर्फ चुनाव के समय ही सक्रिय होते हैं। जबकि भाजपा अनवरत रूप से प्रकृति संरक्षण संवर्धन, जनसेवा तथा अन्य सामाजिक सरोकार के कार्यों के द्वारा जनता के बीच रहती है। जनता के बीच यही सतत सक्रियता भाजपा को जन-जन की पार्टी बनाती है। उन्होंने मोर्चो के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना पर कहा कि सभी मोर्चे आगामी दिनों में सेक्टर व बूथ स्तर पर अपनी सक्रियता को और अधिक बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी विचारधारा के साथ जोड़े।




## वर्चुअल मनी के जरिए प्रतिबंधित दवाओं की खरीद-फरोख्त करने वाले चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डार्कवेब** से भारत व अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों का डाटा प्राप्त कर वर्चुअल मनी (बिटकॉइन) के माध्यम से नशीली व प्रतिबंधित दवाइयों की खरीद-फरोख्त करने वाले गैंग के चार सदस्यों को एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई। एसटीएफ को सूचना मिली कि लखनऊ के मदेयगंज थाना क्षेत्र में एक गैंग द्वारा प्रतिबंधित व नशीली दवाओं की अवैध रूप से ऑनलाइन कॉल सेंटर चलाकर खरीद फ रोख्त का कार्य किया जा रहा है। गैंग का मुखिया फैजान अपने साथियों के साथ पक्का पुल, खदरा से पुरनिया जाने वाले बन्धे पर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची। एसटीएफ ने यहां से फैजान खान निवासी सदर अस्पताल रोड जनपद बस्ती, तौफीक उर्फ



सुफि यान निवासी रामलीला ग्राउंड, थाना मदेयगंज, लखनऊ, अशरफ खान निवासी जानकारीपुरम 60 फिटा रोड, लखनऊ और सार्थक वर्मा उर्फ पियूष वर्मा निवासी बनारसी टोला, अलीगंज, लखनऊ को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 1300 ग्राम प्रतिबंधित नशीली दवा (ट्रामाडोल) बरामद हुई।

फैजान ने पूछताछ पर बताया कि हम लोगों का प्रतिबंधित दवाओं को बेचने का एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह है। हम लोग इस व्यवसाय के लिए कस्टमर का डाटा डार्क वेब के माध्यम से प्राप्त करते है। जिसका पूरा काम सुमित कुमार शर्मा देखता है। हम लोग व्हाट्सएप व कॉल के माध्यम से कस्टमर से बात करके उनकी डिमांड पूछते है और उस हिसाब से दवाई मंगवाकर बिटकॉइन या पे-पाल के माध्यम से पैसा प्राप्त होने पर उन्हें कोरियर द्वारा दवा भेजवा देते है।

# सिंचाई गेस्ट हाउस में पूर्व विधायक महेन्द्र यादव ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

## ● स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर उनकी प्रतिमा को चढ़ाए पुष्प

## सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन

संवाददाता। सीतापुर

**पूर्व प्रधानमंत्री** स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयती सुशासन दिवस के रूप में पूर्व विधायक बिसवां महेन्द्र यादव ने सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में मनाई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प च ?ाने के बाद उनके विचारों को साझा किया। महेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाकान्त मिश्राए अजय गुप्ताए राहुल जायसवालए आकाश बजरंगीए राहुल मिश्राए जया सिंहए हरीश त्रिपाठीए अंजनी शुक्लाए शिवांशू मिश्राए रितेश सिंह गौरए अशोक कुमारए मनोज चौधरी सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने स्वण् अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व विधायक ने तहरी भोज का भी आयोजन किया।

## धूमधाम से मनाई गई अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती

**कस्बा रेउसा** के अटल चौक पर सांसदए विधायक और जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। सबसे पहले कार्यक्रम में भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने हनुमान मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। जिसके बाद जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा और सांसद राजेश वर्मा के साथ रेउसा चौराहे पर स्थित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर लोकेश मिश्रा अंजू तिवारी कंचन बाजपेई नीरज वर्मा झल्लरए संजीव मिश्रा सहित रेउसा और रामपुर मथुरा ब्लॉक के भाजपा मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर बेहटा मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। वहीं तंबौर के कायस्थन टोला बूथ पर अटल जयंती सुशासन दिवस बालीवाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट में तंबौर की 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव सुयश श्रीवास्तव रामजीवन जयसवाल जय कुमार वर्मा झब्बन बेग ब्रजेन्द्र सिंह उपेंद्र सिंहए संदीपए दिनेश शुक्लाए अजय पटेल संतोष शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे ।

## जमैयतपुर कम्पोजिट विद्यालय में बाल सभा का हुआ कार्यक्रम

**सीतापुर।** ब्लाक खैराबाद क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय जमैयतपुर में एक बाल सभा हुई। बाल सभा का षुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने किया। उन्होंने बाल सभा में बच्चों द्वारा प्रकाशित उनके अपने अखबार बालमित्र के पंचानवें अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रथम संस्था के जिला समन्वयक भास्कर तिवारी ने विद्यालय को 4 टेबलेटए कहानी की पुस्तकें तथा कोविड.19 की आशंका एवं संभावना के चलते 300 मास्क प्रदान किए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर भास्कर तिवारी के साथ.साथ उनके टीम के सदस्य हरेश शुक्ला ममता अग्निहोत्री अर्चना मिश्रा आरती अग्निहोत्री स्मिता गुप्ता शिल्पी मिश्रा अरविंद कुमार गीता भार्गव मनोज कुमार बहुतायत संख्या में बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## एक शाम तहज़ीब ए संडीला के नाम



मुशायरे का आगाज़ करती ज़ोया खातून

**संडीला( हरदोई )।** एक शाम तहज़ीब ए संडीला के नाम के तहत मुशायरे और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों और शायरों ने बड़ी संख्या में श्रोताओं के सामने अपने कलाम पेश करके वाह वाही लूटी। इस मुशायरे और कवि सम्मेलन का उद्घाटन सब्जी मण्डी में ज़ोया खातून द्वारा किया गया। उन्होंनें शमा रोशन कर इस मुशायरे का आगाज़ किया। मुशायरे और कवि सम्मलेन की सदारत चौ0 नदीम और संचालन आसिम काकोरवी ने किया। इस मुशायरे और कवि सम्मलेन में आसिम मकनपुरी ने सबसे पहले नात पेश कर मुशायरे का बाकायदा आगाज़ किया। मुशायरे में इरफ़ान लखनवी, सलीम ताबिश लखनवी, वकार काशिफ़ आबिद मंजर हरदोई, डॉ0 जुबैर सिद्दीकी, काशिफ मुईद रहबर, अभिषेक तिवारी, शहबाज़ तालिब, प्रांजल अस्थाना, डॉ0 जुबैर सिद्दीकी, पयाम संदीलवी, जुनैद संदीलवी, हसनैन संदीलवी, शिफ़ा नाज आदि ने अपने कलाम पेश किए। मुशायरे में पूर्व सभासद एवं चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी शोएब नबी, जीशान राईनी, मंतोष कुमार, शाकिब पठान, मीना खातून, शाहिदा खातून, सबा नासिर, कमरुल हक़, शकील अहमद, फ़हीम, अनवार उर्फ बाबू समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज लोगों ने चुनाव बहिष्कार की दी धमकी

**संडीला(हरदोई)।** निकाय चुनाव में पुलिस प्रशासन द्वारा कथित रूप से की जा रही ज्यादती को लेकर मतदाताओं ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मतदान के बहिष्कार की चेतावनी दी है। मिली जानकारी के अनुसार कछौना क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी को भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा कि स्थानीय पुलिस की ओर से शांति भंग की सूचि बनाकर नगर के प्रतिष्ठित एवं बीमार लोगों तक को शामिल किया गया है। ऐसे तमाम लोगों के नाम शांतिभंग के नाम पर सचि में शामिल किए गए हैं जिनका किसी प्रकार का कभी कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है। इस सूचि के सार्वजनिक होते ही लोगों में जबरदस्त नाराजगी पैदा हो गई और दो दर्जन से अधिक लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर कहा कि निकाय चुनाव के नाम पर पुलिस प्रशासन उनकी छवि को खराब कर रहा है। प्रार्थना पत्र में आगे कहा गया है कि इससे तो बेहतर यह होगा कि उनसे मताधिकार ही छीन लिया जाए ताकि लोग चुनावी प्रक्रिया में शामिल ही न हों और इस चुनाव शड्यंत्र से बच सकें। जिलाधिकारी ने इस सूचि पर तत्काल संज्ञान लेकर मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मामले की जांच पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को दी है। जिलाधिकारी की तत्काल कार्रवाई की लोगों ने सराहना की है।

## सिगरेट के रुपए मांगने पर चले लाठी-डंडे वीडियो वायरल , दो घायल

**बरेली।** सिगरेट के पैसे मांगने पर मारपीट, दबंगों ने की मारपीट, महिला और उसको बचाने आए लोगो के साथ की मारपीट, मारपीट में 2 लोग घायल, घायलों को अस्पताल के कराया गया । भर्ती, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल हो गया। बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला सैलानी के कसाई टोला निवासी रेहान के पिता बिकार अली बहन मुस्कान को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनके द्वारा बताया गया कि रिहान की बहन मुस्कान दुकान पर बैठी थी उसी वक्त मोहल्ले का रहने वाला फ़ईम ने उधार सिगरेट ले ली और पैसे मांगने पर गाली गलौज करने लगा जब मुस्कान ने इसका विरोध किया तब मुस्कान से मारपीट करना शुरू कर दी उसी दौरान उसका भाई व पिता मौके पर आ गए टीम के साथ उसके कुछ अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गए और बुरी तरह लाठी डंडो से मारपीट करने लगे बहा खड़े लोगो ने मारपीट की वीडियो बना ली घायलो ने थाना बारादरी में लिखित शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**बरेली।** बैल कोल्हू कंपनी से वापस घर आते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर तीन घायल एक की हालत गंभीर दीपू को कराया जिला अस्पताल में भर्ती। थाना किला क्षेत्र की गढ़ी चौकी के पास निवासी दीपू 30 वर्षीय पुत्र रामकुमार बैल कोल्हू कंपनी में काम करता है। शाम को बैल कोल्हू कंपनी थाना इज्जत नगर के पास बने ऑफ़िस से अपने दो साथियों के साथ स्कूल से 3 लोग घर आ रहे थे हार्टमैन पुल के पास सामने से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दीपू , गोविंद यादव और राजू तीनो लोग घायल हो गए दीपू के ज्यादा चोट आई है दीपू की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया ।

## बरेली में चेस और बॉक्सिंग का छात्र छात्राओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बरेली।** चेस बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफउत्तर प्रदेश के अध्यक्ष गगन मेहरोत्रा ने बताया की बरेली में पहली बार शतरंज और मुक्के के प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों को तयार किया जाएगा स्कूलों में दो दिन का प्रशिक्षण कैंप लगाया जाएगा और चेस और बॉक्सिंग के लिए तैयार किया जाएगा बरेली में एक अकादमी भी खोली जाएगी इस्प्रकार के आयोजन बड़े शहरों में किए जा चुके है ये प्रशिक्षण लड़के और लड़कियों दोनो के लिए है ये बरेली में एक नयाकॉम्बिनेशन है स्टेट लेवल का कंपटीशन कराया जायेगा जो जनवरी माह में आयोजित कराया जायेगा यूनिवर्सिटी स्तर पर प्रशिक्षण दिया जायेगा मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कर खिलाड़ियों को तैयार किया, प्रेस वार्ता में गगन मेहरोत्रा दीपक गुप्ता डॉक्टर पंकज पाल धर्मेंद्र सिंह चौहान रस्तोगी गौरव सिंह अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

## गायत्री चेतना केन्द्र का गौषाला उद्घाटन के साथ मनाया स्थापना दिवस

**सीतापुर।** सीतापुर के संतनगर सहसापुर स्थित गायत्री चेतना केंद्र का स्थापना दिवस गौशाला उद्घाटन के साथ मनाया गया। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया गायत्री चेतना केंद्र के 9वें स्थापना दिवस के अवसर प्रातः कालीन पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया जिसमें नगर व जिले से आए गायत्री परिजनों ने प्रतिभाग किया। गौशाला संचालक संत कमलए जिला समन्वयक राम नरेश वर्माए गायत्री परिजन अवधेश वर्माए रमाकांत अवस्थी डॉ0 राजीव सिंह प्रियंका शुक्ला गायत्री देवी सरोजबाला प्रेमदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे। संत कमल ने बताया गौशाला में गीर साहीवाल और थारपारकर देसी नस्ल की गायों को ही रखा गया है। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की यज्ञ ऊर्जा और शुभ संस्कारों से युक्त भूमि पर 24 गायों के साथ गौशाला शुरू की गई है।

# संयुक्त सहयोग से आर्थिक सुंदरीकरण एवम सामाजिक समानता विषय पर एक गोष्टी का आयोजन




**बरेली** । राधा कृष्ण चौरिटेबल ट्रस्ट बरेली एवं साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय बांसमंडी बरेली के संयुक्त सहयोग से आर्थिक सुंदरीकरण एवम सामाजिक समानता विषय पर एक गोष्टी का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य साहू रामसरुप महिला महाविद्यालय बरेली संबोधित करते हुए कहा गया कि हमारा देश आमी 25 वर्षों में विकास के मैं कीर्तिमान स्थापित करेगा और देश विकसित होने की दिशा में तेजी से बढ़ेगा। इस प्रकार की विकसित अर्थव्यवस्था तैयार करने के लिए सरकार ने डिजिटल करेंसी , ई गवर्नेंस नए व्यापार की शुरुआत के लिए सिंगल विंडो सिस्टम ,जीएसटी, आदि बहुत से सुधार किए हैं । गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुनील यादव ने बताया कि भारत विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो विकास हमने पिछले 75 वर्षों में देखा है उसका पांच गुना विकास आने वाले समय में दिखाई देगा, हम 15 से 20ट्रिलियन से अधिक की अर्थव्यवस्था बनेंगे, और विश्व में हमारी अर्थव्यवस्था दूसरे स्थान पर होगी और इस बदलते हुए भारत के विकास का लाभ वही उठा पाएंगे, जो अपने वित्तीय वित्तीय निवेश के लिए जागरूक होंगे, और वित्तीय निवेश की जागरूकता के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए हमरी संस्था द्वारा निरंतर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है ,ताकि बदलते भारत की अधिक से अधिक जानकारी आपको मिल सके और इसका लाभ उठाकर आने वाले समय में आप भी बदलते भारत के साथ अपनी भविष्य को सुनहरा बना पाए।कार्यक्रम में प्रो शशि शुक्ला प्रो प्रीति पाठक, अतुल सक्सेना, आदि ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का संचालन अतुल सक्सेना द्वारा किया गया।

# पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती संपन्न

संवाददाता। बरेली

**मणिनाथ स्थित** सुदामा नगरी मोहल्ले में पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती का कार्यक्रम संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में बड़ी तादाद में क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया और पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए ।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा किमहामना मदन मोहन मालवीय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। पंडित सोहनलाल शर्मा जी ने बताया किमदन मोहन मालवीय को महामना की उपाधि महात्मा गांधी ने दी थी। बापू उन्हें अपना बड़ा भाई मानते थे। मदन मोहन मोहन मालवीय ने ही श्सत ?यमेव जयतेश् को लोकप्रिय बनाया, जो अब राष्ट्रीय आदर्श वाक्य बन गया है और इसे राष्ट्रीय प्रतीक के तौर पर अंकित किया जाता है।कार्यक्रम में महंत अमृत दास खाकी जी को पंडित महामना मदन मोहन मालवीय जी की उपाधि से सम्मानित किया गया.कार्यक्रम मे पूर्व पार्षद महेश पंडित विपिन शर्मा ,अनुपम शर्मा, संजीव शर्मा, रत्नेश पांडे ,अनिल शर्मा ,पंकज उपाध्याय ,विष्णु देव पाठक , आदि ने मदन मोहन मालवीय जी को अद्भुत व्यक्तित्व बताते हुए अपने विचार व्यक्त किए .आयोजन पंडित विमल शर्मा ने किया व संचालन पूर्व पार्षद मोनू पांडे ने किया कार्यक्रम में मिलन शर्मा सौरव शर्मा मयंक पंडित उज्जवल तिवारी अंकित शर्मा उदय तिवारी संजीव शर्मा संदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कसमंडा ब्लाक के हमीरपुर कुषमौरा में लगाई गई जनचौपाल

**सीतापुर।** ब्लाक कसमण्डा की ग्राम पंचायत हमीरपुर मजरा कुशमौरा मे जन चौपाल का आयोजन पी डी गजेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे किया गया। इस मौके पर सीएचसी कसमण्डा से राजकमल रत्नाकरए सुधीर पाठक बच्चू लालए जेई आर एस शिवप्रकाश पटेल एडिओ सहकारिता आशुतोष धुर्वेए एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद्र सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिनेश यादव एपीओ मनरेगा चन्द्रप्रकाश ग्रामपंचायत अधिकारी दिनेश वर्माएप्रधान ग्रामपंचायत हमीरपुर सुमन पाण्डेय पसुचिकित्शक डाक्टर ग्यानेन्द्र वर्मा प्रभारी ऋषि रच्छा ईकाई कसमण्डा रंजीत कुमार वर्मा बी एम एम समूह देवेश प्रतापए प्रधान प्रतिनिध विद्याधर पाण्डेय खण्ड सिच्छा अधिकारी कसमण्डा संतोष कुमार मिश्रा आगनबाणी सुपरवाइजर नीलम श्रीवास्तवए छेत्रीय लेखपाल मनमोहन कटियार एसचिव साधन सहकारी समित गुड्डू बाजपेइ जलनिगम से जगन्नाथ यादव सिचाई विभाग श्रीप्रकाश निगम आदि मौजूद रहे।

## नगर में एबीवीपी की बैठक संपन्न हुई

**मोहम्मदी खीरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक रामलीला मैदान में स्थित जिला पंचायत डाक बंगले पर संपन्न हुई जिसका संचालन विभाग संगठन मंत्री श्री अंकुर गुप्ता जी और जिला कार्यकारिणी सदस्य अमन जी ने किया इस मौके पर श्री अखिल तिवारी, श्री कुशाग्र अग्निहोत्री,श्री लकी श्रीवास्तव , श्री घनश्याम पाठक समेत अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे इस बैठक में आने वाले कई कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह मिशन साहसी जैसे कई कार्यक्रम शामिल रहे और इसी मौके पर नगर की नई इकाई के गठन को लेकर भी चर्चा हुई विभाग संगठन मंत्री श्री अंकुर गुप्ता ने बताया कि बहुत जल्द मोहम्मदी नगर की इकाई का गठन हो जाएगा।

## तीन हजार किलो लहन की गई नष्ट



**मोहम्मदी-खीरी।** आबकारी विभाग की बड़ी कारवाई आबकारी इंस्पेक्टर आर के मिश्रा ने बताया कि थाना पसगवां के गाव खेमसराय में अवैध शराब की सूचना पर दबिस दी गयी। जिसमे गन्ने के खेत मे तलासी के दौरान दो भट्टी, प्रत्येक दो-दो ड्रमो की बरामद कर मौके पर नष्ट की गयी। गड्ढों एवं ड्रमों में लगभग 3000 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट की गयी। गन्ने के खेत एक जरीकेन एवं पांच प्लास्टिक के डिब्बों मे लगभग 130 लीटर कच्ची शराब बरामद कर जब्त की गयी।

# डीएम ने ली जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक

**लखीमपुर-खीरी।** शासन के निर्देश पर जनपद की सांस्कृतिक विरासत को संजोने व संवारने, परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर गठित जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की पहली बैठक हुई।

जिले में पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन हो चुका है, जिसकी पहली बैठक सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें उन्होंने समिति के अन्य सदस्यों के साथ जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंथन किया।

सोमवार को कलक्ट्रेट में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की डीएम की अध्यक्षता में हुई। डीएम ने कहा कि जनपद खीरी की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोने व संवारने एवं जनपद में पर्यटन की संभावनाओं को खोजने के लिये सभी मिलजुल कर प्रयास करें। जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए उसी के अनुरूप पर्यटन विभाग कार्ययोजना बनाये, ताकि सरकार को भेजा जा सके, ताकि सरकार से मंजूरी मिलने के बाद जिले को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया जा सके। जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

डीएम ने निर्देश दिए कि युवा पीढ़ी को अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पुरातात्विक व पौराणिक धरोहरों की जानकारी हो, इसके लिए कक्षा 6 से 12 तक के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में कम से कम 25 छात्रों के समूह में युवा पर्यटन क्लब की स्थापना कराई जाए।मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं सम्पूर्ण प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को खोजने, अन्वेषित किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन किया गया है। जनपद में भी उक्त परिषद का गठन हो चुका है, जिसकी आज प्रथम बैठक में डीएम ने सदस्यों द्वारा प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीएफ्ओ सुंद्रेशा, एएसपी डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्र चौधरी, एडीआईओ नरेंद्र कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोधी महासभा ने रतीराम लोधी को बनाया प्रदेश प्रवक्ता



**निघासन-खीरी।** राष्ट्रीय लोधी महासभा की संस्थापक अनुपमा सिंह लोधी के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कृष्णचंद्र लोधी ने निघासन तहसील के ग्राम देवीदीन पुरवा निवासी रतीराम लोधी को संगठन का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रदेश स्तरीय प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर कई गणमान्य नागरिकों ने रतीराम लोधी को शुभकामनाएं दी हैं ।

ज्ञातव्य है कि इससे पहले रतीराम लोधी की संगठन के प्रति सक्रियता और निष्ठा को देखते हुए लखीमपुर खीरी जिले का अध्यक्ष पद भी सौंप दिया था जो अब भी बरकरार है । पत्रकार और एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ साथ चंदन चौकी सहकारी संघ के संचालक रतीराम लोधी को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर ओमप्रकाश लोधी निखिल लोधी संजय गिरी नागेंद्र सिंह सेंगर मोहन चंद्र भगवती प्रसाद लोधी पूर्व प्रधान संतोष कुमार लोधी पूर्व प्रधान रमेश कुमार लोधी डीएस मौर्या प्रमोद कुमार लोधी सुरेश राजपूत राजेश राजपूत समाज और कई गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त किया है ।

# सौम्या तिवारी ने जीती जयपुरिया बाल मेले में स्कूटी




**लखीमपुर-खीरी।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में क्रिसमस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चो ने सेंटा संग खूब आनंद उठाया। बताते चले कि 24 दिसंबर क्रिसमस के पूर्व दिवस पर आयोजित बाल मेले में बच्चों ने गली फूड और मनोरंजक खेलों का स्टाल लगाया। बेबी शो में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी अनमोल कलाकारी का प्रदर्शन किया। बच्चो की मनमोहक मुस्कान ने सभी का मन मोह लिया। सबसे उत्तम प्रदर्शन वाले बच्चो को पुरुस्कार भी दिया गया। कार्निवाल में ओम फाउंडेशन की अध्यक्षा और विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा प्रियंका गुप्ता एवं विद्यालय प्रबंधक आशीष गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने विद्यालय काउंसलिंग के सदस्यों के साथ फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिरिक्त विशेष अतिथियों में आकांक्षा समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह ,सीडीओ अनिल सिंह, ईरा श्रीवास्तव, शशांक यादव, वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्र, इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा कीर्ति गुप्ता व अविनाश सिंह जिला प्रचारक आरएसएस आदि मौजूद रहे। कार्निवाल के मुख्य आकर्षण में लकी ड्रा रहा जिसमे भाग्यशाली विजेता को स्कूटी दी गई। लकी ड्रा की विजेता सौम्या तिवारी रहीं जिन्हें प्रियंका गुप्ता ने स्कूटी की चाभी प्रदान की।

# पेज एक का शेष

## ठंड से ठिठुरा पूरा...

राजस्थान के सीकर के फतेहपुर में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। राज्य के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड और कोहरे की मार से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राज्य के उत्तरी हिस्सों में भयंकर शीतलहर चल रही हैं। छिटपुट इलाकों में भी घना कोहरा छाया रहा। पंजाब के बठिंडा और राजस्थान के बीकानेर में दृश्यता शून्य रही, जबकि अंबाला, हिसार, अमृतसर, पटियाला, गंगानगर, चूरू और बरेली में दृश्यता घटकर 50 मीटर और नीचे रह गई। आईएमडी के अनुसार, इन क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक कोहरा छाया रहेगा। आईएमडी के अनुसार, न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर शीत लहर की घोषणा की जाती है। शीतलहर की घोषणा तब भी की जाती है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो तथा यह उस समय के सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री कम हो। न्यूनतम तापमान के दो डिग्री सेल्सियस रहने या सामान्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस से कम रहने पर भीषण शीतलहर की घोषणा की जाती है। जम्मू-कश्मीर में न्यूनतम तापमान रविवार के मुकाबले सोमवार को दो से तीन डिग्री अधिक, लेकिन शून्य से नीचे ही रहा। अत्यधिक ठंड के कारण कई क्षेत्रों में पानी की पाइप लाइन में पानी जम गया। डल झील के कुछ हिस्से भी जम गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे 5.7 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान...

तूफान ने न्यूयॉर्क के बुफालो में सबसे ज्यादा तबाही मचाई है। आपात सेवाओं के अभियान भी बाधित हुए। बर्फ की मोटी परत बिछी होने के कारण शहर का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बंद कर दिया गया है। अमेरिका में अधिकारियों ने बताया कि इन लोगों की मौत तूफान संबंधी घटनओं जैसे कार दुर्घटना, पेड़ गिरने आदि के कारण हुईं। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि तूफान की वजह से बुफालो में आपात सेवा का अभियान ठप पड़ गया है। आपात सेवाओं के समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण न्यूयॉर्क के उपनगरीय चीकटोवागा में शुक्रवार को दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा एरी काउंटी के कार्यकारी मार्क पोलोंकार्ज ने बताया कि तूफान के कारण काउंटी में 10 और लोगों की मौत हो गई, जिनमें से छह की मौत बुफोलो में हुई।

## विदेश से आने वालों की...

इसमें पांच मेहमानों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। कोलकाता हवाईअड्डे पर जांच में दो यात्री कोविड पॉजिटिव मिले हैं। एक यात्री 24 दिसंबर को दुबई से आया था, जबकि दूसरा मलेशिया से आया था। दोनों यात्रियों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। कर्नाटक के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु हवाई अड्डे पर चीन से आए एक 37 वर्षीय व्यक्ति सहित 12 यात्री कोविड पॉजिटिव मिले हैं। अन्य ग्यारह यात्री उच्च जोखिम वाले देशों से आए थे। चार को एक निजी अस्पताल में क्वारंटीन किया गया है, जबकि बाकी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। सभी नमूनों को जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजा गया है। इनके नतीजे मंगलवार सुबह तक आने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन दिनों में हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद सभी बारह यात्रियों की कोविड जांच की गई। दुबई से लौटा पटियाला का 45 वर्षीय व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। पटियाला ही नहीं, बल्कि शुतराना के बादशाहपुर की 30 वर्षीय महिला भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि दुबई से लौटे व्यक्ति की पत्नी और बेटे का कोरोना टेस्ट नेगेटिव आया है।

## कर्नाटक में महाराष्ट्र के इलाकों...

उन्होंने कहा, क्या केंद्र सरकार ने संरक्षक की भूमिका निभाई? हम चाहते हैं कि वह ऐसी भूमिका निभाए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों सदनों के सदस्यों को महाजन आयोग की रिपोर्ट पढ़नी चाहिए। ठाकरे ने कहा कि जब बेलगावी नगर निगम ने महाराष्ट्र के साथ विलय का प्रस्ताव पारित किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इसी तरह महाराष्ट्र की कुछ ग्राम पंचायतों ने तेलंगाना के साथ विलय की मांग की है। ठाकरे ने कहा, क्या शिंदे सरकार में इन ग्राम पंचायतों के खिलाफ कार्रवाई करने का जरा भी साहस है? इस दौरान विधान परिषद की अतिथि दीर्घा में राज्यसभा सदस्य और उद्धव नीत शिवसेना के नेता संजय राउत बैठे थे। भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1957 से ही दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है। महाराष्ट्र पूर्ववर्ती बंबई प्रेसीडेंसी का भाग रहे बेलगावी पर दावा करता है, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में मराठी भाषी लोग रहते हैं। वह कर्नाटक के 800 से ज्यादा मराठी भाषी गांवों पर भी दावा करता है। लेकिन कर्नाटक का कहना है कि सीमांकन, राज्य पुनर्गठन कानून और 1967 की महाजन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भाषाई आधार पर किया गया था, जो अंतिम है।

## अतीत के संकुचित नजरिए...

बावजूद इसके हमारे समाज और हमारी परंपराओं ने इन गौरव गाथाओं को जीवंत रखा। उन्होंने कहा, अगर हमें भारत को भविष्य में सफलता के शिखर पर ले जाना है तो हमें अतीत के संकुचित नजरियों से भी आजाद होना पड़ेगा। इसलिए, आजादी के अमृतकाल में देश ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्राण फूंका है। मोदी ने कहा कि चमकौर और सरहन्द के युद्ध कभी भुलाए नहीं जा सकते क्योंकि ए इसी भूमि पर तीन सदी पहले लड़े गए थे। उन्होंने कहा, एक ओर नृशंसता ने अपनी सभी सीमाएं तोड़ दीं तो दूसरी ओर धैर्य, शौर्य, पराक्रम के भी सभी प्रतिमान टूट गए। साहिबजादा अजीत सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह ने भी बहादुरी की वो मिसाल कायम की, जो सदियों को प्रेरणा दे रही है।

ज्ञात हो कि गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्र थे। जोरावर सिंह साहब और फतेह सिंह साहब को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था जबकि साहिबजादे अजीत सिंह और जुझार सिंह की चमकौर के युद्ध में शहादत हुई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा अपने साहस से समय की धारा को हमेशा के लिए मोड़ देता है और इसी संकल्प शक्ति के साथ आज भारत की युवा पीढ़ी भी देश को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए निकल पड़ी है। मोदी ने कहा कि सिख गुरु परंपरा केवल आस्था और आध्यात्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार का भी प्रेरणापुंज है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव में देश स्वाधीनता संग्राम के इतिहास को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है और सरकार स्वाधीनता सेनानियों, वीरांगनाओं और आदिवासी समाज के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस जैसी पुण्य तिथि इस दिशा में प्रभावी प्रकाश स्तम्भ की भूमिका निभाएगी। उन्होंने देशवासियों से वीर बाल दिवस के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने का आह्वान किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने लगभग 300 बच्चों द्वारा किए गए शबद कीर्तन में भाग लिया। केंद्र सरकार ने इसी वर्ष नौ जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी।

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने चिकित्सकों को बांटे लैपटॉप व आशाओं को स्मार्टफोन

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मनी। टेलीमेडिसिन/ ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन की सुविधा को सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से खीरी में पीएचसी पर तैनात चिकित्साधिकारियों व हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर (सीएचओ) को कलेक्ट्रेट मे लैपटॉप व आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम का केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के साथ दीप जलाकर एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, ज़िपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह, दीपक तलवार, मुन्ना लाल अवस्थी, सीडीओ अनिल कुमार सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने 5 क्षय रोगियों को पोटली, किट प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है। दुनिया में आयुष्मान भारत योजना हेल्थ सेक्टर की सबसे बड़ी योजना है। सरकार ने पूरे देश में डेढ़ लाख से ज्यादा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर शुरू किए। लोगों को ई-संजीवनी से जोड़ा। गंभीर रोगों के उपचार के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ औषधियों के मूल्य पर नियंत्रण किया।

अधिकारियों को हिदायत

# ठंड से नहीं होनी चाहिए किसी व्यक्ति की मौतः डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

● शराब के अवैध धंधे के खिलाफ सघन अभियान चलाकर कसें माफियाओं पर शिकंजाः डीएम

● बैठक में डीएम ने दिये अधिकारियों को कडे दिशा-निर्देश

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में सोमवार को अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से निर्देश दिए गए हैं कि महिला उत्पीड़न, गैंगेस्टर, पाक्सो पर प्रभावी कार्यवाही कराई जाए। अभियोजन व पुलिस मिलकर पैरवी करके सजा दिलाएं, जिन शासकीय अधिवक्ताओं की प्रगति ठीक नहीं है, उसमें सुधार करें। शासन की मंशा है कि सभी अपराधी जेल में हो। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियो और थानाध्यक्षों से कहा कि जनसुनवाई पर विशेष ध्यान दें, तहसील व थाना दिवस में जो भी मामले आए तो मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। भूमि संबंधी मामले पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वयं जाकर निस्तारण कराएं, समय से कार्यालय में बैठ करके जनसुनवाई करें। लाउडस्पीकर जो उतारे गए थे वह लग गए हैं और आवाज कम कराया गया था इस पर फिर से अभियान चलाकर कार्यवाही करें। अवैध टैक्सी, टैम्पो स्टैंड का संचालन तथा वसूली किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि उप जिलाधिकारियों से संपर्क करके टेंपो, टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था कराएं। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब पर कार्यवाही करें तथा कारोबारियों को चिन्हित करके उन पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने थानाध्यक्षों तथा जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब की भठ्ठियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा भांग की जो लाइसेंस की दुकानें हैं वहां से गांजा बेचने की शिकायत मिल रही है तो उनको भी नोटिस जारी करके कार्यवाही करें। गांव में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करके उनकी भी इस संबंध में जिम्मेदारी तय किया जाए। अवैध लोडिंग परिवहन, अवैध खनन पर जो वाहन पकड़े जाएं, उसमें वाहन चालक के साथ-साथ मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही हो, जो अवैध खनन करते पकड़ा जाए तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पाक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही कराएं क्योंकि शासन स्तर से भी कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिए जा रहे हैं और महिला संबंधी मामलों पर भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी लोग मुकदमों पर रुचि लेकर कार्य करें तभी अच्छे परिणाम आएंगे, कोई पुलिस से समस्या हो तो अवगत कराएं, निस्तारण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहां की अवैध खनन पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खनिज अधिकारी, परिवहन विभाग अभियान चलाकर संयुक्त रूप से सघन चेकिंग करके कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने रोडवेज के अधिकारियों से कहा कि जो बसों का संचालन हो रहा है उसमें रिफ्लेक्टर आदि व्यवस्था करें। घने कोहरे पर रोककर बसों का संचालन करें, बसे सही हालत में चलनी चाहिए।



निर्देश देते डीएम अभिषेक आनंद — पायनियर

# क्रिकेट अलावा देशी खेलों को मिले बढ़ावाः एसएस सिसोदिया

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**नेहरू युवा** केंद्र कानपुर देहात के तत्वाधान में सोमवार को विकास खंड अमरौधा के अंगुरी गांव में ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसोदिया ने दीप प्रज्जवलित करके प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कराया। इस दौरान उन्होंने 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी भी दिखाई।

कार्यक्रम के शुभारंभ में केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि श्री श्याम सिंह सिसोदिया जी कहा कि गावों से खेल प्रतिभाओं को सामने लाने की नेहरू युवा केंद्र की एक अहम् पहल है। क्रिकेट के अलावा देशी खेलों को बढ़ावा देना चाहिए। जिसके लिए गांव स्तर पर काम करने की जरूरत है। जगह बहुत है पर गांव स्तर पर खेलकूद के मैदान नहीं हैं। गावों में खेलकूद के मैदान होने से खेलकूद में रूचि रखने वाले बच्चों को बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। इच्छुक बच्चों को रूचि के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक श्री दिव्यांशु सिसोदिया, रूपनारायण सचान, प्रधानाचार्य एवं नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी प्रिया तिवारी, युवा केंद्र की लेखाकार लक्ष्मी गुप्ता उपस्थित रहे। निधि देवी ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजक उमंग मिश्रा, समाज सेवक उत्कर्ष द्विवेदी, उमंग सचान आकाश मिश्रा व अन्य युवा साथी उपस्थित रहे कार्यक्रम में सैकड़ों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।



कब्बड्डी प्रतियोगिता में जौहर दिखाती बालिकाएं — पायनियर

# शोभिटल कप टूनामेंट के ओपनिंग मैच में आरएलबी ने एफजीके को 1 रन से हराया



संवाददाता। घाटमपुर

**नगर के** मूसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखवासी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शोभिटल कप टूनामेंट के उद्घघाटन मैच में आरएलबी इलेविन ने एफ्जीके इलेविन को एक रन से हरा दिया। इसके पहले नगर पालिका के अध्यक्ष संजय सचान उर्फगुड्डू चौधरी का दोनों टीमों के खिलाड़ियों से आयोजन सचिव भूप किशोर ने परिचय कराया, बाद में अध्यक्ष ने मैचा का उद्घघाटन किया, टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते आरएलबी ने रन बनाये जिसमें शोभित 19, अमित 18 आयूष व अनुज ने 16-16 रनों का योगदान किया। एफ्जीके इलेविन की ओर से राज ने 4 ओवर में 29 रन देकर तीन बिकेट और उमेश ने 4 ओवर में 16 रन देकर दो बिकेट लिये। इसके बाद मैदान में उतरी एफ्जीके की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 113 रनों पर सभी खिलाड़ी पैवेलियन लौट गये, एफ्जीके की ओर से मुज्जिमल ने 42 ओर पुनीत ने 33 रनों का योगदान किया। मैन आफ द मैच अभिनव तिवारी को घोषित किया गया।

## आगे चल रहे ट्रक में पीछे चल रहे ट्रक ने आगे ट्रक को मारी टक्कर चालक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** राठ क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में आज दो ट्रकों के टकराने के बाद पीछे से आ तेज रफ्तार तीसरे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीसरे ट्रैक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक की मृत्यु हो गयी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे कार्यदायी संस्था यूपीडा द्वारा तैनात बुंदेलखंड गश्ती दल के रियाज खान ने बताया कि सोमवार की सुबह एक्सप्रेस-वे से उरई की ओर जा रहे सीमेंट की बोरियों से लदे ट्रक के चालक ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दी। जिससे उसके ट्रक की स्पीड कम हो गई और उसके पीछे तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उसमें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीसरे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसे चला रहे ग्राम गढ़ जिला रीवा मप्र निवासी 31 वर्षीय सोना सोनधिया पुत्र एलपी सोनधिया उसमें फंस बुरी तरह घायल हो गया।

# नेक द्वार ने गोद लिये गावों के क्षय रोगियों को बांटा पुष्टाहार

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**प्रधानमंत्री** टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद कनपुर देहात के पुखरायां कस्बे में नेक द्वार सेवा समिति की ओर से गोद लिये गावों के रोगियों को पोषाहार बांटा गया। समाजसेविका अनामिका सचान ने सभी चिन्हित मरीजों को मूंगफली, भुना चना, गुड़, सत्तू, तिल, दाल, बिस्कुट, प्रोटीन पाउडर, फल, सोया बड़ी के पैकेट उपलब्ध कराये।

उन्होंने मरीजों को क्षय रोग से निदान से लेकर उपचार तक की सम्पूर्ण जानकारी देने के साथ उन्हे नियमित व्यायाम करने की भी सलाह दी। बताया कि मरीजों को दवा के साथ साथ नियमित पोषक आहार भी लेना जरूरी होता है। इससे मरीज शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। नेक द्वारा सेवा समिति के डा. धीरेन्द्र सचान, संदीप बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान देने के लियें कोई भी क्षय मित्र बनकर स्वेक्षिक रूप से टी बी मरीज कि सहायता कर सकता है। इस अवसर पर टी बी मुक्त करने कि शपथ भी दिलायी गयी। बताया कि 2019 में भी संस्था ने पांच मरीजों को गोद लिया था। अब वह पूर्णतया स्वस्थ हो गये। इस वर्ष भी संस्था ने पांच मरीजों को गोद लिया है। छः महीने या जब तक वो स्वस्थ नहीं हो जाते, प्रत्येक महीने इसी तरह पोषाहार वितरण करते रहेंगे। इस अवसर पर संस्था के महासचिव डा. धीरेन्द्र सचान ने नेक द्वार सेवा समिति में महिलाओं की सक्रियता को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी भी अनामिका सचान जी को प्रदान की। साथ ही उन्हें संस्था के समस्त कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। नेक द्वार सेवा समिति के पुष्टाहार वितरण कार्यक्रम में सदस्य राजासिंह, आवेश अंजुम, जीतेंद्र यादव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुखरायां के हेल्थ विजिटर कृष्ण चद्रम भी मौजूद रहे।



# धान क्रय केन्द्र प्रभारियों से अभद्रता

संवाददाता। फतेहपुर

**पीसीएफ** एवं यूपीएसएस धान क्रय केन्द्र प्रभारियों का उच्चाधिकारियों द्वारा उत्पीड़न, उगाही एवं अनायास क़ानूनी कार्यवाही किए जाने के विरोध में साधन समिति सचिव परिषद के बैनर तले पदाधिकारियों एवं पीड़ितो ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को एक शिकायतीपत्र सौंपा जिसमें मण्डलीय अधिकारी हरेन्द्र सिंह संयुक्त आयुक्त एवं क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफब्रजेश यादव पर न सिर्फकड़ी कार्यवाही की माँग की बल्कि चेतावनी दी कि कार्यवाही होने तक धान खरीद बाधित रहेगी। शिकायतीपत्र में साधन समिति सचिव परिषद के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह एवं महामन्त्री नेकपाल सिंह ने पीड़ितो के हवाले से बताया गया है कि धान क्रय केन्द्र प्रभारी पीसीएफएवं यूपीएसएस मेहनत एवं ईमानदारी से किसानों का धान खरीद कर रहे थे, किन्तु विगत 23 दिसम्बर को मण्डलीय अधिकारी हरेन्द्र सिंह संयुक्त आयुक्त एवं क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ ब्रजेश यादव द्वारा संयुक्त रूप से क्रय केन्द्र सीतापुर, मुराँव, कटोघन, टेक्सारी, महरहा, खजुहा आदि का निरीक्षण किया गया। आरोप है कि इस दौरान ब्रजेश यादव द्वारा केन्द्र प्रभारियों को अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया एवं धन की माँग की गई। बताया गया कि जब केन्द्र प्रभारियों ने असमर्थता जताई तो देख लेने की धमकी दी और 24 दिसम्बर को केन्द्र प्रभारी मुराव के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु कार्यवाही कर दिया। शिकायतीपत्र में साधन समिति सचिव परिषद द्वारा डीएम को बताया गया कि पीसीएफएवं यूपीएसएस धान क्रय केन्द्र प्रभारी उपरोक्त परिस्थितियों खासकर मानसिक प्रताड़ना सहन करने की कतई स्थिति में नहीं है। इसलिये आज से धान खरीद तब तक बन्द रखी जायेगी जब तक उक्त अधिकारियों को मंडल से हटाया नहीं जाता और इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती। परिषद ने अपने इस निर्णय से जिला प्रबंधक पीसीएफ, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, अपर जिलाधिकारीध्जिला खरीद अधिकारी, प्रबन्ध निदेशक पीसीएफ लखनऊ, आयुक्त खाद्य एवं विपणन उप्र लखनऊ, अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (अधि.) सहकारिता उप्र लखनऊ, आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता लखनऊ को भी अवगत करा दिया है। प्रदर्शनकारियों में कृष्ण पाल सिंह, अरुण श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह, मान सिंह कछवाह, देवनरायन पाल, हमीद अली, राम प्रताप सिंह, कोमल सिंह,शिव बहादुर सिंह, सुमन्त सिंह आदि शामिल रहे। खबर है कि उच्चाधिकारियों द्वारा प्रकरण का संज्ञान लेने के बाद जॉच व कार्यवाही का आश्वासन दिया है किन्तु पीड़ित त्वरित कार्रवाई की माँग पर अड़े हुए है।



## लापता मासूम का शव सात दिन बाद यमुना नदी में मिला

**पुखरायां, कानपुर देहात।** गत दिनों भोगनीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव से एक आठ वर्षीय बालिका गायब हो गई थी। रविवार को मछआरों ने कालपी के पास यमुना नदी से मासूम का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मालूम हो कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर निवासी रामबरन निषाद की आठ वर्षीय पुत्री नेहा गत दिनों गांव से ही गायब हो गई थी। रामबरन की पत्नी अनीता देवी ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिस पर भोगनीपुर थाने में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करके अमरौधा के पुलिस चौकी इंचार्ज एवं भोगनीपुर कोतवाली पुलिस गत सात दिनों से खोजबीन कर रही थी। लेकिन कहीं भी पता नहीं चल रहा था। घटना की गंभीरता को देखते हुए कानपुर जोन के आईजी प्रशांत कुमार भी दौलतपुर गांव पहुंचे थे। आईजी व पुलिस अधीक्षक ने ड्रोन कैमरे के द्वारा पूरे क्षेत्र में तलाश करायी थी। फिरभी मासूम का कहीं पता नहीं चला था। गत दो दिन से मछुआरे भी यमुना नदी में जाल डालकर नेहा की खोजबीन कर रहे थे। मछुआरों को आज सुबह यमुना नदी में खोजते समय मासूम का शव बरामद हो गया है।

# पति और बेटे की मौत के बाद दबंग बहू ने वृद्ध सास को घर से निकाला

**फतेहपुर।** इकलौते बेटे और पति की मौत के बाद बहू की प्रताड़ना का दंश झेल रही वृद्धा कान्ती देवी से नवसृजित राधानगर थाना प्रभारी राजकिशोर ने पन्द्रह हजार रुपये ले लिया, बावजूद इसके घर वापसी नहीं कराई। अब थाना प्रभारी स्वयं पार्टी बन गये है और अवशेष जमीन का बैनामा बहू के नाम करने और अतिरिक्त पैसे का दबाव बना रहे है।

जनपद मुख्यालय से जुड़े नवसृजित राधानगर थाना क्षेत्र के गाँव मलाका निवासी कान्ती देवी ने शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारियों को शिकायतीपत्र भेजकर आँखे नम कर देने वाली अपनी दास्ताँ का विस्तार से उल्लेख किया है। बकौल कान्ती देवी उसकी बहू का चाल-चरित्र अच्छा नहीं है। पति और पुत्र की मौत के बाद बहू वंदना ने अपने पिता निवासी खुर्माबाद थाना बिंदकी आदि के सहयोग से उसके जेवरात और पचास हजार रुपये छीन लिया और घर से निकाल दिया। बहू की नीयत में खोट और उसकी हरकतों से तंग आकर कान्ती देवी ने अपने हिस्से की जमीन अपनी पुत्री अंजू पत्नी राजेश निवासी सुबेदारखेड़ा थाना कल्याणपुर, सीमा पत्नी शिवगोपाल निवासी उरदौली थाना बिंदकी व शशि पत्नी पवन निवासी खटौली थाना ललौली के नाम कर दिया। कान्ती देवी का आरोप है कि विगत तीन दिसम्बर को वह अपने दामाद पवन के साथ राधानगर थाना जाकर थानाध्यक्ष राजकिशोर से मिली और घर दिलाने की दरख्वास्त की तो थानाध्यक्ष ने पंद्रह हजार रुपये ले लिये और अब वंदना और उसके पिता से सेटिंग-गेटिंग करके अतिरिक्त पैसे की माँग कर रहे है और पूरी जमीन वंदना के नाम करने का दबाव डाल रहे है। इतना ही नहीं पुलिस की शह पर वंदनाध्मानसिंह आदि ने खड़ी फसल को जुतवा दिया है।

प्रेम विद्यालय इंटर कालेज का मामला

# प्रधानाचार्य ने छात्राओं को पीटकर किया जख्मी अस्पताल में कराया भर्ती,पुलिस ने लिया हिरासत में

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**मझगवां** थाने नौरंगा गांव स्थित प्रेम विद्यालय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने धूप में खड़ी करने के बाद हाई स्कूल की चार छात्राओं को जमकर डंडे से पीटा जिससे चारों को गंभीर चोटे आयी है उन्हे उपचार के लिये अस्पताल ले जाना पड़ा। अभिभावकों ने जमकर हंगामा काटा पुलिस ने प्रधानाचार्य को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस के मुताबिक विद्यालय की छात्रा प्रियंका, रश्मी, प्रिंसी, एकता धूप में खड़ी थी यह बात प्रधानाचार्य मदन राजपूत को नागवार गुजरी उन्होने चारो छात्राओं को छड़ी से पीटना शुरू कर दिया। जिससे सभी को हाथों में चोटें सूजन आ गयी यहा तक कि छात्रा प्रियंका का राठ सीएचसी में हाथ का एक्सरे के लिये सीएचसी राठ भेजा गया। छात्राओं की पिटाई से अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। जिससे विद्यालय स्टाफ ने गेट पर ताला जड़ दिया। छात्राओं ने अन्दर से लगे गेट मे ताले को तोड़ना शुरु कर दिया। सूचना पर मझगवां थानाध्यक्ष पंकज तिवारी पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे और अभिभावकों को समझाया और प्रधानाचार्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वही प्रधानाचार्य का कहना है कि कक्षा विज्ञान के टीचर पढ़ा रहे थे। यह चारों छात्राएं क्लास के बाहर थी। जिन्हें क्लास में पढ़ने के बोला था। उन्होंने छात्राओं को एक-एक छड़ी मारी थी। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।



अन्दर से बंद गेट का ताला तोड़ती छात्रा

# ब्लाक प्रमुख ने महिलाओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**हर शंकरपुर** ग्राम पंचायत में ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, अमृत राज पांडे, दीपू सिंह छोटे राजपूत, श्याम, अतुल दुबे, रचना, गुड्डी सहित सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने अपनी सहभागिता करते हुये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस श्रद्धांजलि अर्पित कर साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मन की बात सुनी।

ग्राम पंचायत हर शंकरपुर में ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी व जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने ग्रामीणों के साथ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मन की बात सुनने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने जनता के कल्याण का जो रास्ता बताया है उसी रास्ते पर चलकर व पीड़ित मानवता की सेवा करने में पीछे नहीं रहेंगे। इसीक्रम में मदारीपुर पंचायत भवन पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात सुनी जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य रूप से देवेंद्र चतुर्वेदी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, ऋषि सोनी किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य दिलीप गुप्ता आदि ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी।



## सांसद ने बैटिंग कर किया क्रिकेट चैलेंज कप का शुभारम्भ

**चित्रकूट।** ग्रामीण क्षेत्र बरवारा में स्व. डा. महेन्द्र सिंह की स्मृति में सोमवार को 16वां 'क्रिकेट चैलेंज कप' का शुभारम्भ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल किया। क्रिकेट चैलेंज कप का उद्घाटन करते हुए सांसद ने कहा कि बुंदेलखंड में खेल प्रतिभाओं का भंडार है। मोदी-योगी सरकार प्रतिभाओं को निखार कर उन्हे आगे बढाने का काम कर रहीं है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की कल्पना है कि हर गांव में मिनी स्टेडियम बनाये जाये यह प्रक्रिया जिले में चल रही है। खेल के मैदान को भी उन्होनें व्यवस्थित कराने का आश्वासन दिया। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मइयादीन पटेल ने कहा कि क्रिकेट अन्तर्राष्ट्रीय खेल है सरकार ऊपर स्तर पर इसमें खिलाडियों को प्रोत्साहित करती है लेकिन ग्रामीण स्तर पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है जिससे खिलाड़ियों को निराश होना पड रहा है। उन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं की तरफ भी सरकार का ध्यान खींचा।

## क्विक न्यूज

### मिट्टी का अवैध खनन कर ठेकेदार प्रशासन को दे रहे चुनौती

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्रशासन को खुलेआम चुनौती देते हुए कस्बे में मिट्टी का अवैध खनन चरम पर है, जहां दिन रात मिट्टी से भरे ट्रैक्टर व ट्रक सड़कों में फर्राटा भरकर अधिकारियों को चिढ़ाते नजर आ रहे हैं लेकिन इस सब के बावजूद स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बन तमाशा देख रहा है। क्षेत्र में विकासखंड क्षेत्र के परछा गांव में रेलवे विभाग के कथित ठेकेदारों द्वारा भारी मात्रा में मिट्टी का अवैध खनन चरम पर किया जा रहा है तथा वहां से पोकलैंड मशीन लगाकर ट्रकों व डम्फरों द्वारा भारी मात्रा में मिट्टी ढोई जा रही है जिससे सड़कों में मिट्टी की तहें बिछ चुकी हैं जो कि दुर्घटनाओं का भी सबब बन सकती हैं और सम्बंधित अधिकारियों की उदासीनता तथा बिना परमीशन के चलते वातावरण को प्रदूषित कर मानक से कई गुना अधिक मिट्टी खुदाई कर स्थानीय प्रशासन को खुलेआम चुनौती दी जा रही है। ठेकेदार का कहना है खेतों का समतलीकरण कर मिट्टी निकाली जा रही है जिसकी हमारे पास परमीशन है जबकि वह कोई भी मिट्टी खनन का प्रशासन द्वारा दिया गया कोई परमीशन दस्तावेज नहीं दिखा सका। इस बाबत जब उपजिलाधिकारी मौदहा सुरेंद्र कुमार सिंह से अवैध खनन की जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि मिट्टी की रायल्टी नहीं होने से उनके द्वारा कोई परमीशन नहीं दी गई है।

### सेट पर मस्ती का माहौल

**लखनऊ।** ज़ी टीवी के पॉपुलर फिक्शन शो मीत ने अपने प्रीमियर से ही दशर्कों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इस शो में मीत हुड्डा ;आशी सिंहद्ध की प्रेरणादायक कहानी दिखाई जा रही हैए जो देश की ऐसी बहुत.सी महिलाओं की झलक दिखाती हैए जो काम और जिम्मेदारियों को लेकर मर्द ँऔर औरत के लिए बनाए गए समाज के अलग.अलग रिवाजों से लड़ रही हैं। जहां इस शो में चल रहे ड्रामा ने दशर्कों को उनके टीवी स्क्रीन्स से बांध लिया है। इस शो में मनोरंजन बरकरार रखने के लिए आशी सिंह और शगुन पांडे दिन रात मेहनत कर रहे हैंए हालांकि अपने व्यस्त शेड्यूल के बीच शगुन अपनी मधुर आवाज से अपने को.एक्टस 'का मनोरंजन भी करते हैं। जब भी उन्हें शूटिंग की व्यस्तता से फुर्सत मिलती है तो वो अपनी टीम के साथ गाने की महफिल जमा लेते हैं, जिसे सुनकर सभी तरोताजा हो जाते हैं।

### सामाजिक सेवाओं पर यूथ आइकान को मिला सम्मान

**फतेहपुर।** सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने वाले एवं विद्यावाचस्पति मानद उपाधि से विभूषित यूथ आइकान डा. अनुराग श्रीवास्तव को काव्यश्री साहित्य वाटिका संस्था प्रयागराज के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर माल्यार्पण, शाल व प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया। सिविल लाइन स्थित कार्यालय में काव्यश्री साहित्य वाटिका संस्था प्रयागराज के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थापक डॉ कृष्णचन्द्र श्रीवास्तव ने डॉ अनुराग श्रीवास्तव को माल्यार्पण, शाल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लक्ष्मी श्रीवास्तव, इन्द्रनारायण श्रीवास्तव, सर्व फार ह्यूमैनिटी के गुरमीत सिंह, कायस्थ मंच ट्रस्ट के युवा अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग हुये घायल

**जालौन (उरई)।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हुए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस न आरोपी कार व चालकों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरापुर निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पिता किसी काम के चलते जालौन से उरई की ओर जा रहे थे। तभी सातमील के पास अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही से कार चलाकर उनके पिता की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, सुढ़ार सालाबाद निवासी बसंते ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र पप्पू जालौन से वापस घर आ रहा था। तभी सुढ़ार बंबी के पास अज्ञात कार के चालक ने उनके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सुमेरपुर में पिता के सामने बेटी को ले उड़े दबंग

**सुमेरपुर।** बीती रात कस्बे की कांशीराम कॉलोनी में दबंगों ने पिता को लाठियों से पीटकर लहूलुहान करने के उपरांत पुत्री को अगवा कर लिया। पिता ने एक नामजद युवक एवं उसके साथियों के खिलाफपुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कस्बे की कांशीराम कॉलोनी (पलरा हार) के निवासी प्रेमशंकर अनुरागी ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया है कि जालौन जनपद के लौना गांव का निवासी अनिल श्रीवास अपने दो अज्ञात साथियों के साथ रात करीब 3 बजे आया और गाली गलौज करते हुए मुझे लाठी-डंडों से जमकर पीटा और मेरी पुत्री खुशी 19 वर्ष को अगवा करके अपने साथ ले गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अनिल एवं उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफअपहरण का मामला दर्ज किया है।

### तहसीलदार सदर ने जिलाद्यक्ष का फोन नहीं उठाया तो भाकियू भानू गुट केकार्यकर्ता धरने पर बैठे

**फर्रुखाबाद।** सदर तहसीलदार ने भाकियू भानू गुट के जिलाध्यक्ष का फोन नहीं उठाया तो तहसील परिसर में धरने पर पदाधिकारी व कार्यकर्ता बैठ गये। भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी के नेतृत्व में फर्रुखाबाद तहसील सदर बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील में धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर व तहसीलदार सदर पर जन सुलभ न होने का आरोप लगाकर धरने पर बैठे थे। 13 सूत्रीय मांगों में मेला श्री राम नगरिया में सरकारी पांडाल किसान यूनियन को दिए जाने की भी मांग की। गंगा सफाई को मेला रामनगरिया के लिए आए करोड़ों रुपए में घोटाले का आरोप लगाते हुए जांच समिति बनाकर कार्रवाई की भी मांग की। ग्राम कमालपुर भोजपुर बैनामा कराई गई जमीन को अनधिकृत कब्जे से मुक्त कराई जाए। रामनगरिया मेले का गत वर्ष हुए घोटाले को संयुक्त टीम से जांच कराई जाए।ग्राम हिसामपुर में गाता संख्या 140 पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करके मकान बनाया गया है जिसे हटवाया जाए। भगुआ नगला में बंद नाले को खुलवाया जाए।मसेनी से पांचाल घाट बरेलीएइटावा हाइवे पर घर के सामने अवैध तरीके से बिक रहे भूसे पर प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा कई मांगे रखी गई। भाकियू जिलाध्यक्ष ने करीब 4 घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद सदर तहसीलदार के पूर्ण सहयोग व तहसील संबंधित सभी मामलों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही माने। तहसीलदार सदर के आश्वासन के बाद ही किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने धरना समाप्त किया।

### पेटेंट में संस्कृति यूनिवर्सिटी को पांचवां स्थान

लखनऊ। संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा उत्तर प्रदेश ने अकादमिक संस्थानों की श्रेणी में शीर्ष दस शिक्षण सस्थानो में पेटेंट आवेदन दाखिल करने में पांचवां स्थान हासिल किया है। भारत सरकार के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय ने पेटेंट आवेदन दाखिल करने के सस्थानो की सूचि जारी की है जिसमे संस्कृति विश्वविद्यालय मथुरा ने 301 आवेदन के साथ पांचवा स्थान हासिल किया। संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा के चांसलर सचिन गुप्ता ने कहा, सबसे ज्यादा पेटेंट आवेदनों के साथ पांचवें स्थान पर होना हमारे लिए गर्व का क्षण है।

# चीन में कोविड मरीजों से आईसीयू भरे



एपी। बाझोउ (चीन)

**चीन की** राजधानी बीजिंग से करीब 70 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम स्थित औद्योगिक हेबेई प्रांत के काउंटी अस्पताल में याओ रुआन हताश खड़ी हैं क्योंकि उनकी सास कोविड से संक्रमित है और तत्काल इलाज की जरूर है परंतु आसपास के सभी अस्पताल मरीजों से भरे हैं।

चीन में कोविड- महामारी की नई लहर में लगभग यही स्थिति है। रुआन अपने फोन पर किसी से बात करते हुए लगभग चिल्लाते हुए कहती सुनाई देती है, वे कह रहे हैं कि बिस्तर खाली नहीं है। चीन में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 महामारी की लहर देखने को मिल रही है। छोटे शहरों और दक्षिण पश्चिम बीजिंग के अस्पतालों के आपात चिकित्सा इकाई मरीजों से भरी हैं। एंबुलेंस को ही आपात चिकित्सा कक्ष में तब्दील कर इलाज किया जा रहा है और मरीजों के तीमारदार अस्पताल में एक खाली बिस्तर के लिए दर-दर भटक रहे हैं। हालात यह है कि मरीजों को अस्पतालों के गलियारों और जमीन पर लिटा कर इलाज किया जा रहा है क्योंकि बिस्तरों की कमी है।रुआन की बुजुर्ग सास करीब एक सप्ताह पहले कोविड-19 की चपेट में आई थीं। उन्होंने बताया कि वह सबसे पहले स्थानीय अस्पताल गईं जहां पर स्कैनिंग के दौरान फेफड़ों में निमोनिया जैसे लक्षण हाने के संकेत मिले, लेकिन वहां पर कोविड के गंभीर मामलों का इलाज करने की व्यवस्था नहीं थी। रुआन ने बताया कि इसके बाद वह लंबी दूरी तय कर बगल की काउंटी (प्रशासनिक इकाई) के बड़े अस्पतालों में गईं। उन्होंने बताया कि वह अपने पति के साथ अस्पताल-दर अस्पताल गई लेकिन सभी वार्ड भरे मिले, वहां से वापस आकर अपने गृह नगर झोझोउ अस्पताल आईं लेकिन वहां भी हताश हाथ लगी। रुआन ने कहा, वह आक्रोशित है। मेरे लिए बहुत उम्मीद नहीं बची है। हम लंबे समय से घर से बाहर हैं और भयभीत हैं क्योंकि उन्हें (सास को) सांस लेने में मुश्किल हो रही है। एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने गत दो दिनों में हेबेई प्रांत के बाओडिंग और लांगफांग के कस्बों और छोटे शहरों के पांच अस्पतालों और दो श्मशानों का दौरा किया। सरकार द्वारा कोविड-19 संबंधी पाबंदियों में ढील दिए जाने के बाद महामारी ने सबसे अधिक विकराल रूप इसी इलाके में लिया। कई दिनों तक घर में रहने के बाद अब कई उबर चुके हैं और युवा अपने काम पर लौट चुके हैं, लेकिन बुजुर्ग गंभीर रूप से बीमार हो रहे हैं और आपात चिकित्सा इकाई पर बोझ है।



स्काटलैंड में भारी बर्फबारी का एक दृश्य

## पश्चिमी न्यूयॉर्क में तूफान संबंधी घटनाओं में 27 लोगों की मौत

**बफेलो ( अमेरिका ),एपी,।** पश्चिमी न्यूयॉर्क में बर्फीले तूफान संबंधी घटनाओं में 27 लोगों की मौत के बाद अमेरिका में तूफान के कारण जान गंवाने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 48 तक पहुंच गई। अमेरिका में आए बर्फीले तूफान के चलते देश के कई हिस्सों में भीषण ठंड जारी है। पश्चिमी न्यूयॉर्क में लोगों को भारी हिमपात का सामना करना पड़ रहा है। तूफान संबंधी हवाएं और हिमपात ने बफेलो के लिए भी स्थिति कठिन कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि कई लोग उनकी कारों, घरों और बर्फ के ढेर में मृत पाए गए हैं जबकि कुछ की बर्फ हटाने के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार और शनिवार को पश्चिमी न्यूयॉर्क में बर्फीले तूफान का जबरदस्त असर देखा गया। बर्फ की मोटी चादर बिछ जाने के कारण मोटर चालक फंसे रहे, बिजली गुल रही और आपातकालीन कर्मचारियों को बर्फबारी से प्रभावित घरों के निवासियों और अटकी कारों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।

# पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

भाषा। काठमांडू

**पुष्प कमल** दहल प्रचंड ने सोमवार को तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। एक दिन पहले राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया था।

प्रचंड रविवार को नाटकीय रूप से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले चुनाव पूर्व हुए गठबंधन से बाहर हो गए और विपक्ष के नेता के.पी. शर्मा ओली के साथ हाथ मिला लिया। प्रचंड और ओली के बीच बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करने के लिए सहमति बनी है और प्रचंड को पहले प्रधानमंत्री बनाने पर ओली ने अपनी सहमति जताई है।

पूर्व गुरिल्ला नेता प्रचंड (68) ने 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में 169 सदस्यों के समर्थन के दावे के साथ राष्ट्रपति को एक पत्र सौंपा था, जिसके बाद उन्हें देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। शीतल निवास में हुए एक आधिकारिक



समारोह में राष्ट्रपति भंडारी ने प्रचंड को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।राष्ट्रपति भंडारी ने नई गठबंधन सरकार के अन्य कैबिनेट सदस्यों को भी शपथ दिलाई। नए मंत्रिमंडल में तीन उप प्रधानमंत्री हैं, जिनमें के.पी. शर्मा ओली के दल सीपीएन-यूएमएल से विष्णु पौडेल, सीपीएन-माओवादी सेंटर से नारायण काजी श्रेष्ठ और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से रवि लामिछाने का नाम शामिल है। पौडेल को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि श्रेष्ठ को बुनियादी ढांचा एवं परिवहन मंत्रालय और लामिछाने को गृह मंत्रालय सौंपा गया है।ओली की पार्टी से ज्वाला कुमारी, दामोदर भंडारी और राजेंद्र कुमार राय को मंत्री बनाया गया है। वहीं, जनमत पार्टी के अब्दुल खान को भी मंत्री बनाया गया।

भारी बहुमत से प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बावजूद प्रचंड को अब 30 दिन के भीतर निचले सदन से विश्वास मत प्राप्त करना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन-एमसी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) और अन्य छोटे दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को यहां हुई थी, जिसमें सभी दल प्रचंड के नेतृत्व में सरकार बनाने पर सहमत हुए। प्रचंड को 275-सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में 168 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें सीपीएन-यूएमएल के 78, सीपीएन-एमसी के 32, आरएसपी के 20, आरपीपी के 14, जेएसपी के 12, जनमत के छह, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के तीन सदस्य तथा तीन निर्दलीय शामिल हैं।

प्रचंड और उनके मुख्य समर्थक ओली को चीन समर्थक माना जाता है। प्रचंड ने अतीत में कहा था कि नेपाल में बदले हुए परिदृश्य के आधार पर और 1950 की मैत्री संधि में संशोधन तथा कालापानी एवं सुस्ता सीमा विवादों को हल करने जैसे सभी बकाया मुद्दों के समाधान के बाद भारत के साथ एक नई समझ विकसित करने की आवश्यकता है।भारत और नेपाल के बीच 1950 की शांति और मित्रता संधि दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों का आधार बनाती है। हालांकि, प्रचंड ने हाल के वर्षों में कहा था कि भारत और नेपाल को द्विपक्षीय सहयोग की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए इतिहास में छूटे कुछ मुद्दों का कूटनीतिक रूप से समाधान किए जाने की आवश्यकता है।उनके मुख्य समर्थक ओली भी चीन समर्थक रुख के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में ओली ने पिछले साल दावा किया था कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण तीन क्षेत्रों- लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा - को नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में शामिल करने के कारण उन्हें सत्ता से बाहर किए जाने का प्रयास किया गया था। इस विवादित मानचित्र के कारण दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा क्षेत्र भारत का हिस्सा हैं। नेपाल पांच भारतीय राज्यों -सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1850 किलोमीटर से अधिक की सीमा साझा करता है।किसी बंदरगाह की गैर-मौजूदगी वाला पड़ोसी देश नेपाल माल और सेवाओं के परिवहन के लिए भारत पर बहुत अधिक निर्भर करता है। नेपाल की समुद्र तक पहुंच भारत के माध्यम से है और यह अपनी जरूरतों की चीजों का एक बड़ा हिस्सा भारत से और इसके माध्यम से आयात करता है।

## क्विक न्यूज

### जापान में बर्फबारी, 17 लोगों की मौत, 93 अन्य घायल

**तोक्यो।** जापान में भारी बर्फबारी के कारण 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से अधिक लोग घायल हो गए। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दमकल एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, जापान में पिछले सप्ताह से उत्तरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो रही है, राजमार्गों पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं, जिससे सामान आपूर्ति में देरी हो रही है। एजेंसी के अनुसार, शनिवार तक अलग-अलग घटनाओं में 11 लोगों की मौत हो गई है। क्रिसमस सप्ताहांत में अधिक बर्फबारी से सोमवार सुबह तक मृतक संख्या बढ़कर 17 हो गई और घायलों की संख्या 93 है। इनमें से कई लोग छतों पर से बर्फ हटाते समय गिर गए या छतों से गिरने वाले बर्फ के बड़े बड़े ढेलों के नीचे दब गए।बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में नगरपालिका कार्यालयों ने लोगों से बर्फ हटाने के दौरान सावधानी बरतने और अकेले काम न करने का आग्रह किया है। नीगाता चावल की बुआई के लिए पहचाना जाता है। वहां जापानी चावल का केक मोची बनाने वाले कुछ लोगों ने बताया कि नववर्ष के दौरान इसकी बिक्री अधिक होती है, लेकिन अब उसकी आपूर्ति में परेशानी आ रही है।

### सिख समुदाय के योगदान की प्रशंसा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री थरमन शणमुगरत्नम ने देश में सिख समुदाय के योगदान की प्रशंसा की। वह यहां दक्षिण-पूर्व एशिया में सिखों के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के 10वें संस्करण में शामिल हुए। सामाजिक नीतियों के समन्वय मंत्री थरमन द्विवार्षिक नाम रस कीर्तन दरबार कार्यक्रम में गए जिसका आयोजन चार साल के अंतराल पर सिंगापुर एक्सपो में 23 से 26 दिसंबर के बीच किया गया। थरमन ने 24 दिसंबर को कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा, सिख समुदाय अल्पसंख्यकों में भी अल्पसंख्यक है लेकिन उसने अपना विशेष स्थान बनाया है और इसे समायोजित किया गया है और उसकी संस्कृति का उत्सव हमारे समाज में मनाया जाता है, जैसा कि हम जानते हैं कि सिंगापुर में हम सभी एक हैं। सिख समुदाय की जीवंतता निरंतर इसे अच्छी तरह से प्रदर्शित करती है। इस कार्यक्रम में करीब 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। मंत्री ने कार्यक्रम और लंगर में भाग लिया और सिख समुदाय को संबोधित किया। कीर्तन दरबार में भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका की सिख हस्तियों ने भी हिस्सा लिया।

### ब्रिटेन में नए साल में बंद हो जाएगा कोविड-19 के आंकड़ों का प्रकाशन

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे नए साल में नियमित तौर पर कोविड-19 महामारी के आंकड़े प्रकाशित करना बंद कर देंगे क्योंकि ऐसा देखा गया है कि देश के लोग टीके और दवाओं की मदद से वायरस के साथ जीने के चरण में पहुंच गए हैं, लिहाजा अब इनकी जरूरत नहीं है। ब्रिटेन की यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने कहा कि वह मौसमी फ्लू जैसी अन्य सामान्य वायरल बीमारियों की तरह कोविड की निगरानी जारी रखेगी। इस साल अप्रैल के बाद से, प्रजनन दर, या आर वैल्यू का डेटा एक निगरानी उपकरण के रूप में पाक्षिक रूप से प्रकाशित किया गया है। यूकेएचएसए एपिडेमियोलॉजी मॉडलिंग रिव्यू ग्रुप (ईएमआरजी) के अध्यक्ष डॉ. निक वाटकिंस ने कहा, 'महामारी के दौरान, आर वैल्यू और वृद्धि दर ने सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्वाई व सरकार के फैसलों के बारे में जानकारी देने के लिए एक उपयोगी और सरल संकेतक के रूप में कार्य किया।

# अफगानिस्तान में एनजीओ में महिलाओं के काम करने पर रोक को लेकर संरा अधिकारी की मंत्री से मुलाकात

**काबुल, एपी।** संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा है कि अफगानिस्तान शासन द्वारा महिलाओं को गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) में काम करने से रोकने के फैसले के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को राजधानी काबुल में तालिबान सरकार के एक मंत्री से मुलाकात की। यह कदम अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों पर पाबंदियों में नवीनतम है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने शनिवार को महिलाओं के घरेलू और विदेशी एनजीओ में काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही सभी गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को महिला कर्मचारियों की भर्ती नहीं करने का आदेश दिया। यह आदेश वित्त मंत्री कारी दीन मोहम्मद हनीफ के एक पत्र में आया था, जिसमें कहा गया था कि अगर कोई एनजीओ आदेश का पालन नहीं करता है, तो अफगानिस्तान में उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि उसे एनजीओ के लिए काम करने वाली महिला कर्मचारियों के बारे में गंभीर शिकायतें मिली हैं, जो सही तरह से हिजाब नहीं पहनती हैं।

# नेपाल में नई सरकार बनने के बाद भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने पर होगा जोर

भाषा। काठमांडू

**राजनीतिक विश्लेषकों की राय**

**राजनीतिक विश्लेषकों** का कहना है कि यहां सत्ता में कोई भी सरकार क्यों न आए, सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक नजदीकी के चलते नेपाल और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाए रखने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ ली। भारत में नेपाल के राजदूत रह चुके नीलांबर आचार्य ने कहा कि नई सरकार को भारत के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखने की जरूरत है, हालांकि हर शासन की कार्य शैली में अंतर हो सकते हैं।

प्रचंड (68) को राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने नेपाल का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। प्रचंड ने निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस नीत पांच दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन को अचानक छोड़ दिया और राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित समय सीमा रविवार को समाप्त होने से पहले प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश कर दिया था। प्रचंड ने प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ ली है। आचार्य ने कहा, बेशक, भारत के साथ हमारी कुछ समस्याएं हैं और इस तरह के मुद्दे से निपटने की मौजूदा सरकार की शैली पूर्ववर्ती सरकार से अलग हो सकती है। उन्होंने कहा, सीमा विवाद सहित इन सभी मुद्दों को राजनयिक माध्यमों से हल किए जाने की जरूरत है। पूर्व राजनयिक ने कहा, कभी-कभी हमें विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों से निपटने में खुली कूटनीति को आगे बढ़ाने की जरूरत होगी। प्रचंड और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली शनिवार तक एक दूसरे के कटु आलोचक थे। हालांकि, उन्होंने रविवार को सत्ता-साझेदारी के लिए आपस में हाथ मिला लिया। काठमांडू में अचानक हुए इस राजनीतिक घटनाक्रम का असर भारत-नेपाल संबंध के लिए अच्छा नहीं हो सकता है क्योंकि प्रचंड और उनके मुख्य समर्थक ओली का अतीत में भू-भाग के मुद्दे को लेकर नई दिल्ली के साथ कुछ गतिरोध रहा है। प्रचंड को व्यापक रूप से चीन समर्थक माना जाता है। उन्होंने पूर्व में कहा था कि नेपाल में बदले हुए परिदृश्य के आधार पर और 1950 की मैत्री संधि की समीक्षा और कालापानी तथा सुस्ता सीमा विवाद को हल करने सहित सभी लंबित मुद्दों का समधान करने के बाद भारत के साथ एक नई

# उ. कोरिया के ड्रोन ने किया हवाई क्षेत्र का उल्लंघन द. कोरिया ने भेजे लड़ाकू विमान

एपी। सियोल

**दक्षिण कोरिया** की सेना ने सोमवार को देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले कई उत्तर कोरियाई ड्रोन पर हमले के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया और चेतावनी देते हुए गोलीबारी की। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।पांच साल में यह पहली बार है, जब उत्तर कोरिया के मानवरहित विमानों (ड्रोन) ने दक्षिण कोरिया के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया है। दक्षिण कोरिया के सैन्य अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण कोरियाई सेना ने उत्तर कोरिया से सीमा पार कर आए पांच ड्रोन का पता लगाया, जिनमें से एक राजधानी क्षेत्र के उत्तरी भाग तक जा पहुंचा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उत्तर कोरिया के ड्रोन को मार गिराने के लिए दक्षिण कोरिया की सेना ने चेतावनी देते हुए गोलीबारी की और लड़ाकू विमान तथा हमलावर हेलीकॉप्टर भेजे। हमलावर हेलीकॉप्टरों से 100 गोलियां दागी गईं। हालांकि, यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि किसी उत्तर कोरियाई ड्रोन को मार गिराया गया या नहीं। मंत्रालय ने कहा कि जमनीन पर आम लोगों को किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## चीन ने पिछले 24 घंटे में ताइवान की ओर भेजे 71 युद्धक विमान, सात जहाज

**ताइपे, एपी।** चीन की सेना ने 24 घंटे तक शक्ति प्रदर्शन करते हुए इस दौरान ताइवान की ओर 71 विमान तथा सात पोत भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।अमेरिका के शनिवार को ताइवान से संबंधित अमेरिकी वार्षिक रक्षा व्यय विधेयक पारित करने के बाद चीन ने यह कार्वाई की। चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में इसे एक गंभीर राजनीतिक उकसावा करार देते हुए कहा था कि यह चीन के आंतरिक मामलों में खुलेआम हस्तक्षेप है। वहीं ताइवान ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि यह स्वशासित द्वीप के प्रति अमेरिका के समर्थन को प्रदर्शित करता है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रविवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे के बीच ताइवान जलडमरूमध्य क्षेत्र में चीन के 47 विमान गुजरे। यह एक अनौपचारिक सीमा है, जिसे दोनों पक्षों ने मौन रूप से स्वीकार किया है। चीन ने ताइवान की ओर जो विमान भेजे उसमें, 18 जे-16 लड़ाकू विमान, 11 जे-। लड़ाकू विमान, छह एसयू-30 लड़ाकू विमान और ड्रोन शामिल हैं। ताइवान ने कहा कि अपनी भूमि आधारित मिसाइल प्रणालियों के साथ-साथ अपने नौसैनिक पोतों के माध्यम से वह चीनी कार्वाई पर नजर रख रहा है। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के ईस्टर्न थिएटर कमान के प्रवक्ता शी ई ने रविवार को एक बयान में कहा, यह अमेरिका-ताइवान के उकसावे का जवाब है। उन्होंने कहा कि पीएलए ताइवान के आसपास के जल क्षेत्र में संयुक्त गश्त कर रहा है और संयुक्त युद्धाभ्यास कर रहा था। शी अमेरिकी रक्षा व्यय विधेयक का जिक्र कर रहे थे, जिसे चीन ने रणनीतिक चुनौती बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 858 अरब डॉलर के रक्षा विधेयक पर शुक्रवार को हस्ताक्षर कर उसे कानून का रूप दे दिया था। इसमें मुद्रास्फीति के प्रभाव को कम करने और चीन एवं रूस के प्रति देश की सैन्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए सांसदों से किए बाइडन के वादे से 45

# छह जनवरी के हमले की जांच करने वाली समिति ने सौंपी रिपोर्ट

मेलबर्न, द कन्वरसेशन

**छह जनवरी** के हमले की जांच के लिए गठित सदन की प्रवर समिति ने 18 महीनों के बाद, ।,200 से अधिक साक्षात्कार और 10 सार्वजनिक सुनवाई और 70 लोगों की गवाही के बाद अपनी 845 पन्नों की अंतिम रिपोर्ट 22 दिसंबर, 2022 को जारी की।रिपोर्ट ने सिफारिश की कि न्याय विभाग पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर साजिश और विद्रोह के लिए उकसाने सहित चार आपराधिक आरोपों पर मुकदमा चलाए।इसमें कई विधाई सिफारिशें भी शामिल थीं, जिनमें राष्ट्रपति चुनावों में चुनावी वोटों की गिनती के लिए प्रक्रिया में सुधार शामिल था। समिति ने विशेष रूप से यह भी सिफारिश की कि कांग्रेस ट्रम्प और विद्रोह में शामिल अन्य अधिकारियों को 14वें संशोधन के तहत फिर से चुनाव लड़ने से रोके।पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ मुकदमा चलाने की समिति की सिफारिश अभूतपूर्व है। लेकिन छह जनवरी, 2021 की घटनाओं की इसकी जांच कांग्रेस की शक्ति के दायरे में आ गई, और सरकारी घोटालों और विफलताओं में कांग्रेस की जांच के सदियों पुराने इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया।नियमित निगरानी कांग्रेस के पास व्यापक जांच शक्तियां हैं। इसकी स्थाई और विशेष समितियाँ, जिन्हें चुनिंदा समितियों के रूप में जाना जाता है, नियमित रूप से पूर्वव्यापी निरीक्षण और पूर्वव्यापी जाँच दोनों का संचालन करती हैं। उनका उद्देश्य सरकार के अंदर और बाहर दोनों जगह गलत कामों के विशिष्ट मामलों की पहचान करना है।केंद्रित जांच के अंत में जारी समिति की रिपोर्ट, अक्सर मूल्यवान ऐतिहासिक दस्तावेजों के रूप में काम करती हैं। वे उन घटनाओं का विस्तृत विवरण प्रदान करती हैं, जिनकी वजह से जांच करवाई गई।उदाहरण के लिए, बेंगाज़ी पर सदन की प्रवर समिति द्वारा जारी अंतिम रिपोर्ट में 11 सितंबर, 2012 की रात को बेनगाज़ी, लीबिया में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर घातक आतंकवादी हमलों से जुड़ी घटनाओं का मिनट-दर-मिनट लेखा-जोखा पेश किया गया।रिपोर्ट में आम तौर पर उन सवालों को दोहराया जाता है जो जांच की वजह होते हैं और यह समझाते हैं कि समिति ने अपना काम कैसे किया और प्रासंगिक साक्ष्य और घटनाओं की प्रगति को चित्रित करते हैं। अंत में, जांच के बाद सामने आने वाली रिपोर्ट समस्याओं को ठीक करने के बारे में सिफारिशें प्रदान करती है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Ahmad Luqman Khan S/o. Naimuddin Khan, R/o. D-121, UGF, Abul Fazal Enclave, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025, have changed my name to Mohd. Luquman S/o Nayyoom Ahmad for all future purposes.
PD(90229)A

I, Inayat Rai D/o Harbinder Singh Rai R/o D-17A, Ansal Villas, Satbari, Chhatarpur, New Delhi-110074 have changed my minor daughter's name from Shanaia Bharti Mittal age 6 years 11 months to Zyra Rai for all purposes.
PD(90230)A

सार्वजनिक सूचना

यह सामान्य जानकारी के लिए है की मैं रविंद्र सिंह पुत्र जबर सिंह बिष्ट C-132, करमपुरा नई दिल्ली–110015 का निवासी हूँ, यह घोषणा करता हूँ की मेरी बेटी पलक बिष्ट कक्षा 10 के प्रमाणपत्र में मेरा सही नाम गलत तरीके से रविंद्र सिंह बिष्ट लिखा गया है, मेरा वास्तविक नाम रविंद्र सिंह है, जो के तदनुसार संशोधित किया जा सकता है। यह प्रमाणित किया जाता है की मैंने इस सम्बन्ध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं के साथ संकलित किया है।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नवीन कुमार पुत्र श्री प्रभु दयाल, ने गांव उंचगांव, तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित एरिया परिमाप 174 वर्ग गज के फ्रीहोल्ड प्लॉट, खसरा नंबर 31//3/2 और 31//4 में से, हस्तांतरण विलेख दिनांक 22.03.2018, दस्तावेज सं. 8779, पुस्तक सं. I, खंड सं. 2/63, पृष्ठ सं. 164/63-64, दिनांक 22.03.2018 को एसआर-बल्लभगढ़ के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत के आधार पर मालिक हैं श्री नवीन कुमार पुत्र श्री प्रभु दयाल को कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को इस संपत्ति पर कोई आपत्ति या दावा है, तो इस सूचना के तारीख से 07 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपति के संबंध में कोई दावा या समस्या नहीं है।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of our client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Dayanand Bhardwaj** intends to purchase & mortgage **Plot No. 3, admeasuring 102 Sq. Yds., Khasra No. 1635 Min, situated at R. K. Puram, Village Sadarpur, Pargana Dasna, Tehsil & District Ghaziabad (U.P.)** with our client, against the financial assistance. Whereas, out of the entire chain link documents Original Sale Deed dated 18-10-1996 related to the Said Property duly registered as Document No. 2143 in favour of 1) Mrs. Harbiri Devi W/o Chetan Singh & 2) Mr. Om Parkash S/o Chetan Singh was already lost/misplaced and in this regard NCR/FIR No. **20220000724771** has been lodged with Uttar Police on 22-12-2022.
Public is hereby warned not to deal with the above-mentioned documents & the property. If anyone do the same, then he will be responsible for all consequences. If any person(s) having objection with regard to mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address.
DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn.-II,
New Delhi-110049 # 011-40587824.

KAMA HOLDINGS LIMITED
CIN : L92199DL2000PLC104779
Regd. Office : The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi – 110091; Corporate Office: Block C, Sector 45, Gurgaon-122003
Tel. No: (+91-11) 49482870; Fax: (+91-11) 49482900
Email: info@kamaholdings.com website: www.kamaholdings.com

NOTICE

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company.

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SPP0007880 | SUDERSHAN MALIK | 9308 | 572957 | 573016 | 60 |
| 2. | SPP0004719 | PUJA SHARMA | 5893 | 426000 | 426049 | 50 |
| | | SANDEEP SHARMA (JOINT HOLDER 1) | | | | |
| 3. | SPP0000566 | URMILA DEVI | 608 | 25463 | 25507 | 45 |
| | | JAGDISH KUMAR (JOINT HOLDER 1) | | | | |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For KAMA HOLDINGS LIMITED
Sd/-
EKTA MAHESHWARI
WHOLE TIME DIRECTOR, CFO & COMPANY SECRETARY

Place : Gurugram
Date : 26-12-2022

तुनीषा शर्मा की मौत लव जिहाद का मामला

# सरकार कड़े कानून पर विचार कर रही: मंत्री

**भाषा।** नासिक



**महाराष्ट्र सरकार** के पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता गिरीश महाजन ने आरोप लगाया है कि टेलीविजन अभिनेत्री तुनीषा शर्मा की मृत्यु लव जिहाद का मामला है और राज्य सरकार इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम के लिए कड़ा कानून लाने पर विचार कर रही है।

पुलिस ने तुनीषा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उनके सह-अभिनेता शीजान खान को रविवार को गिरफ्तार किया। अली बाबा: दास्तान ए काबुल में काम कर रहीं 21 वर्षीय तुनीषा शनिवार को धारावाहिक के सेट पर वॉशरूम में फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली थीं।महाजन ने रविवार को कहा, टेलीविजन अभिनेत्री तुनीषा शर्मा की मौत लव जिहाद का मामला है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। हम देख रहे हैं कि ऐसे मामले रोजाना बढ़ रहे हैं। हम इसके खिलाफ सख्त कानून लाने पर विचार कर रहे हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार दूसरे राज्यों द्वारा लव जिहाद पर बनाए गए कानूनों का अध्ययन करेगी और उचित निर्णय लेगी।महाजन ने सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि शिवसेना सांसद संजय राउत के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार के नजदीक होने के बाद से शिवसेना में दरार पैदा हो गई। उन्होंने एकनाथ शिंदे नीत खेमे के शिवसेना से विद्रोह के मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, शिवसेना में पड़ी दरार में बड़ी जिम्मेदारी संजय राउत की है। शरद पवार से उनकी नजदीकी बढ़ने के बाद दरार पैदा हुई। शिवसैनिक इससे नाखुश थे। एक तरह से, राउत को मौजूदा सरकार को सत्ता में लाने का श्रेय दिया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री फडणवीस के करीबी तथा उत्तर महाराष्ट्र के प्रभावशाली नेता महाजन ने कहा, वास्तव में, राउत ही एकनाथ शिंदे की बहुत मदद कर रहे थे। जब कुछ विधायक उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री में उनसे मिलने गए थे तो राउत ने उनसे कहा कि वे चाहें तो पार्टी छोड़ सकते हैं। संजय राउत ही उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए डायनामाइट लगाने का काम कर रहे थे।

## अहम मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा तुनिषा की मौत को लव जिहाद का मामला बता रही: पटोले

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए टीवी अभिनेत्री तुनिषा शर्मा की मौत को लव जिहाद का मामला बता रही है। तुनिषा (21) ने शनिवार को पालघर जिले में टेलीविजन धारावाहिक अली बाबा: दास्तान-ए-काबुल के सेट पर शौचालय में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद उनके सह-अभिनेता शीजान खान को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने यहां संवाददाताओं से कहा, लोगों का ध्यान महत्वपूर्ण मुद्दों से हटाने के लिए भाजपा इसे लव जिहाद का मामला बता रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। एक दिन पहले महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता गिरीश महाजन ने आरोप लगाया था कि तुनिषा शर्मा की मौत लव जिहाद का मामला है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक सख्त कानून लाने की योजना बना रहा है।

## तुनिषा शर्मा सहित कई अन्य अदाकार कर चुके हैं रिश्तों में तनाव आने पर आत्महत्या

**मुंबई।** अभिनेत्री तुनिषा शर्मा का नाम मनोरंजन उद्योग की उन शख्सियतों में जुड़ गया है, जिन्होंने बहुत हद तक अपने रिश्तों में तनाव आने पर आत्महत्या की है। तुनिषा (21) ने मुंबई के पड़ोस में स्थित पालघर जिले के वसई में एक टेलीविजन धारावाहिक के सेट पर आत्महत्या कर ली।पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया सह-अभिनेता शीजान मोहम्मद खान के साथ प्रेम-संबंध टूटने के बाद तुनिषा ने शनिवार को यह कठोर कदम उठाया। खान को भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत, आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, जून 2020 में बॉलीवुड उस वक्त दहल उठा था, जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत (34) का शव उपनगर बांद्रा स्थित उनके फ्लैट में फंदे से लटका हुआ मिला था। जांच के दौरान, यह पता चला कि अभिनेता अवसाद में थे। पुलिस ने घटना के सिलसिले में उनकी महिला मित्र एवं अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बाद में इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने की, जबकि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी अभिनेता की मौत को लेकर चक्रवर्ती से पूछताछ की थी।

## पाकिस्तानी फिल्म द लेजंड ऑफ मौला जट्ट भारत में होगी रिलीज़

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्म द लेजंड ऑफ मौला जट्ट शुक्रवार को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज़ की जा सकती है। इस फिल्म में फवाद खान व माहिरा खान प्रमुख भूमिका में हैं। यह संभवत: एक दशक में पहली पाकिस्तानी फिल्म है जो यहां सिनेमा घरों में रिलीज़ की जा सकती है। आईएनओएक्स लीज़र लिमिटेड के मुख्य प्रोग्रामिंग अधिकारी राजेंद्र सिंह ज्याला ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह पंजाब और दिल्ली के कुछ आईएनओएक्स सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी जहां पंजाबी भाषी लोग रहते हैं। मल्टीप्लेक्स श्रृंखला पीवीआर सिनेमा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर फिल्म को रिलीज़ किए जाने की तारीख साझा की थी लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा लिया गया। यह पाकिस्तान की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है और यह पाकिस्तान में 13 अक्टूबर को रिलीज़ की गई थी। इससे पहले, 2011 में पाकिस्तानी फिल्म बोल भारत के सिनेमाघरों में रिलीज़ की गई थी।


चेन्नई के मरीना बीच पर 2004 में आये सुनामी की वजह से मृत हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते बच्चे

# कर्नाटक के साथ सीमा विवाद पर महाराष्ट्र विस में प्रस्ताव आज

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह कर्नाटक के विवादित सीमा क्षेत्र में रहने वालों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए मंगलवार को राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश करेंगे। शिंदे ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा, जिन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में उनकी यात्रा की आलोचना की थी और मांग की है कि कर्नाटक के मराठी भाषी क्षेत्रों को केंद्र शासित क्षेत्र घोषित किया जाए। शिंदे ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, हमें दूसरों से कोई सीख लेने की जरूरत नहीं है। हम सीमा क्षेत्र में रहने वालों के साथ मजबूती से खड़े हैं। हम कल (मंगलवार) विधानसभा में इस आशय का प्रस्ताव ला रहे हैं।

वीर बाल दिवस समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली आए शिंदे की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई जब सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद के मुद्दे पर विपक्षी दलों ने एक प्रस्ताव की मांग की। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सदन को आश्वासन दिया कि सीमा विवाद पर एक या दो दिन में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता फडणवीस ने कहा, हम एक इंच के लिए भी लड़ेंगे। हम कर्नाटक में मराठी भाषी आबादी के न्याय के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे। कर्नाटक विधानसभा ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई द्वारा राज्य के हितों की रक्षा के लिए सीमा विवाद पर एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया था। भाजपा कर्नाटक के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी सत्ता में है, जहां वह शिवसेना के शिंदे नेतृत्व वाले गुट के साथ गठबंधन में है। वीर बाल दिवस समारोह में शिरकत करने के बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की। ठाकरे की आलोचना पर शिंदे ने दावा किया कि पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने कर्नाटक के साथ महाराष्ट्र से लगे सीमावर्ती गांवों में कुछ सरकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। दिल्ली यात्रा के बारे में ठाकरे की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने कहा, हमने 2,000 करोड़ रुपए की म्हैसाल विस्तार योजना को मंजूरी दी।

# भारत बेहतर स्थिति में, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी रहेगी : चंद्रशेखरन

**भाषा।** नई दिल्ली

**टाटा संस** के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि भारत अगले साल तेजी से आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए बेहतर स्थिति में है। दूसरी तरफ वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर महामारी और वैश्विक वित्तीय संकट को छोड़कर इस सदी की शुरूआत से सबसे नीचे रह सकती है।

चंद्रशेखरन ने टाटा समूह के करीब 9.35 लाख करोड़ कर्मचारियों को नए साल के संदेश में कहा कि खपत में वृद्धि, उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ना और निवेश में तेजी से भारत की वृद्धि को समर्थन मिलेगा। हालांकि, वैश्विक परिवेश के स्तर पर कई जोखिम है। इसमें यूरोप में ऊर्जा संकट, मंदी को रोकने के लिए महंगाई को काबू में लाने का संघर्ष तथा वैश्विक स्तर पर जारी तनाव शामिल हैं। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है, महामारी के बाद भारत में चीजें बेहतर हुई हैं और पिछले एक साल में हमारा दैनिक जीवन सामान्य रास्ते पर लौट आया है...हमारी कई कंपनियों के लिए कारोबारी गति मजबूत बनी हुई है। चंद्रशेखरन ने कहा कि अगले साल मुद्रास्फीति के धीरे-धीरे नरम पड़ने की उम्मीद है। भारत बेहतर स्थिति में है और खपत और निवेश में तेजी तथा ग्राहकों के बीच भरोसा बढ़ने से तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने कहा, हालांकि, मंद पड़ते वैश्विक आर्थिक वृद्धि उत्पादन पर दबाव के रूप में कार्य कर सकती है। लेकिन वैश्विक विनिर्माण में हमारी बढ़ती हिस्सेदारी कुछ राहत प्रदान कर सकती है। चंद्रशेखरन ने कहा, महामारी और वैश्विक वित्तीय संकट को छोड़ दिया जाए तो अगले साल वैश्विक वृद्धि दर इस सदी की शुरुआत से सबसे कम होगी। हमें जिंसों के दाम में तेजी पर नजर रखने की जरूरत होगी।

## क्विक न्यूज

### मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच फोन पर बात हुई

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेस्की ने सोमवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बात की। जेलेस्की ने कहा कि उन्होंने अपने शांति फार्मूले के कार्यान्वयन के लिए भारत की भागीदारी की उम्मीद करते हैं। उन्होंने जी20 में भारत की सफल अध्यक्षता के लिए मोदी को शुभकामनाएं भी दी। जेलेस्की ने ट्वीट किया, मैने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बात की और जी20 की सफल अध्यक्षता की कामना की। इसी मंच पर मैने शांति फार्मूले की घोषणा की और अब मै इसके कार्यान्वयन में भारत की भागीदारी की उम्मीद करता हूं। मैने मानवीय सहायता और संयुक्त राष्ट्र में समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। भारत की ओर से तत्काल कोई जानकारी नही आई। फरवरी में यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से, मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ-साथ जेलेस्की से भी कई बार बात की। चार अक्टूबर को जेलेंस्की के साथ फोन पर एक बातचीत में, मोदी ने कहा कि कोई सैन्य हल नही हो सकता है और भारत किसी भी शांति प्रयास में योगदान देने के लिए तैयार है।

### प्रश्नपत्र लीक मामला: हिमाचल सरकार ने एसएससी का कामकाज निलंबित किया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने एक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर सोमवार को हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग (एचपीएसएससी) के कामकाज को निलंबित कर दिया। कनिष्ठ कार्यालय सहायक-सूचना प्रौद्योगिकी (जेओए-आईटी) भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में एचपीएसएससी के एक कर्मचारी और पांच अन्य लोगों की गिरफ्तारी के दो दिन बाद सरकार ने यह कदम उठाया। राज्य सरकार की ओर से यहां जारी एक अधिसूचना के अनुसार यह फैसला एचपीएसएससी के कामकाज में कई तरह की अनियमितताएं मिलने के मद्देनजर लिया गया, खासकर जेओए (आईटी) पद पर भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में।आदेश में कहा गया है, जेओए-आईटी पद के लिए होने वाली भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र के लीक होने का मामला सामने आया है, जिसके लिए कनिष्ठ ऑडिटर और कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों से जुड़े प्रश्नपत्र के लीक होने की सूचना के बावजूद 25 दिसंबर को परीक्षा आयोजित की जानी थी।

### उद्धव के नेतृत्व में एमवीए सरकार ने दिशा सालियान मामले को दबा दिया : भाजपा

**पुणे।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व लोकसभा सदस्य किरीट सोमैया ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिशा सालियान की मौत के मामले को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने दबा दिया। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मेनेजर सालियान (28) ने आठ जून, 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक ऊंची इमारत से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। 34 वर्षीय राजपूत 14 जून, 2020 को मुंबई के बांद्रा इलाके में अपने अपार्टमेंट में लटके पाए गए थे। सोमैया ने कहा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार ने दिशा सालियान की मौत के मामले को दबा दिया। मै उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मामले का विवरण सार्वजनिक करने का अनुरोध करता हूं। फडणवीस ने 22 दिसंबर को राज्य विधानसभा में कहा था कि सालियान की मौत की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। सोमैया ने ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत पर भी निशाना साधा तथा दावा किया कि एमवीए सरकार ने मेरे खिलाफ 12 फर्जी प्राथमिकी दर्ज की लेकिन किसी भी भ्रष्टाचार के बारे में कागज का एक भी टुकड़ा दिखाने में विफल रहे।

### पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई



**नई दिल्ली।** सेना के शौर्य और उनकी वीरगाथा आप अक्सर सुनते ही होंगे लेकिन आज हम आपको आर्मी ऑफिसर्स की पत्नियों के कला और हुनर से आपको रू.ब.रू कराते हैं। दिल्ली के ललित कला अकेडमी में एक हफ्ते तक चलने वाले पेंटिंग एग्जीबिशन का आगाज हो गया है। जहां आर्मी ऑफिसर्स हाउस वाइफ्स की बनाई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई गई।

### यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट के लिए गुणवत्ता मानक जारी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में केवल दो तरह के ही चार्जिंग पोर्ट उपलब्ध कराने की कोशिशों के बीच भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट के लिए गुणवत्ता मानक जारी किए है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बीआईएस ने टाइप-सी चार्जर के लिए मानकों को अधिसूचित कर दिया है। हितधारकों के साथ हुई पिछली बैठक में इसपर व्यापक सहमति बनी थी कि स्मार्टफोन, टैबलेट एवं लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चार्जिंग के लिए यूएसबी टाइप-सी को अपनाया जाए।उपभोक्ता मामलों का विभाग उपभोक्ताओं को सहूलियत देने और ई-अवशिष्ट में कमी लाने के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के लिए केवल दो ही तरह के चार्जिंग पोर्ट मुहैया कराने की संभावना पर गौर कर रहा है।

### माकपा ने त्रिपुरा में 35 वर्षों तक शासन करने के लिए आतंक की युक्ति का इस्तेमाल किया:माणिक साहा

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को आरोप लगाया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने पूर्वोत्तर के इस राज्य में 35 वर्षों तक शासन करने के लिए हत्या, आगजनी और बलात्कार सहित आतंक की तरकीब का इस्तेमाल किया।वही, माकपा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि इसके ठीक उलट, वाम मोर्चा ने राज्य का विकास किया। साहा ने 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की हत्या की स्मृति में धलाई जिला स्थित गैंदातुइसा इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, माकपा ने 35 वर्षों तक त्रिपुरा में शासन करने के लिए हत्या, आगजनी, बलात्कार जैसी आतंक की युक्तियों का इस्तेमाल किया।

### एटमबर्ग को ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

**मुंबई।** भारत की अग्रणी बीएलडीसी पंखा निर्माण करने वाली मुंबई मुख्यालय स्थित एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार . 2022-एनईसीए 2022 के तहत सीलिंग फैन की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा कुशल उपकरण के लिए विजेता घोषित किया गया है। ऊर्जा मंत्रालय की पुरस्कार समिति ने इस श्रेणी में एटमबर्ग रेनेसा 1200 सीलिंग फैन को पुरस्कार के लिए चुना। यह कार्यक्रम 14 दिसंबर 2022 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। नवीनतम सरकारी मानदंडों के अनुसारए बीईई ऊर्जा दक्षता ब्यूरो और बीआईएस भारतीय मानक ब्यूरो उद्योग के बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। 1 जनवरी 2023 से उद्योग सीलिंग फैन के लिए नया बीईई स्टार रेटिंग मानदंड अपनाएगा। उच्च स्टार रेटिंग अधिक ऊर्जा दक्षता के अनुरूप होगी। बिना रेटिंग वाले पंखे 31 दिसंबर 2022 के बाद नहीं बनाए जाएँगे।

# अन्य जगहों की तुलना में अल्पसंख्यक अधिक सुरक्षित हैं: नित्यानंद राय

**भाषा।** पटना

**केन्द्रीय गृह** राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को कहा कि देश में सभी अल्पसंख्यक समूह दुनिया के अन्य जगहों के मुकाबले कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं। बिहार में भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राय ने उक्त बात राजद के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी की एक हालिया टिप्पणी के जवाब में कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में माहौल के कारण वह चाहते हैं कि उनके बच्चे विदेश में ही बस जाएं।

राय ने कहा, सभी अल्पसंख्यक समूह जिसमें सिद्दीकी जिस ओर इशारा कर रहे हैं, वे भी शामिल हैं, दुनिया में कहीं और से ज्यादा देश में सुरक्षित हैं। भाजपा की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष राय ने कहा, मैं केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के रूप में पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कह रहा हूं। राय के अनुसार राजद और उसकी सहयोगी कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां चुनावी लाभ के लिए समाज के कुछ वर्गों की सहानुभूति पाने के लिए अल्पसंख्यकों को धमकाने की बात करते रहते हैं। उन्होंने कहा, इसे कहते हैं तुष्टीकरण की राजनीति। यह तुष्टिकरण की राजनीति थी जो देश के विभाजन का कारण बना। यह पूछे जाने पर कि क्या महात्मा गांधी भी तुष्टिकरण की राजनीति के दोषी थे, केन्द्रीय मंत्री ने कहा, गांधी जी नहीं, बल्कि पाकिस्तान पर शासन करने वालों और खंडित भारत में सत्ता हासिल करने के लिए लोग ऐसी राजनीति कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए भाषणों में सशस्त्र बलों को कमजोर करने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि चीन और पाकिस्तान जैसे शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों ने महसूस किया है कि यह 1960 के दशक का भारत नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोई भी शक्ति हमारे साथ युद्ध करने की हिम्मत नहीं करेगी। यदि युद्ध होता भी है तो परिणाम भारत के पक्ष में होगा।

# जातियों के आधार पर कोई मुख्यमंत्री नहीं बनते : अशोक गहलोत

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि जाति के आधार पर कोई मुख्यमंत्री नहीं बनता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सेवा ही कर्म व धर्म है के संकल्प के साथ वह राज्य की हर कौम की सेवा करना चाहते हैं।

गहलोत ने नदबई भरतपुर में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने इस कार्यक्रम के कुछ अंश सोमवार को ट्वीट किए। इनमें वह कार्यक्रम में कह रहे हैं, आज मैं मुख्यमंत्री हूं, मैं चाहता हूं कि हर कौम की सेवा करूं, चाहे वो जाट हों, गुर्जर हों, राजपूत हों, कुशवाहा हों, जाटव हों, ब्राह्मण हों, बनिया हों, मीणा हों, जो भी कौम के लोग हैं, कोई भी हों, क्योंकि मैं इस बात को जानता हूं कि जातियों के आधार कोई मुख्यमंत्री नहीं बनते हैं। अपने तीसरी बार राज्य का मुख्यमंत्री होने की ओर इशारा करते हुए गहलोत ने कहा, मैं जानता हूं कि आज मैं मुख्यमंत्री हूं, अगर छत्तीसों कौम मुझसे प्यार नहीं करतीं, मुझे आशीर्वाद नहीं देतीं, तो मुझे कैसे मुख्यमंत्री बनाया जाता 3-3 बार...। गहलोत के बयान को जाहिर तौर पर गुर्जर समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की लोगों की मांग के संदर्भ में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच खींचतान देखी गई थी। 2018 में राजस्थान में कांग्रेस की जीत के बाद से ही गहलोत और पायलट के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर टकराव चल रहा है। हालांकि, हाल ही की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पार्टी के सभी नेताओं ने एकजुटता दिखाने की कोशिश की थी। राज्य विधानसभा में अपनी जाति का एक ही विधायक होने का जिक्र भी गहलोत ने किया। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी बात ए है कि मेरी जाति सैनी कहलाती है, कुशवाहा कहलाती है, माली कहलाती है। मेरी जाति का एक ही एमएलए है असेंबली के अंदर, एक ही है और वो मैं खुद ही हूं.. मैं कई बार सोचता रहता हूं खुद भी, कि मैं कितना सौभाग्यशाली हूं कि राजस्थान की जनता ने मुझे, मेरी कौम का एक एमएलए मैं खुद ही हूं, तब भी आप लोगों ने मुझे 3-3 बार मुख्यमंत्री बनाया है।

## घाटी में स्थिति में सुधार होने तक कश्मीरी पंडित कर्मियों को जम्मू स्थानांतरित कर देना चाहिए: आजाद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को कहा कि घाटी में तैनात कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को आतंकवादियों द्वारा लक्षित हमलों के मद्देनजर उनकी जान बचाने के लिए अस्थाई रूप से जम्मू स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए। आजाद ने कहा, स्थिति के अनुसार एक निर्णय लिया जाना चाहिए। जब स्थिति में सुधार हो, तो उन्हें (कश्मीरी पंडित कर्मचारियों) को वापस आना चाहिए। लेकिन वर्तमान में, इन कर्मचारियों के मन में डर है। फिलहाल, उन्हें जम्मू स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। आजाद यहां से 55 किलोमीटर दूर अनंतनाग जिले में एक रैली के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। आजाद ने कहा कि पिछले एक साल में लक्षित हत्याओं की घटनाओं के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि यहां तैनात कश्मीरी पंडित कर्मचारी नहीं रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में अन्य कश्मीरी पंडित वापस कैसे आएंगे? आजाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कश्मीरी पंडितों के लिए प्रधानमंत्री के पैकेज के तहत 6,000 पद स्वीकृत किए गए थे। उन्होंने कहा, मेरे कार्यकाल के दौरान जगती टाउनशिप बनी, बडगाम और अन्य जगहों पर आवास भी डबल शिफ्ट काम के तहत बनाए गए।

## बीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश: उच्च न्यायालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कथित कोशिश के मामले की जांच सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को हस्तांतरित कर दिया। मामले की जांच अब तक राज्य पुलिस की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) कर रही थी। उच्च न्यायालय ने एसआईटी भंग कर दी और पुलिस द्वारा अब तक की गई जांच भी रद्द कर दी। मामले में तीन आरोपियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं और मामले को एसआईटी से किसी स्वतंत्र एजेंसी या सीबीआई को हस्तांतरित करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुरोध पर सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने तकनीकी आधार पर भाजपा की याचिका खारिज कर दी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने आरोपियों की याचिकाओं को स्वीकार कर लिया और जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंप दी।

# राहुल के वाजपेई के स्मारक सदैव अटल पर जाने को भाजपा ने बताया नाटक

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस पर हमला बोला और उसके राष्ट्र्य अध्यक्ष के कार्यालय से जुड़े एक नेता द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के लिए माफी की मांग की। कांग्रेस ने अपने इस नेता के बयान से किनारा कर लिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय के समन्वयक और उनके लिए सोशल मीडिया का कामकाज संभालने वाले गौरव पंधी ने यह आरोप लगाते हुए एक ट्वीट किया था कि वाजपेई ने अंग्रेजों का पक्ष लिया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे हटा दिया क्योंकि भाजपा ने आरोप लगाया था कि एक तरफ राहुल गांधी वाजपेई के स्मारक पर श्रद्धांजलि देने का नाटक कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनकी पार्टी के नेता पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ज्ञात हो कि सोमवार सुबह राहुल गांधी ने महात्मा गांधी और कई पूर्व प्रधानमंत्रियों सहित वाजपेई को भी श्रद्धांजलि अर्पित की थी। रविवार को वाजपेई की जयंती थी।

कांग्रेस ने कहा कि पांधी ने विवादास्पद ट्वीट हटा दिया है और इस बात पर बल दिया कि पार्टी और राहुल गांधी का रुख एकसमान है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मांग की कि कांग्रेस को पंधी की टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा कोई भी यह मानने के लिए मजबूर होगा कि कांग्रेस नेता गौरव पंधी के शब्द राहुल गांधी के विचार हैं। पार्टी के एक अन्य प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि वाजपेई ईमानदारी के प्रतीक और शांति के दूत थे, जबकि राहुल गांधी भारत को बदनाम करने और नफरत फैलाने में शामिल हैं। पूनावाला ने ट्वीट कर कहा, गौरव पंधी ने अपना ट्वीट हटा दिया है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। कांग्रेस को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। सीरियल अपराधी पंधी को बर्खास्त करना चाहिए। वरना हम यह मानने पर मजबूर हो जाएंगे कि शब्द पंधी के, सोच राहुल गांधी की। भाटिया ने ट्वीट कर कहा, अटल जी ईमानदारी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और शांति के दूत हैं। सदैव अटल पर राहुल गांधी का जाना, ईमानदारी के आगे घुटने टेकना है। सवाल यह है कि क्या वह उनके सिखाए रास्ते पर चले हैं। भारत को बदनाम करने से लेकर टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन करने तक राहुल गांधी केवल नफरत फैलाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ राहुल गांधी सदैव अटल जाकर वाजपेई को श्रद्धांजलि देते हैं और दूसरी तरफ उनकी पार्टी के नेता अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता को संरक्षण प्रदान किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने 2017 की उन्नाव बलात्कार पीड़िता के जन्म की तारीख में कथित फर्जीवाड़ा किए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के सिलसिले में शीघ्र कार्वाई से उसे संरक्षण प्रदान किया है। यह कथित फर्जीवाड़ा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर से जुड़े बलात्कार के मामले को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (अधिनियम) की धाराओं के तहत लाने के लिए किया गया था। सेंगर को इस मामले में अदालत ने दोषी करार दिया था और वह तब से विधायक के तौर पर अयोग्य हो चुके हैं। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने 21 वर्षीय पीड़िता की अग्रिम जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और निर्देश दिया कि जरूरत पड़ने पर जब कभी याचिकाकर्ता निचली अदालत में पेश होगी, याचिकाकर्ता की स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाली कोई शीघ्र कार्वाई उस अदालत द्वारा नहीं की जाएगी। साथ ही, यह निर्देश सुनवाई की अगली तारीख तक प्रभावी रहेगा। उच्च न्यायालय ने अपने हालिया आदेश में अभियोजन को एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए छह हफ्ते का वक्त दिया और मामले की अगली सुनवाई एक मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दी। धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े के कथित अपराधों को लेकर उन्नाव के माखी पुलिस थाने में 23 दिसंबर, 2018 को भारतीय दंड संहिता की धारा 419/420/467/468/471 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दरअसल, बलात्कार के मुख्य मामले में एक आरोपी के पति ने दावा किया था कि याचिकाकर्ता और उसकी मां ने जन्म प्रमाणपत्र में जन्म की तारीख में फर्जीवाड़ा किया।

# सूर्य का टेस्ट में भी जलवा दिखाने की इच्छा

## ● विश्व का नंबर एक टी20 बल्लेबाज होना सपने जैसा लगता है



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** की नई सनसनी सूर्यकुमार यादव को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनना अब भी सपने जैसा लगता है, लेकिन वह सीमित ओवरों के प्रारूप तक ही सीमित नहीं रहना चाहते हैं और उनकी टेस्ट क्रिकेट में भी अपना जलवा दिखाने दिली तमन्ना है। सूर्यकुमार ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने, अगले साल होने वाले विश्वकप और टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी तमन्ना को लेकर बात की। सूर्यकुमार से साक्षात्कार के अंश इस प्रकार हैं।

**प्रश्न: अगर आज से एक साल पहले कहा जाता कि साल के आखिर में आप टी20 क्रिकेट में नंबर एक बल्लेबाज बने रहेंगे, तो क्या आप इस पर विश्वास करते?**

उत्तर: यह अब भी सपने जैसा लगता है। अगर साल भर पहले किसी ने मुझे टी20 क्रिकेट का नंबर एक बल्लेबाज कहा होता तो मुझे नहीं पता कि मैं कैसे प्रतिक्रिया करता। जब मैंने इस प्रारूप में खेलना शुरू किया तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था और इसके लिए मैंने कड़ी मेहनत की थी।

**प्रश्न: अब प्राथमिकता 2023 में होने वाला वनडे विश्व कप होगा, तो क्या आप 50 ओवरों के प्रारूप के लिए अपने खेल में बदलाव करेंगे?**

उत्तर: जब मैं किसी प्रारूप में खेल रहा होता हूं तो उसके बारे में बहुत नहीं सोचता, क्योंकि मैं जब भी बल्लेबाजी के लिए जाता हूं तो उसका भरपूर आनंद लेता हूं। मैं यही सोचता हूं कि जब भी मैं क्रीज पर जाऊं तो मैच में पासा पलटने वाला प्रदर्शन करूं। मुझे बल्लेबाजी करना पसंद है फिर चाहे वह टी20, वनडे या रणजी ट्रॉफी कुछ भी हो।

**प्रश्न: क्या आपको ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है?**

उत्तर: मैंने लाल गेंद से आयु वर्ग के राष्ट्रीय स्तर पर खेलना शुरू किया, इसलिए इसका उत्तर इसी में निहित है। पांच दिवसीय मैचों में आपके सामने पेचीदा लेकिन रोमांचक परिस्थितियां होती हैं और आप चुनौती का सामना करना चाहते हैं। हां, यदि मुझे मौका मिलता है तो मैं तैयार हूं।

**प्रश्न: कौशल सीखा जा सकता है लेकिन किसी खिलाड़ी को उच्च स्तर पर खेलने के लिए मानसिक रूप से कैसे तैयार करना चाहिए?**

उत्तर: मैं यही कहूंगा कि यह कभी असंभव नहीं होता है लेकिन निश्चित तौर पर मुश्किल होता है। इसके लिए आपका रवैया अच्छा होना चाहिए। मैं अधिक अभ्यास करने के बजाय बेहतर अभ्यास करने पर ध्यान देता हूं। मैंने और मेरे परिवार ने काफी बलिदान दिए हैं। भारत की तरफ से पदार्पण करने से पहले मैं 10 साल तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलता रहा हूं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आपको काफी चीजें सीखने को मिलती हैं और इसलिए जब आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं और भिन्न तरह के गेंदबाजों का सामना करते हैं तो फिर आपको केवल खुद को अभिव्यक्त करने की जरूरत होती है।

**प्रश्न: पिछले कुछ वर्षों से घरेलू स्तर पर और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में चयन नहीं होने पर क्या आपको निराशा होती थी या गुस्सा आता था?**

उत्तर: मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं खीझ जाता था लेकिन हमेशा मैं यह सोचता था कि अगले स्तर पर जाने के लिए अलग से क्या करना होगा। इसलिए मैंने कड़ी मेहनत करना जारी रखा और आपको इसके साथ ही अपने खेल का भी आनंद लेना होता है। आप इसीलिए क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं। मैं जानता था कि अगर मैं परिणाम पर ध्यान न दूं और अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करूं तो मैं किसी दिन राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में सफल रहूंगा।

**प्रश्न: क्या आप हमें अपनी 360 डिग्री तकनीक के बारे में कुछ बता सकते हैं?**

उत्तर: यह दिलचस्प कहानी है। मेरे स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैंने रबड़ की गेंद से काफी क्रिकेट खेली। सीमेंट की कड़ी पिचों पर और बारिश के दिनों में 15 गज की दूरी से की गई गेंद तेजी से आती थी तथा यदि लेग साइड की बाउंड्री 95 गज होती थी तो ऑफ साइड की 25 से 30 गज ही होती थी। इसलिए ऑफ साइड की बाउंड्री बचाने के लिए अधिकतर गेंदबाज मेरे शरीर को निशाना बनाकर गेंदबाजी करते थे। ऐसे में मैंने कलाइयों का इस्तेमाल करना, पुल करना और अपर कट लगाना सीखा। मैंने नेट पर कभी इसका अभ्यास नहीं किया।

**प्रश्न: विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ आपके संबंध कैसे हैं?**

उत्तर: मैं वास्तव में बेहद भाग्यशाली हूं जो विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ खेल रहा हूं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दिग्गज सितारे हैं। उन्होंने जो कुछ हासिल किया है मैं नहीं जानता कि कभी मैं उसे हासिल कर पाऊंगा या नहीं। हाल में मैंने विराट भाई के साथ कुछ अच्छी साझेदारियां निभाई और मैंने उनके साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लिया।

**प्रश्न: क्या आप अपने करियर में मुंबई इंडियंस और आपकी पत्नी देवीशा के योगदान के बारे में बताएंगे?**

उत्तर: मेरी जिंदगी और क्रिकेट यात्रा में दो स्तंभ हैं – मुंबई इंडियंस और मेरी पत्नी देवीशा। पहले मैं मुंबई इंडियंस के योगदान पर बात करूंगा। जब मैं 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स को छोड़कर यहां आया था तो मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के मौके पर ध्यान दे रहा था और मेरे कहे बिना ही टीम प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा दिखा कर मुझे यह जिम्मेदारी सौंप दी थी। मैंने 2016 में देवीशा से शादी की और जब मैं मुंबई इंडियन से जुड़ा तो हम दोनों ने अगले स्तर पर जाने के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे में सोचना शुरू किया। मुझे जब भी उनकी जरूरत पड़ी तो वह मेरे साथ खड़ी रही। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं जिस तरह का संतुलन चाहता था देवीशा ने मुझे वह मुहैया कराया।

## जरूरत से ज्यादा सोचना पदार्पण से ही मेरे साथ जुड़ी हुई है : अश्विन



**भाषा।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश के** खिलाफ मीरपुर में दूसरे टेस्ट मैच में भारत की जीत के नायक रहे रविचंद्रन अश्विन ने उन लोगों पर निशाना साधा है जो उन्हें खेल के बारे में जरूरत से ज्यादा सोचने वाला मानते हैं। श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाजी करते हुए अश्विन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक पारी खेली और भारत को संकट से बाहर निकाल कर तीन विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। उन्होंने मैच में छह विकेट लेने के अलावा दूसरी पारी में नाबाद 42 रन बनाए जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था। अश्विन ने ट्वीट किया, जरूरत से ज्यादा सोचना एक धारणा है जो कि तब से मेरे साथ जुड़ी हुई है जब मैंने पूरे गर्व के साथ भारतीय टीम की पोशाक पहनी थी। मैंने पिछले कुछ समय से इस बारे में सोचना शुरू किया और अब मुझे लगता है मुझे लोगों के दिमाग से यह शब्द मिटाने के लिए जनसंपर्क का सहारा लेने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मैदान पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के अलावा अश्विन को आधुनिक खेल का सबसे अच्छा ज्ञान रखने वाले लोगों में शुमार किया जाता है। वह अपना यूट्यूब चैनल भी चलाते हैं। प्रत्एक व्यक्ति की यात्रा विशेष और अनूठी होती है। इस यात्रा में किसी को ज्यादा सोचने की जरूरत पड़ती है तो किसी को नहीं। जब भी कोई कहता है कि मैं बहुत ज्यादा सोचता हूं तो मैंने हमेशा अपने बारे में यही सोचा है कि मैं इसी तरह से क्रिकेट खेलता हूं और उस तरह से नहीं खेलता हूं जैसे मैं अन्य को सलाह देता हूं।

## स्टोक्स ने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान नही देने पर आईसीसी पर निशाना साधा

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने खेल के लंबे प्रारूप के कार्यक्रम पर पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर निशाना साधते हुए कहा कि दुनिया भर में घरेलू टी20 लीग की बढ़ती लोकप्रियता खेल के सबसे लंबे प्रारूप के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। पाकिस्तान दौरे पर हाल ही में टीम को 3-0 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्टोक्स ने कहा, कार्यक्रम पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता जितना देना चाहिए। टी-20 विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला इसका उदाहरण है। तीन मैचों की श्रृंखला का आयोजन क्या समझदारी भरा था जबकि इस श्रृंखला की कोई अहमियत नहीं थी। स्टोक्स ने कहा, मौजूदा दौर में टेस्ट क्रिकेट को लेकर जिस तरह की बात हो रही है वह मुझे पसंद नहीं है। क्रिकेट के प्रशंसक टेस्ट की जगह नए प्रारूप और फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता को तरजीह दे रहे हैं।

## टीम को भारत भेजने का फैसला सरकार के स्तर पर लिया जाएगा: नजम सेठी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नए अध्यक्ष नजम सेठी ने सोमवार को यहां कहा कि अगले साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम भेजने का फैसला सरकार के स्तर पर लिया जाएगा। सेठी के पूर्ववर्ती रमीज राजा ने धमकी दी थी कि अगर भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं आया तो उनका देश विश्व कप से हटने पर विचार करेगा, सेठी से जब इस धमकी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अगर सरकार कहती है कि भारत मत जाओ तो हम नहीं जाएंगे। सेठी ने कराची में संवाददाता सम्मेलन में कहा, जहां तक पाकिस्तान और भारत के क्रिकेट संबंधों का सवाल है तो यह साफ है कि इस पर निर्णय हमेशा सरकार के स्तर पर लिया जाता है। इस तरह के फैसले सरकार के स्तर पर ही लिए जाते है और पीसीबी केवल स्पष्टता की मांग कर सकता है। सेठी ने कहा कि वह पाकिस्तान की मेजबानी में प्रस्तावित आगामी एशिया कप के मुद्दे पर एशियाई क्रिकेट परिषद के संपर्क में रहेंगे। मैं देखूंगा कि स्थिति क्या है और फिर हम आगे बढ़ेंगे। हम जो भी निर्णय लेते हैं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अलग-थलग नहीं पड़े। अगर राजा ने कमेंट्री बॉक्स में लौटने का फैसला किया तो उन्हें या पीसीबी को कोई आपत्ति नहीं होगी। मेरे मन में रमीज के लिए बहुत सम्मान है और कमेंट्री बॉक्स में उनकी वापसी का हम कभी विरोध नहीं करेंगे। सेठी ने राजा को पीसीबी अध्यक्ष के पद से हटाने के वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के फैसले का भी बचाव किया।

## भारी-भरकम राशि के अनुबंध से मैं या मेरा क्रिकेट नहीं बदलेगा: कैमरन ग्रीन

**मेलबर्न।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा है कि उन्होने इतना अधिक कुछ नही किया था कि उन्हे इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी मे इतनी भारी भरकम राशि मिली। मुंबई इंडियन्स ने 23 साल के ग्रीन को 17 करोड़ 50 लाख रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। इस तेज गेंदबाज ने सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां बॉक्सिंग डे टेस्ट मे करियर मे पहली बार पांच विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी मे मेहमान टीम को 189 रन पर ढेर कर दिया। ग्रीन ने कहा कि इस भार-भरकम अनुबंध से उनमे या उनके क्रिकेट खेलने के तरीके मे बदलाव नही आएगा।

## ओडिशा को हराकर ब्लास्टर्स तीसरे स्थान पर पहुंचा

**कोच्चि।** केरल ब्लास्टर्स एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल मैच मे सोमवार को ओडिशा एफसी को।-0 से हराकर मौजूदा सत्र मे लगातार सातवे मैच मे अपराजिता रहा। सोरिशम संदीप सिंह ने बॉक्सिंग डे मुकाबले मे मैच का इकलौता गोल 86वे मिनट मे किया। बाएं छोर से स्थानापन्न खिलाड़ी ब्रायस मिरांडा ने बॉक्स के अंदर अच्छा क्रॉस डाला, जिसे ओडिशा के गोलकीपर अमरिंदर सिंह सही ढंग से पंच नही कर सके और गेंद टिप्पा खाकर बाहर निकल रही थी तभी वहां मौजूद संदीप ने हैडर करके गोल कर डाला। इस जीत के बाद केरल ब्लास्टर्स की टीम अंक तालिका मे पांचवे से तीसरे स्थान पर आ गई है।

## टीम के खिलाफ गोल होने पर निराश नहीं हों, अगले स्तर पर जाओ: रीड

**बेंगलुरू।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने अपने खिलाड़ियों को भावनाओ मे बहने के प्रति चेताया है और सलाह दी है कि अगर अगले महीने एफआईएच विश्व कप के दौरान उनके खिलाफ गोल होता है तो वे अपने खेल को अगले स्तर पर लेकर जाएं। रीड का मानना है कि अगर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट मे खेलना है तो सकारात्मक मानसिकता जरूरी है। भारत विश्व कप मे अपने अभियान की शुरूआत टूर्नामेंट के पहले दिन 13 जनवरी को राउरकेला मे स्पेन के खिलाफ करेगा।

## सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर पुरस्कार को मिला शेन वार्न का नाम

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया मे पुरुष क्रिकेटरो को मिलने वाले वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार का नाम दिग्गज लेग स्पिनर शेन वार्न के नाम पर रखा गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को यह घोषणा की। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारो के पुरुष वर्ग मे शेन वार्न वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार हर साल दिया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉक्ले और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन के सीईओ टॉड ग्रीनबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दौरान यह घोषणा की।

# शीर्ष तेज गेंदबाजों के बाहर होने से दिल्ली मुश्किल में, राणा को टीम से बाहर किया

## ● रणजी ट्रॉफी : तमिलनाडु के खिलाफ मैच आज से

**भाषा।** नई दिल्ली

**शीर्ष पांच तेज** गेंदबाजों के चोटिल होने और इंडियन प्रीमियर लीग के स्टार बल्लेबाज नितीश राणा को बाहर किए जाने के बाद दिल्ली की टीम मंगलवार को यहां तमिलनाडु की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में कमजोर टीम के रूप में शुरुआत करेगी। तमिलनाडु अपनी मजबूत टीम के साथ उतर रहा है। एन जगदीशन और साई सुदर्शन की सलामी जोड़ी काफी अच्छी फॉर्म में है जबकि बाबा अपराजित, कप्तान बाबा इंद्रजीत के अलावा ऑलराउंडर विजय शंकर और वाशिंगटन सुंदर टीम के बल्लेबाजी क्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। तमिलनाडु के लिए सबसे बड़ी परेशानी संभवत: दिल्ली की कड़कड़ाती सर्दी से सामंजस्य बैठाना होगी। पहले मैच में महाराष्ट्र के खिलाफ नौ विकेट की हार और फिर दूसरे मैच में असम के खिलाफ पहली पारी में 400 रन से अधिक बनाने के बावजूद बढ़त गंवाकर दिल्ली की टीम मुश्किल में है। टीम के पहली पसंद के सभी तेज गेंदबाज चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। मयंक यादव के पैर की मांसपेशियों में खिंचाव है जबकि अनुभवी इशांत शर्मा की मांसपेशियों में भी खिंचाव (साइड स्ट्रेन) है। पेट की मांसपेशियों में जकड़न के बाद नवदीप सैनी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। टीम के सबसे विश्वसनीय तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह भी एड़ी में चोट के कारण तेज गेंदबाजी के अनुकूल हालात में नहीं खेल पाएंगे जबकि पिछले सत्र में टीम के कप्तान प्रदीप सांगवान भी नहीं खेल पाएंगे। छठे तेज गेंदबाज हर्षित राणा काफी युवा हैं और संभावना है कि मंगलवार को दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव के अलावा युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और दिविज मेहरा शामिल होंगे। दिल्ली के कोच अभय शर्मा ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, हमारे पास हमारे मुख्य तेज गेंदबाज नहीं हैं और निश्चित तौर पर यह एक समस्या है। लेकिन हम सत्रों को नियंत्रित करने का प्रयास करेंगे।



सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले रणजी मैच से पहले अभ्यास करती मुंबई की टीम

## लवलीना, निकहत ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी में स्वर्ण जीता, टीम ट्रॉफी रेलवे के नाम

भोपाल। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने सोमवार को यहां एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए जबकि रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने 10 पदकों के साथ टीम ट्रॉफी जीती। असम की लवलीना ने सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) की अरुंधति चौधरी को 75 किग्रा फाइनल में 5-0 से हराया, जबकि निकहत को 50 किग्रा में आरएसपीबी की अनामिका से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने हालांकि 4-। के फैसले के साथ अपने खिताब का बचाव किया। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन आरएसपीबी के दबदबे का नेतृत्व किया। उन्होंने 48 किग्रा फाइनल में तमिलनाडु की एस कलाइवानी को 5-0 से शिकस्त दी। शिक्षा (54 किग्रा), पूनम (60 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा) और नूपुर (81 किग्रा से अधिक) आरएसपीबी के अन्य स्वर्ण पदक विजेता बने। आरएसपीबी ने तीन रजत और दो कांस्य पदक भी जीते। चैम्पियनशिप का रजत पदक मध्यप्रदेश (एक स्वर्ण, दो रजत और

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 189 रन पर समेटा

## ● दूसरा टेस्ट

**भाषा।** मेलबर्न

**कैमरन ग्रीन ने** अपने टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट लिए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन ही सोमवार को यहां पहली पारी में 189 रन पर समेट दिया। तेज गेंदबाज ग्रीन ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए। यह टेस्ट क्रिकेट में पहला अवसर है जबकि उन्होंने पारी में पांच विकेट हासिल किए।

दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी पांच विकेट 10 रन के अंदर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 45 रन बनाए हैं। स्टंप उखड़ने के समय डेविड वॉर्नर 32 और मार्नस लाबुशेन पांच रन पर खेल रहे थे। कैगिसो रबाडा ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (एक) को विकेट के पीछे कैच कराकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई थी। ऑस्ट्रेलिया अभी दक्षिण अफ्रीका से 144 रन पीछे है। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए गए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 67 रन था जिसके बाद काइल वेरीने (52) और मार्को जानसेन (59) ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की हरी पिच पर दक्षिण अफ्रीका ने सतर्क शुरुआत की। सरेल एरवी (18) और थ्यूनिस डी ब्रुइन (12) का विकेट गंवाने के बाद उसका स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। लेकिन इसके बाद टीम ने एक ही स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। कप्तान डीन एल्गर (26) लंच से एक ओवर पहले जोखिम भरा रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गए। मिशेल स्टार्क ने अगली गेंद पर तेंबा बावुमा (एक) को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना पहला विकेट लिया और फिर लंच के बाद खाया जोंडो (पांच) को लाबुशेन के हाथों कैच कराया जिन्होंने इससे पहले एल्गर को सीधे थ्रो पर रन आउट किया था। इस तरह से दक्षिण अफ्रीका ने 11 रन के अंदर चार विकेट गंवाए। एक साल पहले मेलबर्न पर ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले स्कॉट बोलैंड ने एरवी को पहली स्लिप में कैच कराकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया।

### कैमरन ग्रीन का 5 विकेट



# बाबर की शतकीय पारी से पाक मजबूत स्थिति में

## ● न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट



**भाषा।** कराची

**कप्तान** बाबर आजम की नाबाद शतकीय पारी और टेस्ट टीम में वापसी कर रहे सरफराज अहमद (86) के साथ उनकी पांचवें विकेट लिए 196 रन की साझेदारी के दम पर पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खराब शुरुआत से उबरते हुए सोमवार को स्टंप्स तक पांच विकेट पर 317 रन बनाए। स्टंप्स के समय बाबर 161 जबकि आगा सलमान तीन रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। बाबर ने अब तक 277 गेंद की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया है। उन्होंने 53वें ओवर की पहली गेंद पर माइकल ब्रेसवेल के खिलाफ छक्का जड़कर टेस्ट करियर का नौवां शतक पूरा किया। पाकिस्तान दौरे पर 20 साल के बाद टेस्ट श्रृंखला के लिए आई न्यूजीलैंड की टीम ने इससे पहले दिन के शुरुआती घंटे में 48 रन पर तीन विकेट चटकाकर अपना दबदबा बनाया। बाबर ने इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट श्रृंखला में चार अर्धशतक लगाने वाले सऊद शकील (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई। नियमित विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को विश्राम दिए जाने के कारण टीम में शामिल हुए पूर्व कप्तान सरफराज ने स्पिनरों के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी कर बाबर का पूरा साथ दिया। 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे सरफराज ने 153 गेंद की पारी में नौ चौके जड़े। वह दिन के 86वें ओवर में एजाज पटेल की गेंद पर स्लिप में कैच देकर आउट हुए। दिन के शुरुआती सत्र में बाबर को दो जीवनदान मिले। जब वह 12 रन पर थे तब डेरिल मिशेल ने स्लिप में उनका आसान कैच टपकाया। इसके बाद ईश सोढ़ी के पहले ओवर

# भारतीय महिला टीम ने बिखेरी चमक

### वर्ष 2022 में हॉकी



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय हॉकी** के लिए वर्ष 2022 का साल भी अच्छा रहा लेकिन महिला टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक के रूप में 16 साल बाद पदक हासिल करके पुरुष टीम की तुलना में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने पदक हासिल किए। भारतीय पुरुष टीम ने जहां रजत पदक जीता वहीं महिला टीम 16 साल बाद पोडियम पर पहुंचने में सफल रही। भारतीय महिला टीम ने मैनचेस्टर राष्ट्रमंडल खेल 2002 में स्वर्ण पदक और इसके चार साल बाद मेलबर्न में रजत पदक जीता था। भारतीय महिला टीम ने गोल्ड कोस्ट 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन न्यूजीलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 2-। से हराकर पदक हासिल किया। साल के आखिर में महिला टीम ने वैलेंसिया में एफआईएच नेशंस कप जीतकर साबित किया कि राष्ट्रमंडल खेलों का पदक महज संयोग नहीं था। महिला टीम नेशंस कप में अजेय रही तथा खिताब जीतकर उसने प्रो लीग में भी जगह बनाई। महिला टीम 2021-22 के सत्र में प्रो लीग में तीसरे स्थान पर रही थी लेकिन वह 2022-23 के सत्र में इस में जगह नहीं बना पाई थी। महिला टीम ने एशिया कप में तीसरे स्थान पर रहकर वर्ष की शानदार शुरुआत की थी। उसने कांस्य पदक के मैच में चीन को 2-0 से हराया था। भारतीय जूनियर टीम हालांकि अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए जूनियर विश्वकप के कांस्य पदक मैच में इंग्लैंड से 0-2 से हार गई थी। विश्व कप में महिला टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा था और वह नौवां स्थान ही हासिल कर पाई लेकिन इसके एक महीने बाद उसने बर्मिंघम में पदक जीतकर अच्छी वापसी की थी। भारतीय पुरुष टीम को भी 2022 में सफलता मिली। इनमें राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतना भी शामिल है लेकिन उसे तक फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-7 से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय पुरुष टीम ने जकार्ता में एशिया कप में तीसरे स्थान पर रहकर साल की शुरुआत की थी। इसके बाद उसने लुसाने में पहले फाइव ए साइड टूर्नामेंट को जीता। इस बीच भारत की अंडर 21 टीम ने सुल्तान जोहोर कप में ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता। भारतीय टीम ने प्रो लीग में तीन मैच खेले जिसमें से उसने न्यूजीलैंड को दो मैचों में हराया लेकिन स्पेन से उसे हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष के आखिर में भारतीय टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया जिसमें उसे।-4 से हार मिली। भारतीय टीम का लक्ष्य अब 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले विश्वकप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वर्ष 2022 में हॉकी इंडिया में भी बदलाव देखने को मिला तथा पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की इसके अध्यक्ष जबकि हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह सचिव बने।

# हंपी दूसरे पायदान पर

## एरिगैसी संयुक्त रूप से शीर्ष

**भाषा।** अलमाटी (कजाखस्तान)

**भारत की स्टार** खिलाड़ी कोनेरू हम्पी चार दौर में तीन मुकाबले जीतकर सोमवार से यहां शुरू हुई फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में चार अन्य के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। ओपन वर्ग में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी पांच दौर में 4.5 अंकों के साथ दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन और व्लादिमीर फेडोसेव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। एरिगैसी पांचवें दौर में नार्वे के कार्लसन को बराबरी पर रोकने में सफल रहे। पूर्व विश्व रैपिड चैम्पियन 35 साल की हंपी ने पहले, दूसरे और चौथे दौर में क्रमश: एनखतुल अलतान-उलजी (मंगोलिया), मरियम मकर्च्यान (अर्मेनिया) और सिंगापुर की गोंग कियान्युन पर जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने तीसरे दौर में कजाकिस्तान की मेरुअर्ट कमलिडेनोवा के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेला। जिससे चार दौर के बाद उनके नाम 3.5 अंक है। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में डी हरिका (छठी वरीयता प्राप्त) और बी सविता श्री चार दौर में 2.5 अंक के साथ क्रमश: 32वें और 33वें स्थान पर हैं। तानिया सचदेव और पद्मिनी 2 अंकों के साथ 43वें और 59वें स्थान पर हैं। ओपन वर्ग में एरिगैसी (38वीं वरीयता) ने अपने पहले चार गेम जीते, जबकि हमवतन निहाल सरीन ने यांगई यू (चीन) के खिलाफ अपना पांचवें दौर के मैच को ड्रॉ खेला। निहाल के नाम पांच दौर के बाद चार अंक है। एरिगैसी और कार्लसन दोनों लगातार चार जीत के साथ अपने पांचवें दौर के मुकाबले में पहुंचे थे। उन्होंने 44 चाल के बाद मुकाबला बराबरी पर खत्म करने का फैसला किया। एरिगैसी ने इस दौरान नदेरिम सारासी, हमवतन रौनक साधवानी, वहाप सनल और रिचर्ड रैपर्ट के खिलाफ जीत दर्ज की। विदित संतोष गुजराती (22वीं वरीयता प्राप्त) तीन अंक के साथ 16वें स्थान पर हैं जबकि सरीन सातवें स्थान पर हैं। ओपन स्पर्धा में कुल 15 भारतीय मैदान में हैं जबकि महिला वर्ग में भारत की पांच खिलाड़ी चुनौती पेश कर रही है।

